

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com जबलपुर, रविवार 9 मार्च 2025


पीएम मोदी ने लिखा-इन महिलाओं की सफलता हमें नारी शक्ति की असीम क्षमता की याद दिलाती है। महिला दिवस पर और हर दिन, हम उनके योगदान का जश्न मनाते हैं

## जिन्होंने मेहनत, संघर्ष और लगन से पहचान बनाई, प्रेरणास्त्रोत बनीं उन्हीं छह महिलाओं ने पीएम का संभाला सोशल मीडिया अकाउंट्स

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक अनूठी पहल करते हुए छह प्रेरणादायक महिलाओं को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स की कमान सौंपी। इन छह महिलाओं ने अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी मेहनत, संघर्ष और लगन से एक नई पहचान बनाई है, जो आज लाखों लोगों के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं।

**1 वैज्ञानिक एलिना मिश्रा**

परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में अपने क्रांतिकारी शोध के लिए पहचान



**2 वैज्ञानिक शिल्पी सोनी**

▸▸ अंतरिक्ष अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान
▸▸ शोध और विज्ञान में महिलाओं की ताकत बढ़ाई



**3 सीईओ अजयता शाह**

फ्रंटियर मार्केट्स की सीईओ अजयता शाह ने 35,000 से अधिक डिजिटल में सक्षम महिलाओं को प्रशिक्षण देकर ग्रामीण भारत में एक नई लहर शुरू की



**4 शतरंज खिलाड़ी वैशाली रमेशबाबू**

महज छह साल की उम्र में इस खेल को अपनाया और कड़ी मेहनत से 2023 में ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल किया। वैशाली ने कहा महिलाएं काफी प्रतिभावान



**5 'मशरूम लेडी' अनीता देवी**

बिहार की अनीता देवी ने 2016 में माधोपुर फार्मर्स प्रोड्यूसर्स कंपनी की स्थापना की और मशरूम की खेती के जरिए सैकड़ों महिलाओं को रोजगार से जोड़ा



**6 डॉक्टर अंजली अग्रवाल**

दिव्यांग व्यक्तियों के लिए बाधा रहित सुविधाओं की वकालत करते हुए स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण काम किया





सुरक्षा की जिम्मेदारी बिट्टू शर्मा के पास थी

## महिलाओं ने संभाली मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सुरक्षा में चारों तरफ महिलाएं तैनात थी। यहां तक कि उनके कारकेट में भी सभी महिलाएं थीं। मुख्यमंत्री की सुरक्षा की जिम्मेदारी सुश्री बिट्टू शर्मा के पास थी, वहीं मुख्यमंत्री का वाहन इंस्पेक्टर सुश्री इरशाद अली चला रही थीं। कारकेड के वाहनों की जिम्मेदारी सुश्री सपना सहित अन्य महिला चालकों पर थी। ओएसडी का दायित्व अंडर सेक्रेटरी सुश्री श्रीलेखा क्षोत्रिय निभा रही थीं और प्रेस अधिकारी की जिम्मेदारी श्रीमती बिंदु सुनील और श्रीमती सोनिया परिहार को दी गई थी।

**डॉ.यादव ने कहा**

**भारत की संस्कृति मां और बहन प्रधान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि भारत की संस्कृति मां और बहन प्रधान है, इसी का प्रभाव है कि हमारे देश का नाम भारत माता से जोड़कर लिया जाता है। महिलाओं और बहनों की जिंदगी को बेहतर बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं का संचालन कर रही है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'बड़ा ऐलान' किया

# देश में पहली बार मप्र में धर्मांतरण के बाद दुराचार पर 'फांसी की सजा' का प्रावधान





सशक्त नारी से ही प्रदेश और देश बन रहा सशक्त और समृद्ध

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे

एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों को 1552.73 करोड़ राशि की अंतरित

26 लाख बहनों को सिलेंडर रीफिलिंग की 55.95 करोड़ की राशि अंतरित



**लाड़ली बहना योजना और गैस सिलेंडर रीफिल योजना का पैसा अंतरित किया**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार भोपाल में आयोजित लाड़ली बहना राशि अंतरण कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के जरिए 1.27 करोड़ से अधिक बहनों के खातों में 1552.73 करोड़ की राशि एवं 450 में गैस सिलेंडर रीफिल योजना की 26 लाख से अधिक पात्र हितग्राही बहनों को 55.95 करोड़ की अनुदान राशि अंतरित कर शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार बहनों की जिंदगी बेहतर करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। पिछले एक वर्ष जनवरी 2024 से फरवरी 2025 तक लाड़ली बहनों के खाते में 22 हजार 227.89 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई है।*

### महिला बाल विकास विभाग के राज्य-स्तरीय पुरस्कार वितरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़ा ऐलान किया। देश में पहली बार किसी राज्य में धर्मांतरण कराकर दुराचार करने पर फांसी की सजा का प्रावधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जबरन धर्मांतरण कराकर दुराचार करने वालों को बर्दाश्त नहीं करेगी। ऐसे अपराधी को फांसी की सजा दी जाएगी। मासूम बेटियों के साथ दुराचार करने वालों के प्रति सरकार बहुत ही कठोर है।

ग्रामीण कौशल योजना में एक हजार युवतियों को नियुक्ति पत्र किए प्रदान

### सरकार का हर कदम बहनों के साथ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने शासकीय महिला कर्मचारियों को सात दिन का अतिरिक्त आकस्मिक अवकाश और संविदा कर्मचारी बहनों को 180 दिवस का प्रसूति अवकाश देने की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का हर कदम पर बहनों के साथ है, वे आगे बढ़ें, उन्हें हर संभव सहायता करेंगे। सरकार ने संकल्प लिया है कि समाज के अंदर कुरीतियों को और गलत बातों को बढ़ावा देने वालों से कठोरता से पेश आएंगे।

**◆ देश का संचालन महिलाओं के हाथों में होगा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले लोकसभा चुनाव के बाद संसद में महिलाओं को मिले 33 प्रतिशत आरक्षण की शक्ति परिलक्षित होगी और देश का संचालन महिलाओं के हाथों में होगा। नारी सशक्तिकरण के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण 33 प्रतिशत से बढ़ाकर अब प्रदेश में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। महिलाओं को संपत्ति के रजिस्ट्रेशन में भी एक प्रतिशत की छूट दी गई है। प्रदेश में 44 फीसदी स्टार्ट-अप महिलाओं की ओर से संचालित किए जा रहे हैं।

**एयर इंडिया ने 82 साल की महिला को व्हीलचेयर नहीं दी**

## एयरपोर्ट परिसर में गिरीं, होंठ से खून बहा, सिर नाक पर भी चोट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली


दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशन एयरपोर्ट पर 82 साल की महिला को एयर इंडिया ने व्हीलचेयर देने से मना कर दिया। वह इसके लिए एक घंटे तक इंतजार करती रहीं। फिर काफी दूर तक चलना पड़ा। बाद में एयरलाइन काउंटर के पास वह गिर गईं। गिरने से महिला के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं, लेकिन वहां मौजूद किसी भी स्टाफ ने मदद नहीं की। वे दो दिन से बेंगलुरु के अस्पताल में आईसीयू में भर्ती हैं। महिला की पोती पारुल कंवर ने 7 मार्च को एक्स पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि 4 मार्च को वे अपनी दादी के साथ दिल्ली से बेंगलुरु जा रही थी। उन्होंने टिकट बुकिंग के दौरान ही दादी के लिए एयरक्राफ्ट डोर तक व्हीलचेयर की डिमांड की थी। टिकट पर व्हीलचेयर की पुष्टि भी थी। लेकिन टर्मिनल-3 पर 1 घंटे के इंतजार के बाद भी व्हीलचेयर नहीं दी गई। परिवार ने डीजीसीए और एयर इंडिया में शिकायत दर्ज की है और अब कार्रवाई का इंतजार कर रहा है।

■ दो दिन से बेंगलुरु के अस्पताल के आईसीयू में भर्ती



**एयर इंडिया बोला पैसेंजर्स का दावा गलत**

एयर इंडिया ने शनिवार को कहा- परिवार के सदस्यों ने प्रस्थान के निर्धारित समय से 90 मिनट से भी कम समय पहले पर्सन्स विद रिड्यूस्ड मोबिलिटी डेस्क पर व्हीलचेयर के लिए अनुरोध किया था। उस समय पीक डिमांड की वजह से व्हीलचेयर को 15 मिनट के भीतर उपलब्ध नहीं कराया जा सका। पैसेंजर्स का एक घंटे इंतजार करने का दावा गलत है।





**सीहोर के नट बोल्ट कारखाने में भीषण आग**

## कई किमी दूर से ही दिखीं लपटें कर्मचारी भागे, 6 दमकलें पहुंची



***आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया***

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीहोर

भोपाल-इंदौर हाइवे पर स्थित सीहोर के ग्राम खोखरी में दीपक फास्टनर अंब्रेको कंपनी में शनिवार दोपहर भीषण आग लग गई। दोपहर करीब 1:15 बजे कारखाने में अचानक आग लगी। आग इतनी भयानक थी कि इसकी लपटें और काला धुआं कई किलोमीटर दूर ग्राम भाऊखेड़ी तक दिखाई दे रहा था। आग लगते ही कारखाने में अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारी अपनी जान बचाने के लिए बाहर की तरफ भागे। घटना की सूचना मिलते ही सीहोर से तीन दमकल वाहन मौके पर भेजे गए। इसके अलावा कोठरी, आष्टा और इछावर से भी दमकल वाहनों को भेजा गया। नट-बोल्ट बनाने वाली इस फैक्ट्री में आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। बताया जाता है कि स्क्रेप यार्ड में जला हुआ ऑइल के ड्रम भी रखे हुए थे।

### दिल्ली की महिलाओं को मिलेंगे 2500 रुपए

**नई दिल्ली।** दिल्ली की महिलाओं को बड़ी खुशखबरी मिली है। दरअसल दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपए दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बता दें कि महिला दिवस पर यह घोषणा की गई है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा के चुनावी वादों में से एक दिल्ली महिला समृद्धि योजना का शनिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा शुभारंभ किया। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की दिल्ली की महिलाओं को 2,500 रुपए मासिक भत्ता मिलेगा। 8 मार्च को योजना के शुभारंभ के साथ ही आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

### एनटीपीसी के डीजीएम की गोली मारकर हत्या

**हजारीबाग।** जिले में शनिवार सुबह गोलीबारी की घटना सामने आई है। यहां बदमाशों ने एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव को निशाना बनाते हुए फायरिंग की। इस फायरिंग में डीजीएम कुमार गौरव को भी गोली लग गई, जिसके बाद आनन-फानन में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं इस तरह से दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद से एनटीपीसी के कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। इसके अलावा स्थानीय लोगों में भी भय का माहौल है।



## तेज रफ्तार भारी वाहन ने मारी टक्कर सीसीटीवी देख पुलिस कर रही जांच

# सड़क हादसे में आरक्षक की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

बाकी मोगरा थाना अंतर्गत जावली मुख्य मार्ग पर देर रात सड़क दुर्घटना में एक पुलिस आरक्षक की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। जहां इस हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई और तत्काल इसकी सूचना 112 को दी गई। जहां उसे कटघोरा स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना बाकी मोगरा थाना पुलिस को दी गई। जहां घटना स्थल पर पहुंच पर घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि आरक्षक भूपेंद्र कंवर दीपका थाना में पदस्थ था। शुक्रवार को वह खाना खाने के बाद नाइट शिफ्ट में ड्यूटी करने अपने गृह ग्राम कटघोरा से दीपका थाना बाइक से जा रहा था। इस दौरान बाकी मोगरा थाना अंतर्गत जवाली मुख्य मार्ग तेज रफ्तार भारी वाहन की चपेट में आ गया। खून से लथपथ सड़क पर पड़ा रहा।

जहां राहगीरों की नजर पड़ने पर तत्काल उसे 112 के माध्यम से अस्पताल के लिए रवाना किया गया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना बाकी मोगरा थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंच घटनाक्रम की जानकारी ली गई। आगे की जांच कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि आरक्षक के सिर पर चोट आई थी। जिसके चलते उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद वाहन मौके से फरार हो गया है। जहां पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश में जुट गई है। बताया जा रहा है कि मृतक आरक्षक की शादी हो चुकी है। पत्नी और दो बच्चे का पालन पोषण कर रहा था। इस घटना के बाद परिजन जब मौके पर पहुंचे। इस दौरान उनका बुरा हाल था। इस मामले में फिलहाल बाकी मोगरा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पंचनामा कार्यवाही शुरू कर दी है। वहीं पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया है। इस घटना के बाद पुलिस परिवार में शोक की लहर है।



### रायपुर, राजनांदगांव, मुंगेली, बलौदाबाजार और दुर्ग जिलों की लड़कियां बरामद

# मानव तस्करी का बड़ा खुलासा, ऑक्रेस्ट्रा का लालच देकर चल रहा था गोरखधंधा

**रायपुर।** बिहार के रोहतास जिले में मानव तस्करी और देह व्यापार के अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस दौरान छत्तीसगढ़ की 41 नाबालिग लड़कियों को बरामद किया है। इन्हें आक्रेस्ट्रा में नौकरी का लालच देकर ले जाया गया था और 2 साल से देह व्यापार करवाया जा रहा था। पुलिस ने तीन नाबालिग लड़के और 4 दलालों को भी गिरफ्तार किया है। सभी से पूछताछ की जा रही है। मामले में कुछ सफेदपोशों की भूमिका भी संदिग्ध लग रही है। बिहार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दूसरे प्रदेशों से नाबालिग लड़कियों को बुलाकर उन्हें जबरन देह व्यापार में धकेला जा रहा है। इस टिप के आधार पर रोहतास एसपी ने कार्रवाई के लिए एक स्पेशल टीम बनाई थी। जिसका नेतृत्व एसपी ही कर रहे थे। उनके साथ 60 की संख्या में पहुंचे पुलिस बल के जवान और महिला बटालियन की और महिला बटालियन की पुलिसकर्मी छापेमारी दल में शामिल थी। रोहतास के नटवार थाना क्षेत्र में स्पेशल टीम द्वारा दबिश दी गई। बुधवार की रात शुरू हुई छापेमारी सुबह तक चली।



### ऑर्केस्ट्रा में काम के बहाने ले गए

*पुलिस जांच में पता चला कि दलाल ने छत्तीसगढ़ के रायपुर, राजनांदगांव, मुंगेली, बलौदाबाजार और दुर्ग जिलों से नाबालिग लड़कियों को 30 से 40 हजार की नौकरी और ऑर्केस्ट्रा डांस का लालच देकर बिहार ले गया था। करीब 2 साल से नाबालिग लड़कियों से देह व्यापार करवाया जा रहा था। पुलिस ने मामले में हिरासत में लिए पांच लोगों के मोबाइल जब्त किए हैं। जिनकी जांच की जा रही है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि जांच में कई सफेदपोशों के नाम बाहर आ सकते हैं, जो डांस ग्रुप चलाने वालों को फाइनेंस करते हैं।*

## खबर संक्षेप



### एसएन पांडे, मधुसूदन बने आयुर्वेद गुरु

**भोपाल।** राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ (आरएवी) के गुरु सत्र 2025-26 में मध्यप्रदेश के वैद्य एसएन पांडे और वैद्य मधुसूदन देश पांडे का आयुर्वेद गुरु के पद पर मनोनयन हुआ है। नीमा छात्र संघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया ने वैद्य एसएन पांडे और वैद्य मधुसूदन देश पांडे को आयुर्वेद गुरु बनाए जाने पर बधाई दी। डॉ. भदौरिया ने बताया कि राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ (आरएवी) आयुष मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संस्था है। इसका प्रमुख उद्देश्य आयुर्वेद के पारंपरिक ज्ञान को पुनर्जीवित करना है।

### 730 स्कूल होंगे पीएमश्री स्कूल के रूप में विकसित

**भोपाल।** प्रदेश में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों, इस उद्देश्य से प्रदेश के 730 स्कूलों को पीएमश्री स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। राज्य के 313 विकासखण्डों में 626 (प्रति विकासखण्ड 2) और नगरीय निकायों में 104 स्कूल विकसित किए जा रहे हैं। केन्द्र सरकार द्वारा पहले चरण में प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग को 219 करोड़ रुपए की योजना स्वीकृत की गई है। इन स्कूलों को ग्रीन स्कूल की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। इनमें लैब, लाईब्रेरी, व्यावसायिक शिक्षा, आईसीटी लैब तथा अटल टिकरिंग लैब आदि से साधन सम्पन्न किया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री विजन के अनुरूप होगा राजधानी भोपाल और प्रदेश का विकास

# भोपाल में बड़े आयोजनों के लिए कन्वेंशन सेंटर की थी जरूरत, मुख्यमंत्री ने किया भूमिपूजन

### केन्द्रीय बजट के प्रथम प्रकल्प के रूप में भोपाल को महत्वपूर्ण सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश की राजधानी भोपाल में बड़े आयोजनों के लिए जिस तरह के कन्वेंशन सेंटर की जरूरत थी, वह कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) के विस्तारीकरण और नए कन्वेंशन सेंटर से पूर्ण हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन सफल रहा। इस मौके पर भोपाल में एक कन्वेंशन सेंटर की जरूरत अनुभव की गई। इस तरह के सेंटर की स्थापना की घोषणा के कुछ दिन में ही केन्द्र सरकार से इसकी स्वीकृति प्राप्त हो गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार की शाम कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर के मुख्य सभाकक्ष में कन्वेंशन सेंटर परिसर में प्रस्तावित नवीन कन्वेंशन सेंटर का भूमिपूजन कर समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को 100 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस नए कन्वेंशन सेंटर के निर्माण में वर्तमान कन्वेंशन सेंटर की वास्तुकला और आकल्पन की तरह कार्य सम्पन्न किए जाने के निर्देश दिए। उच्च स्तरीय बैठकों के साथ ही व्यवसायिक आयोजनों और बड़े सम्मेलनों के लिए यह सेंटर उपयोगी सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नए केन्द्रीय बजट के पहले महत्वपूर्ण प्रकल्प के रूप में सामने आया है। शीघ्र ही इस सेंटर के विकास का कार्य शुरू हो जाएगा।

उच्च स्तरीय बैठक, बड़े सम्मेलनों के लिए उपयोगी होगा सेंटर

100 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा निर्माण



### ऐसा होगा नया कन्वेंशन सेंटर

*वर्तमान सेंटर के परिसर में आधुनिक तकनीक से नया सेंटर निर्मित और सुसज्जित किया जाएगा। नवीन संरचना में भूतल, निचला तल, प्रथम एवं द्वितीय तल निर्मित होंगे। वर्तमान कुशाभाऊ ठाकरे सभागार और प्रस्तावित भवनों के बीच सांस्कृतिक केन्द्र होगा, जिसमें कियोस्क होंगे, जो सम्मेलनों के दौरान स्थानीय हस्तशिल्प का प्रदर्शन और विक्रय करने में सहायक होंगे। कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर और प्रस्तावित नवीन कन्वेंशन सेंटर दोनों परिसरों को एक कॉरिडोर से जोड़ा जाएगा। वर्ष 2026 में बनकर तैयार होने वाला यह सेंटर निश्चित ही भोपाल के लिए यह अनूठी सौगात होगा।*

### भोपाल टाइगर कैपिटल, वन्य जीवन पर्यटन में प्रदेश की नई पहचान बनी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पर्यटन मप्र की पहचान है। हाल ही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से भोपाल की प्राकृतिक सुंदरता प्रतिभागियों के मध्य चर्चा का विषय रही। वन्य जीवन पर्यटन में प्रदेश की नई पहचान बन रही है। देश में सर्वाधिक टाइगर मप्र में है। प्रदेश में माधव राष्ट्रीय उद्यान 9वां टाइगर रिजर्व घोषित हुआ है। मानव और वन्य प्राणी के सह-जीवन का अनूठा उदाहरण राजधानी में देखने को मिलता है, जहां रातापानी अभयारण्य के झिरी-द्वार की दूरी शहर से सिर्फ 4-5 किमी दूर है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने कहा कि इस कन्वेंशन सेंटर के भूमिपूजन से मुख्यमंत्री की 25 फरवरी की घोषणा का 10 दिन के अंदर क्रियान्वयन प्रारंभ हो गया है।

### भोपाल की सुंदरता शहर की पहचान बनीः सांसद शर्मा



वरिष्ठ सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल में इस तरह के सुविधाजनक कन्वेंशन सेंटर के निर्माण की जरूरी बताई थी। वर्तमान कन्वेंशन सेंटर की क्षमता कम होने से कई आयोजनों में जो कठिनाई हो रही थी, वह नए सेंटर के निर्माण के बाद खत्म हो जाएगी। भोपाल की सुंदरता शहर की पहचान बनी है। कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने वीडियो संदेश में भोपाल को मिली इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए बधाई दी।

### 1500 व्यक्तियों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम

नवीन सेंटर में करीब 1500 व्यक्तियों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम, 300 व्यक्ति के लिए हॉल, 200 व्यक्तियों के लिए मीटिंग हॉल, भोजन के लिए 2000 व्यक्तियों की क्षमता वाला डाइनिंग हॉल एवं डाइनिंग सुविधा युक्त 2000 व्यक्तियों की क्षमता वाला लॉन, वर्तमान एवं नवीन भवन मिलाकर 3000 व्यक्तियों की क्षमता वाला कन्वेंशन हॉल, जिसमें 4500 व्यक्तियों के भोजन करने की क्षमता, अतिथियों के लिए सर्वसुविधायुक्त 15 कमरे जिनमें 5 सुइटस एवं 10 अतिरिक्त बड़े कुल 40 बेड क्षमता वाले कमरे, पुराने एवं नवीन भवनों के बीच बफर ओपन स्पेस (इनमें सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रदर्शनियों की सुविधा), 300 व्यक्तियों के लिए डाइनिंग रेस्टोरेंट, बिजनेस सेंटर (प्रेस लॉन्ज, ट्रैवल डेस्क, मनी चेंजर, निजी लॉउन्ज एवं टी लॉउन्ज), मॉडर्न बिल्डिंग मैनेजमेंट, फायर फाइटिंग सिस्टम और ऑडियो-वीडियो युक्त आधुनिक तकनीक एवं एकॉस्टिक इंटीरियर्स के साथ ही 2000 व्यक्तियों की क्षमता का बैंक्वेट हॉल भी बनेगा।

### 29 करोड़ वर्ष पुराने हैं समुद्री जीवाश्म



# पर्यटन केन्द्र के रूप में उभर रहा गोंडवाना मरीन फॉसिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

मनेंद्रगढ़ वनमंडल में स्थित गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रहा है। यहाँ 29 करोड़ वर्ष पुराने समुद्री जीवाश्म मिले है। देश में ऐसे सिर्फ चार और जगह समुद्री जीवाश्म मिले है। पर मनेंद्रगढ़ का मरीन फॉसिल पार्क इसलिए महत्वपूर्ण है क्योकि यह एशिया महाद्वीप का सबसे बड़ा समुद्री जीवाश्म पार्क है।

यह जीवाश्म हसदेव नदी के किनारे लगभग 1 किमी क्षेत्र में फैला हुआ है। इसे राष्ट्रीय भूवैज्ञानिक स्मारक का दर्जा भी प्राप्त है। इसकी खोज 1954 में भूवैज्ञानिक एसके घोष ने कोयला खनन के दौरान की थी। यहां से द्विपटली (बायवेल्व) जीव, गैस्ट्रोपॉड, ब्रैकियोपॉड, क्रिनॉइड और ब्रायोजोआ जैसे प्राचीन समुद्री जीवों के जीवाश्म मिले हैं। इसके चलते यह देशभर के शोधार्थी और पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

इसकी पुष्टि 2015 में बीरबल साहनी इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैलेंटोलॉजी, लखनऊ के द्वारा भी की गई है।वैज्ञानिकों के अनुसार, यह क्षेत्र पर्मियन युग के समय समुद्र में डूबा हुआ था, ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्र का जलस्तर बढ़ा, जिससे समुद्री जीव चट्टानों में दब गए और लाखों वर्षों में जीवाश्म के रूप में बदल गए, जो बाद में जलस्तर घटने से उभरकर उपर आ गए।यह पार्क गोंडवाना महाद्वीप के भूगर्भीय इतिहास को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है। तब से वनविभाग इस क्षेत्र को संरक्षित करते आ रहा है। वर्तमान में वनविभाग इस क्षेत्र को गुजरात और झारखंड के डायनासोर फॉसिल पार्क के तर्ज पे एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर रहा है।हसदेव नदी के किनारे प्राकृतिक हार्ड ग्रेनाइट रॉक्स को काट के प्राचीन जीवजंतुओ की कला कृतियाँ बनायी जा रही है जो लोगो को आकर्षित कर रही है। बड़े पत्थरों को तराश के ज़मीन, पानी और एम्फीबियन के अब तक 30 प्राचीन जानवरों की मूर्तियाँ बनायी जा चुकी है।इसको देख के पर्यटक समझ सकेंगे की पृथ्वी में पहले किस तरह के विशालकाय जानवर हुआ करते थे जहाँ इंसान का रह पाना संभव नहीं था।

**मनेंद्रगढ़ का मरीन फॉसिल पार्क इसलिए महत्वपूर्ण है क्योकि यह एशिया महाद्वीप का सबसे बड़ा समुद्री जीवाश्म पार्क है**

### सांसद ने जन औषधि केंद्र का किया उद्घाटन




# आंबेडकर जयंती पर प्रदेश के ट्राइबल इलाकों में खुलेंगे जन औषधि केंद्रः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में 450 जन औषधि केंद्र हैं और 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर ट्राइबल ब्लॉक में और 89 जन औषधि केंद्र खोलने का काम सरकार करेगी। लोग ज्यादा से ज्यादा जेनेरिक दवाइयों का उपयोग करें और लोगों में जागरूकता आए। इसके लिए प्रदेश के सांसद, विधायक और पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता डॉक्टरों से मिलकर जेनेरिक दवाइयां लिखने का आग्रह करेंगे।

यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने शुक्रवार को जन औषधि दिवस पर रेडक्रॉस अस्पताल में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते हुए कही। शर्मा ने कहा कि 2014 में जबसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की कमान संभाली है, तब से उन्होंने गरीबों के जीवन को बदलने का काम किया है।

### आज देश भर में 15 हजार जन औषधि केंद्र

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि आज देश भर में 15 हजार जन औषधि केंद्र पर 30 से 80 प्रतिशत तक सस्ती दवाईयां मिल रही हैं। आज 5 हजार की दवाइयां जन औषधि केंद्र पर मात्र 500 रुपए में उपलब्ध हो जाती है।*

### अबू आजमी जैसों को देश में रहने का हक नहीं

*शर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि यह राम का देश है, भगवान कृष्ण का देश है, महाराणा प्रताप और वीर शिवाजी महाराज का देश है। अबू आजमी जैसे लोगों को इस देश की धरती पर रहने का कोई अधिकार नहीं हैं। ऐसे आततायी जिन्होंने भारत की संस्कृति से लेकर उसके मान-सम्मान पर आक्रमण किया, उन्हें देश की जनता जवाब देती रही है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी कहां हैं, वो बताएं कि क्या वो औरंगजेब को महान मानते हैं? चाहे कांग्रेस हो, सपा हो या कोई और पार्टी हो, इस देश में तुष्टिकरण की राजनीति नहीं चलेगी।*

### शासकीय दूधाधारी जरंग महिला कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# यातायात सुरक्षा, महिला उत्पीड़न विषय पर व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शासकीय दूधाधारी जरंग महिला स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय रायपुर में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह का आयोजन किया गया।

इस दौरान समाजशास्त्र विभाग और युथ रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में यातायात सुरक्षा, महिला उत्पीड़न विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.किरण गजपाल ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के विषय में प्रोत्साहित किया और बताया कि, महिला शक्ति देश की सबसे बड़ी शक्ति होती है। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित जिला अभियोजन अधिकारी,उपसंचालक अभियोजन कार्यालय- रायपुर आरती गुप्ता ने महिला उत्पीड़न विषय पर संविधान द्वारा प्रदत्त महिलाओं के अधिकार और विधि में वर्णित आई पी सी धाराओं और अनुच्छेदों का विस्तार से उल्लेख किया। साथ ही यह भी बताया कि, महिला अस्मिता के खिलाफ किसी भी प्रकार का कृत्य दंडनीय अपराध होता है जिसमें साइबर अपराध भी शामिल है और सजा का प्रावधान है।



### कांग्रेस विधायकों ने परिवहन अफसरों की संपत्ति का ब्यौरा मांगा

# विधानसभा में गूंजेगा सौरभ के भ्रष्टाचार का मुद्दा, दर्जन भर से ज्यादा लगे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आगामी विधानसभा के बजट सत्र के दौरान परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा का नाम भी सदन में गूंजेगा। इस बार कांग्रेस ने सौरभ शर्मा के जरिए सत्ताधारी दल को घेरने की रणनीति बनाई है। विधानसभा सत्र में लगे 4 हजार से ज्यादा सवालों में इस बार सौरभ शर्मा से जुड़े लगभग एक दर्जन प्रश्न लगे हैं।

इसके अलावा परिवहन विभाग में वर्तमान में पदस्थ कुछ अफसरों की संपत्ति की जानकारी भी कांग्रेस विधायकों ने मांगी है। राज्य के विपक्षी दल कांग्रेस ने इन सवालों को लेकर आक्रामक रवैया अपनाने की तैयारी भी की है। इस दौरान इस मामले की जांच कर रही प्रदेश की सरकारी एजेंसियों पर भी सवाल खड़े किए जाएंगे। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार सौरभ शर्मा के नाम पर भी सदन में जमकर हंगामा होगा। सौरभ शर्मा की करोड़ों की अवैध संपत्ति के साथ ही उसकी परिवहन विभाग में नियुक्ति, ईओडब्ल्यू में शिकायत पर कार्रवाई न होने, बेनामी संपत्ति बनाने में मदद करने वालों, उसके साथ मिलकर कालेधन को सफेद करने और सौरभ के फाइनेंसरों की भी जानकारी से जुड़े सवाल लगाए गए हैं। इस बार कांग्रेस सौरभ के जरिए सत्ताधारी दल के मंत्रियों, विधायकों और आला अफसरों को घेरना चाहती है। यही कारण है कि कांग्रेस के विधायकों ने सौरभ के अलावा परिवहन विभाग के वर्तमान अफसरों की संपत्ति की जानकारी मांगी है।

### योजना से शहरी क्षेत्र के पर्यावरण को रखा जा सकेगा प्रदूषण मुक्त

# ऑटो रिक्शा चलाने वालों की आमदनी बढ़ाने, शहर को प्रदूषण मुक्त रखने मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना लांच होगी

**पहले चरण में मिलेगा 3500 हितग्राहियों को फायदा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में ऑटो रिक्शा चलाने वाले हितग्राहियों की आमदनी बढ़ाने और शहर को प्रदूषण मुक्त रखने के मकसद से नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इस वर्ष से मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना लागू करने का निर्णय लिया है। योजना के तहत पहले चरण में 3500 हितग्राहियों को फायदा पहुंचाया जाएगा।

योजना में लाभान्वित हितग्राहियों को ऋण राशि में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से ब्याज में सब्सिडी भी दी जाएगी। प्रदेश में नगरीय निकायों में मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना का निरंतर वर्ष 2027-28 तक क्रियान्वयन किया जाएगा। नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि योजना के जरिए राज्य सरकार संकल्प-पत्र 2023 के अनुसार ऑटो एवं टैक्सी चालक कल्याण के संकल्प को पूरा करेगी।



### योजना का यह रहेगा स्वरूप

इस योजना के तहत हितग्राही को नवीन ई-रिक्शा क्रय करने के साथ पुराने डीजल एवं पेट्रोल रिक्शा को पुनः सुसज्जित (रेट्रो फिटिंग) कर ई-रिक्शा में परिवर्तित किया जाकर फायदा पहुंचाया जाएगा। चयनित हितग्राहियों को दीनदयाल जन-आजीविका मिशन-शहरी घटक में 4 लाख रुपए तक ब्याज मुक्त व्यक्तिगत ऋण प्रदान किया जाएगा। इसी के साथ हितग्राही को प्राप्त ऋण पर 8 प्रतिशत का ब्याज अनुदान केन्द्र सरकार की ओर से डीबीटी के माध्यम से खाते में प्रदान की जाएगी।

### शहरी गरीब महिलाओं को विशेष रूप में मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना के तहत शहरी गरीब महिलाओं को विशेष रूप में लाभ प्रदान कर शासन के नारी सशक्तिकरण मिशन को बल प्रदान किया जाएगा। हितग्राही चयन के लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने शर्तें निर्धारित की हैं। इसके तहत हितग्राही का नगरीय क्षेत्र में निवास करना आवश्यक रखा गया है।

### आवेदन के निराकरण के लिए टॉस्क फोर्स समिति गठित होगी

*जिले में प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्रों के निराकरण के लिये टॉस्क फोर्स समिति गठित होगी। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण समिति अध्यक्ष होंगे। अन्य सदस्यों में बैंक प्रतिनिधि और योजना प्रभारी को भी शामिल किया गया है। बैंकों की ओर से प्रकरण 30 दिवस में अनिवार्य रूप से निराकृत किया जाएगा।*

जबलपुर
रविवार, 9 मार्च 2025
- फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-10
- वर्ष : 19, अंक : 304
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 34
न्यून. 16

फॉर्मूले से किया साबित...

## हार्वर्ड के वैज्ञानिक ने भी माना भगवान मौजूद हैं



*नई दिल्ली।* भगवान को लेकर दुनिया में दो मूलतः प्रकार की सोच रखने वाले लोग हैं। एक लोग आस्तिक यानी ईश्वरवादी होते हैं तो दूसरे नास्तिक यानी अनीश्वरवादी। नास्तिक विचारों वाले लोगों का तर्क होता है कि प्रमाण के साथ बताया जाए कि भगवान का अस्तित्व है। इसी बीच ईश्वर के अस्तित्व को लेकर हावर्ड खगोल भौतिक वैज्ञानिक और एयरोस्पेस इंजीनियर डॉ. विली सून ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने दावा किया है कि एक गणितीय सूत्र भगवान के अस्तित्व का अंतिम प्रमाण हो सकता है।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी: भारत और न्यूजीलैंड आज भिड़ेंगे फाइनल में

दोपहर ढाई बजे से होगा दुबई में मुकाबला

# टीम इंडिया के सामने 12 साल बाद 'चैंपियन' बनने का मौका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत और न्यूजीलैंड 9 मार्च को दुबई में आमने-सामने होंगे। भारतीय टीम के पास 12 साल बाद चैंपियन ट्रॉफी जीतने का शानदार मौका है। टीम इंडिया ने आखिरी बार साल 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। पिछली बार पाकिस्तान ने साल 2017 में टीम इंडिया का लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने का सपना तोड़ दिया था लेकिन इस बार टीम इंडिया किसी भी सूरत में खिताब पर कब्जा जमाना चाहेगी। आईसीसी टूर्नामेंटों में भारत के लिए न्यूजीलैंड हमेशा कठिन चुनौती साबित हुआ है।



### दोनों टीमों का स्क्वाड

***न्यूजीलैंड क्रिकेट टीमः*** *विल यंग, रचिन रवींद्र, केन विलियमसन, डेरिल मिचेल, टॉम लैथम (विकेट कीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिचेल सैंटनर (कप्तान), मैट हेनरी, काइल जैमीसन, विलियम ओ' रूर्के, जैकब डफी, डेवोन कॉनवे, मार्क चैपमैन, नाथन स्मिथ*

***भारतीय क्रिकेट टीमः*** *रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रवींद्र जडेजा, वरुण चक्रवर्ती।*

शतरंज खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम की कहानी

पोलैंड में प्रतिष्ठित ग्रैंड शतरंज टूर के लिए वाइल्ड कार्ड मिला

# तीन वर्ष की उम्र में पिता को खोया, संघर्ष को गले लगाया, अब जीता 'प्राग मास्टर्स' खिताब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्राग मास्टर्स में खिताब जीतने वाले अरविंद चिदंबरम वैश्विक शतरंज में डी गुकेश और आर प्रज्ञानंद की तुलना में देर से उभरे हैं और 25 साल की उम्र में उन्होंने जिस तरह से जीवन की बाधाओं को पार किया है, उसे देखते हुए लगता है कि वह प्रगति करते रहेंगे।

मदुरई में जन्में अरविंद जब तीन वर्ष के थे, उन्होंने अपने पिता को खो दिया था और उनकी मां एलआईसी एजेंट के रूप में काम करती थीं। उन्होंने मदुरई छोड़कर चेन्नई में बसने का फैसला किया जो




भारत की अनौपचारिक शतरंज की राजधानी है। अब वर्षों के त्याग और कड़ी मेहनत का फल आखिरकार अरविंद को मिल रहा है। विश्व चैंपियन गुकेश वेल्लामल स्कूल में पढ़ते थे और अब वहीं से एक और प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मिल गया है। अरविंद आखिरकार गुकेश के सीनियर हैं। अरविंद को प्राग में जीत से पोलैंड में प्रतिष्ठित ग्रैंड शतरंज टूर के लिए वाइल्ड कार्ड मिल गया है। उन्होंने कहा- टूर्नामेंट के दौरान मुझे निमंत्रण मिल रहे हैं और ग्रैंड शतरंज टूर रैपिड और ब्लिट्ज (टूर्नामेंट) उनमें से एक है। आम तौर पर विश्व रैंकिंग में शीर्ष-20 में जगह बनाने पर शीर्ष टूर्नामेंट में कम से कम कुछ निमंत्रण की गारंटी होती है लेकिन प्राग से पहले ही अरविंद ने शारजाह मास्टर्स और बील इंटरनेशनल में अपनी भागीदारी की पुष्टि की थी जो क्रमशः मई और जुलाई में होने वाले इवेंट हैं।




### खबर संक्षेप

### एएमयू में होली मनाने छात्रों को मिली इजाजत



**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ने होली मनाने को लेकर अपने पुराने रुख से यू-टर्न लेते हुए छात्रों को 13 और 14 मार्च को विश्वविद्यालय परिसर में नॉन रेजिडेंट स्टूडेंट क्लब में होली मनाने की इजाजत दे दी है। पिछले कुछ दिनों से जारी यह विवाद लगातार बढ़ता जा रहा था। इस बीच विवि ने अपना रुख नरम कर इसकी इजाजत दे दी है।

### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, दो की मौत




**शाजापुर।** सुनेरा थाना क्षेत्र में ओरिएंटल कंपनी के गोदाम के पास प्याज से भरे लोडिंग वाहन को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में राजगढ़ जिले के छापीहेड़ा निवासी बंटी मालवीय और बद्री पाटीदार की मौत हो गई। घटना शनिवार सुबह की है। दोनों व्यक्ति छोटे लोडिंग वाहन से शाजापुर मंडी आ रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने सामने से टक्कर मार दी।

### मायके नहीं जाने दिया तो मासूम समेत फांसी



**कटनी।** बरही थाना क्षेत्र के पथरेहटा गांव में एक घर में महिला और उसकी दो साल की बेटी का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मां बेटी के शव फंदे पर मिलने से सनसनी फैल गई। बरही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर रात बरही अस्पताल पहुंचाए। ससुराल पक्ष का कहना है कि महिला मायके जाना चाहती थी और नहीं जाने देने पर उसने आत्मघाती कदम उठाया।

लखपति दीदी कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा- हमारी सरकार महिलाओं के लिए काम करती है

ग्रामीण भारत की आत्मा ग्रामीण नारी के सशक्तिकरण में बसती है

# आज भारत महिला नेतृत्व वाले 'विकास' के रास्ते पर चल पड़ा



**2014** के बाद से केंद्र सरकार में सबसे ज्यादा महिलाएं मंत्री बनी

◆ *पीएम ने कहा कि मेरे जीवन के खाते में करोड़ों माताओं बहनों, बेटियों का आशीर्वाद है और यह लगातार बढ़ रहा है और इसलिए मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं*

एजेंसी ⏭ नवसारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के नवसारी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लखपति दीदियों से बातचीत की। इस कार्यक्रम के दौरान, पीएम मोदी ने दस चयनित लखपति दीदियों से बातचीत की और उनमें से पांच को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उनके साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल भी मौजूद थे। वानसी-बोरसी में लखपति दीदी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि शास्त्रों में नारी को नारायणी कहा गया है।

हमारी सरकार महिलाओं के जीवन में सम्मान और सुविधा दोनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है



### मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति

प्रधानमंत्री ने कहा कि महिला दिवस हम सभी के लिए महिलाओं से प्रेरणा लेने, उनसे सीखने का दिन है। मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूं और धन्यवाद करता हूं। मैं गर्व से कह सकता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। मेरे जीवन के खाते में करोड़ों माताओं, बहनों, बेटियों का आशीर्वाद है और यह लगातार बढ़ रहा है और इसलिए मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं।

### आप में से भी कोई सांसद या विधायक बनेंगी

मोदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में सबसे गर्व की बात यह है कि एक सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाली हमारी राष्ट्रपति ने इस बिल पर मुहर लगाई। वह दिन दूर नहीं जब आप में से कोई सांसद या विधायक बनेगा। गांधी जी कहते थे कि देश की आत्मा ग्रामीण भारत में बसती है। आज मैं इसमें एक और पंक्ति जोड़ता हूं- ग्रामीण भारत की आत्मा ग्रामीण नारी के सशक्तिकरण में बसती है।

### विकसित भारत में नारी शक्ति बड़ी भूमिका निभाएगी

पीएम ने कहा कि यहां नवसारी के इस कार्यक्रम में हम नारी शक्ति के सामर्थ्य को देख सकते हैं। इस आयोजन की पूरी जिम्मेदारी महिलाओं ने संभाली है। इतने बड़े आयोजन की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी और अधिकारी सभी महिलाएं हैं। कांस्टेबल, एसपी, डीएसपी से लेकर वरिष्ठ अधिकारी तक, यहां सुरक्षा व्यवस्था महिलाओं द्वारा संभाली जा रही है। यह नारी शक्ति के सामर्थ्य का एक उदाहरण है। जब मैं आप सभी से मिलता हूं, तो मेरा विश्वास मजबूत होता है कि एक विकसित भारत का संकल्प पूरा होकर रहेगा और नारी शक्ति इसमें बड़ी भूमिका निभाएगी।

### महिलाएं देश के हर क्षेत्र और आयाम में परचम लहरा रही

प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे राजनीति हो या खेल का मैदान, न्यायपालिका हो या पुलिस, महिलाएं देश के हर क्षेत्र और आयाम में परचम लहरा रही हैं। 2014 के बाद से देश में महत्वपूर्ण पदों पर महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है।

*लोग मोबाइल टॉर्च की रोशनी में खेत खोद रहे*



# असीरगढ़ किले के गांव में सिक्कों की तलाश में खुदाई

'छावा' फिल्म के बाद अफवाह ने पकड़ा जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

बुरहानपुर जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूरी पर इंदौर इच्छापुर हाइवे पर खंडवा रोड़ पर ऐतिहासिक असीरगढ़ किले के लिए मशहूर असीर गांव आजकल खजाने के लिए खेतों में हो रही खुदाई के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है।



देवेंद्र पाटीदार
पुलिस अधीक्षक

चार महीने पहले यहां खेतों में सोने के सिक्के होने की अफवाह फैलने पर लोगों ने यहां खेत की खुदाई की थी। अब पिछले तीन दिन से फिर यहां खुदाई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें सैकड़ों



लोगों की भीड़ आधी रात को मोबाइल टॉर्च के उजाले में खेतों को खोद रही है। दावा है कि यहां सोने के सिक्के मिल रहे हैं। वहीं वीडियो सामने आने पर निंबोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। यहां लोग तो नहीं मिले लेकिन हर तरफ खोदे गए गड्ढे नजर आए। फिल्म छावा के बाद संभवतः यह अफवाह उड़ी। फिल्म में दिखाया है कि औरंगजेब ने किले में अपनी टकसाल बनाई थी। इसका खजाना खेतों में दबा है।

### रात 3 बजे तक करते हैं खुदाई

बुरहानपुर जिले के असीरगढ़ निवासी वसीम खान ने बताया कि हारून सेठ का खेत है। वहां सोने के सिक्के निकल रहे हैं । ग्रामीणों का कहना है शाम 7 बजे बाद से खेतों में लोग पहुंच जाते हैं। रात 3 बजे भीड़ तक खुदाई करती रहती है। इसके चले खेत मालिक भी परेशान हैं। बुरहानपुर जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार कि जांच करवाते हैं । खुदाई करते कोई मिलता है तो कार्रवाई करेंगे।

राष्ट्रीय महिला आयोग की पहल

## 'तेरे मेरे सपने' नाम से 9 राज्यों में खुलेगा प्री-मैरिटल काउंसलिंग केंद्र



मप्र में ये केंद्र भोपाल में खोला जाएगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विवाह पूर्व परामर्श (प्री-मैरिटल काउंसलिंग) केंद्रों की एक नई पहल तेरे मेरे सपने की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य शादी से पहले युवाओं को मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से तैयार करना है ताकि वे अपने रिश्ते को बेहतर तरीके से समझ सकें और एक सफल जीवन की नींव रख सकें।

साल भर पहले सीईओ बने जैन हटाए गए

## मंत्री प्रहलाद पटेल के दामाद श्यामवीर बने बीडीए सीईओ



रूही खान को उपसचिव एमएसएमई की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य शासन ने भोपाल विकास प्राधिकरण के सीईओ और उज्जैन के अपर कलेक्टर को हटा दिया है। भोपाल विकास प्राधिकरण में अब आईएएस अफसर श्याम वीर को सीईओ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्याम वीर मंत्री प्रहलाद पटेल के दामाद हैं। वहीं दो माह से पदस्थापना के लिए प्रतीक्षारत रूही खान को भी सरकार ने काम सौंप दिया है। शासन ने उन्हें उप सचिव एमएसएमई के पद पर पदस्थ किया है।

उमरिया कलेक्टर के फैसले पर हैरानी

## महिला को 'जिलाबदर' किया कलेक्टर पर 25 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एक महिला के खिलाफ की गई जिलाबदर की कार्रवाई को रद्द कर दिया। कोर्ट ने उमरिया कलेक्टर के फैसले पर हैरानी जताई और 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। साथ ही कमिश्नर पर भी तल्ख टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा- संभागायुक्त अपने विवेक से काम नहीं करते हैं। किसी डाकघर की तरह आई हुई डाक पर मुहर लगाने का काम कर रहे हैं। उमरिया निवासी माधुरी तिवारी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर करते हुए बताया था कि उनके खिलाफ सिर्फ 6 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जो कि साधारण धाराओं के तहत हैं। इसके बाद भी उमरिया कलेक्टर ने जिलाबदर की कार्रवाई कर दी। अधिवक्ता संजीव कुमार सिंह ने कोर्ट को बताया कि माधुरी के खिलाफ अक्टूबर 2024 में उमरिया कलेक्टर धरणेंद्र कुमार जैन ने जिलाबदर की कार्रवाई की थी।

*अपनी 3 पोतियों से किया था गौतम अडाणी ने यह भावुक वादा और ली थी प्रतिज्ञा*

जहां उनकी आवाज़ किसी भी पुरुष की तरह ही सम्मान के साथ गूंजे

# एक ऐसी दुनिया बनाने में मदद करना, जहां उनकी आकांक्षाओं की कोई सीमा न हो, जहां उनको चरित्र व योगदान से मापा जाए

### नारी शक्ति को प्रणाम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अलग खबर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के मौके पर गौतम अडाणी ने नारी शक्ति को प्रणाम करते हुए अपनी मां, पत्नी और पोतियों के प्रति भावुक संदेश लिखा। अडाणी ने अपने जीवन से जुड़ी एक प्रेरक कहानी साझा की। उन्होंने कहा कि यह कहानी मेरे दिल में बहुत खास जगह रखती है।

### महिलाएं जो मेरी दुनिया बनाती हैं

बनासकांठा के रेगिस्तानी इलाकों में पले-बढ़े, लेकिन मैंने अपनी मां को जीविका में और कठिनाई को सामंजस्य में बदलते देखा। वह एक मूक शक्ति थी जिसने हमारे बड़े संयुक्त परिवार को एक साथ संजो कर रखा। अथक प्रयास, अडिग प्रेम, साहस का परिचय दिया। कठिनाइयों से कभी हार नहीं मानी। मैंने उनमें शांत नेतृत्व, निस्वार्थता और सुंदर दृढ़ता का सार देखा। इसके बाद मेरे जीवन में मेरी पत्नी प्रीति हमारे फाउंडेशन की पहल की एक प्रेरक शक्ति बन गईं, जिसने पूरे भारत में लाखों लोगों के जीवन को प्रगति एंव उन्नति की ओर लेकर जाने में सहायता की।



### आपकी प्रतिभा का स्वागत खुले दरवाज़ों से हो, न कि कांच की छतों से

अडाणी ने अपनी बेटियों के बारे में बात करते हुए कहा कि मेरी प्यारी बेटियों आपको जो दुनिया विरासत में मिलेगी, वह ऐसी होनी चाहिए जहां आपकी प्रतिभा का स्वागत खुले दरवाज़ों से हो, न कि कांच की छतों से। जहां आपकी महत्वाकांक्षाओं पर कभी सवाल न उठाया जाए, केवल प्रोत्साहित किया जाए। जहां आपकी आवाज़ न सिर्फ़ सुनी जाए, बल्कि उसका अनुसरण किया जाए। आगे बढ़ते रहने, बाधाओं को तोड़ते रहने की कसम खाता हूं, जब तक कि वह दुनिया सिर्फ़ एक कल्पना न हो जाए, बल्कि एक वास्तविकता बन जाए।

उन्होंने बताया कि मेरी एंटरप्रन्योर बनने की यात्रा में हीरे का व्यापार शुरुआती प्वाइंट था। अडाणी ने कहा कि उन महिलाओं को सलाम करता हूं, जिन्होंने उन्हें बनासकांठा में उनके बचपन से लेकर उनकी उद्यमशीलता की यात्रा तक प्रेरित किया। एक दशक पहले जब मैंने अपनी पहली पोती की नाज़ुक अंगुलियों को सहलाया था, मैंने एक मौन प्रतिज्ञा की थी, एक ऐसी दुनिया बनाने में मदद करना जहां उसकी आकांक्षाओं की कोई सीमा न हो, जहां उसकी आवाज़ किसी भी पुरुष की तरह ही सम्मान के साथ गूंजे और जहां उसकी कीमत सिर्फ उसके चरित्र और योगदान से मापी जाएगी। अब तीन खूबसूरत पोतियों के साथ, यह वादा पहले से कहीं ज़्यादा उज्ज्वल हो गया है।





# नाना की 'वनवास' ओटीटी से पहले टीवी पर देगी दस्तक...

**मुंबई।** नाना पाटेकर की फिल्म 'वनवास' को बीते साल 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इस फिल्म की कहानी एक पिता और बेटे के रिश्ते पर आधारित है। फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह औंधे मुंह गिरी। इस फिल्म ने टिकट खिड़की पर 4.94 करोड़ रुपये कमाए थे। अब 'वनवास' अपने टेलीविजन प्रीमियर के लिए तैयार है। आइए बताते हैं यह फिल्म आप टीवी पर पहली बार कब और कहां देख पाएंगे। 'वनवास' का टीवी पर प्रीमियर आज 8 मार्च, को रात 8 बजे जी सिनेमा पर होगा। पाटेकर ने लिखा, 'अपनों की अहमियत का एहसास दिलाने वाली, एक अपनी सी कहानी। देखिए ओटीटी से पहले टीवी पर।'

लाइफ Style



# जाह्नवी

## डेब्यू से पहले ठुकराई थी महेश बाबू की फिल्म

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी और फिल्म निर्माता बोनी कपूर की बेटी जाह्नवी कपूर का नाम उन अभिनेत्रियों में शुमार है, जिन्होंने स्टारकिड होने के बाजवूद कड़ी मेहनत कर बहुत ही कम समय में इंडस्ट्री में बड़ा नाम कमाया है। आज यानी 6 मार्च को जाह्नवी अपना 28वां जन्मदिन मनाई।

जाह्नवी फिल्म 'धड़क' (2018) के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था, लेकिन क्या आप जानते हैं बॉलीवुड डेब्यू से पहले जाह्नवी ने महेश बाबू की फिल्म ठुकराई थी। 'गजनी' और 'स्पाइडर' जैसी फिल्में बना चुके निर्देशक एआर मुरुगदॉस एस समय जाह्नवी को दक्षिण भारतीय सिनेमा में लॉन्च करना चाहते थे। उन्होंने जाह्नवी को महेश बाबू के साथ एक फिल्म में कास्ट करने का प्रस्ताव भी दिया था, लेकिन उन्होंने ये ऑफर ठुकरा दिया। एक इंटरव्यू में खुद जाह्नवी ने इसका खुलासा किया था। उन्होंने कहा, मैं उस समय समझ नहीं पाई कि मुझे क्या करना है। मुरुगदॉस सर ने मुझे माता-पिता से बात करने की सलाह दी थी। जाह्नवी ने बीते साल जूनियर एनटीआर की फिल्म 'देवरा' के जरिए तेलुगु सिनेमा में कदम रखा था। इस फिल्म में उनके काम को काफी सराहा गया था। जाह्नवी के पास एक और तेलुगु फिल्म है, जिसका नाम 'आरसी16' है। इसमें उनके जोड़ीदार राम चरण होंगे।इसके अलावा जाह्नवी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के साथ वरुण धवन के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को रिलीज होगी। जाह्नवी के पास फिल्म 'परम सुंदरी' भी है।

हॉलीवुड मसाला



# महिला दिवस पर दी शुभकामनाएं

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'स्नो व्हाइट' एक लोककथा है जिस पर वर्षों से एनिमेटेड कॉर्टून, फिल्में बनती रही हैं। जल्द ही एक और फिल्म डिज्नी इस कहानी पर लेकर आ रहा है। इसमें स्नो व्हाइट के रोल में रेचल जेलगर हैं। वहीं गैल गैडोट एक बुरी रानी का रोल कर रही हैं। हाल ही में इस फिल्म की कुछ झलकियां डिज्नी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर साझा की, जिसमें रेचल जेलगर और गैल गैडोट महिला दिवस की बधाई भी दे रही हैं। डिज्नी द्वारा साझा किए गए वीडियो में रेचल जेलगर और गैल गैडोट महिला दिवस सबसे पहले बधाई देती हैं।




# मावरा ने जताई रणबीर के साथ काम करने की इच्छा

**मुंबई।** अभिनेत्री मावरा होकेन इन दिनों अपनी निजी जिंदगी के साथ-साथ पेशेवर जिंदगी को लेकर भी चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने पाकिस्तानी अभिनेता अमीर गिलानी से निकाह किया है, वहीं साल 2016 में आई उनकी सुपरहिट फिल्म 'सनम तेरी कसम' भी दोबारा सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म धमाल मचा रही है। अब इस बीच मावरा ने रणबीर कपूर के साथ काम करने की इच्छा जताई है। आइए जानें उन्होंने क्या है। इंस्टेंट बॉलीवुड के साथ बातचीत में जब मावरा से पूछा गया कि वह बॉलीवुड में किसके साथ काम करना चाहेंगी तो उन्होंने तुरंत रणबीर का नाम लिया। उन्होंने कहा, मैं रणबीर कपूर के साथ काम करना चाहती हूं। मैं उनके साथ 'रॉकस्टार' जैसी फिल्में करना पसंद करूंगी। बता दें मावरा ने 'सनम तेरी कसम' के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू किया था।



# रणवीर के साथ बनती बनती रह गई जोड़ी

**मुंबई।** आने वाले दिनों में पर्दे पर कई नई जोड़ियां देखने को मिलेंगी इन्हीं में से एक थी रणवीर सिंह और कियारा आडवाणी की जोड़ी।फिल्म 'डॉन 3' के लिए दोनों साथ आ रहे थे, लेकिन अब खबर है कि अभिनेत्री इस फिल्म से बाहर हो गई हैं। चर्चा है कि उन्होंने प्रेग्नेंसी की वजह से फिल्म छोड़ने का फैसला किया है, जिसके बाद रणवीर-कियारा को साथ देखने का इंतजार कर रहे प्रशंसक मायूस हो गए हैं।'डॉन 3' पर फिर से संकट के बादल मंडराने लगे हैं। साल 2023 में फरहान अख्तर ने जब से रणवीर के साथ फिल्म की घोषणा की है, तभी से यह ऊहापोह जैसी स्थीति में है। हालांकि, बीते दिनों कहा गया था कि 2025 में इसकी शूटिंग शुरू हो जाएगी, वहीं अब खबर है कि फिल्म की लीड हीरोइन कियारा ने इससे किनारा कर लिया है।



# पहले मिला था मोगैंबो बनने का ऑफर

**मुंबई।** अनुपम खेर बॉलीवुड के उन सितारों में शुमार हैं, जिन्होंने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों के दिलों अपनी एक खास जगह बनाई है। हालांकि, इस मुकाम पर पहुंचने के लिए उन्होंने काफी मेहनत भी की है। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत फिल्म 'सारांश' से की थी। इसके बाद उन्होंने मुड़कर नहीं देखा। अनुपम ने आज 7 मार्च को अपना 70वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर आपको बताएंगे कि अमरीश पुरी से पहले मोगैंबो बनने कर ऑफर अनुपम को मिला था। 'मिस्टर इंडिया' हिंदी सिनेमा की यादगार फिल्मों में शुमार है। फिल्म का किरदार मोगैंबो भले ही अमर हो गया, लेकिन शायद ही आप इस बात से वाकिफ होंगे किइस भूमिका के लिए निर्देशक शेखर कपूर की पहली पसंद अमरीश पुरी नहीं, बल्कि अनुपम खेर थे। निर्माता बोनी कपूर भी अनुपम की कास्टिंग से संतुष्ट थे।

टीवी मसाला



# हर्षद और शिवांगी संग दिखे नए शो की शूटिंग करते हुए


**मुंबई।** हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी, टीवी सीरियल की दुनिया में जाना-माना नाम हैं। दोनों ने कई हिट सीरियल्स अलग-अलग दिए हैं, दर्शकों का खूब मनोरंजन किया है। हाल ही में इन दोनों को एक नए सीरियल की शूटिंग करते हुए देखा। सीरियल के नाम को लेकर अभी काफी दुविधा भरा माहौल है। सोशल मीडिया पर सिर्फ सीरियल के नाम को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं।

### शिवांगी-हर्षद को साथ देखकर खुश फैंस

सोशल मीडिया पर शिवांगी और हर्षद का नए सीरियल की शूटिंग वाला वायरल वीडियो इनके फैंस को खूब भाया है। इस जोड़ी को साथ देखकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें दोनों एक गाड़ी में बैठे दिख रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दोनों एक्टर्स नए सीरियल के प्रोमो की शूटिंग कर रहे हैं।


## रुपाली बोली-'टीवी की दुनिया ने हमेशा महिलाओं को सम्मान दिया'

**मुंबई।** रूपाली गांगुली लगभग पांच साल से सीरियल 'अनुपमा' में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। यह सीरियल आम महिलाओं की समस्याओं को भी अपनी कहानी के जरिए दिखाता है। साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनने का संदेश भी देता है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान रुपाली गांगुली ने अपने टीवी सीरियल में काम करने के अनुभव, यहां के माहौल के बारे में बात की। हाल ही में जूम को दिए गए इंटरव्यू में रुपाली गांगुली कहती हैं, 'टीवी जैसी कोई और इंडस्ट्री हो ही नहीं सकती है। यह एक अच्छी जगह है। यहां आपको काबिलियत पर काम मिलता है। मैं आज भी ऑडिशन देती हूं। लेकिन इस इंडस्ट्री ने महिलाओं को बहुत सम्मान दिया है। महिला कलाकारों को यहां रानियों की तरफ ट्रीट किया जाता है। रुपाली गांगुली ने इंटरव्यू में शाहरुख खान की भी तारीफ की। वह कहती हैं, 'शाहरुख खान ने अपनी फिल्मों में हीरोइन का नाम खुद से पहले दिन की एक अच्छी पहल की है। यह एक बड़ा बदलाव है। मैं भी फिल्मी बैकग्राउंड से आती हूं। मेरे पिता वूमेन सेंट्रिक फिल्में बनाते थे।



# हिमेश ने 'बैडएस रविकुमार' के सीक्वल पर लगाई मुहर

**मुंबई।** हिमेश रेशमिया को फिल्म 'बैडएस रविकुमार' से बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। उनकी यह फिल्म 7 फरवरी को रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर इसने केवल 10.98 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, जबकि इस फिल्म का बजट 20 करोड़ रुपये था। अब हिमेश ने 'बैडएस रविकुमार' के सीक्वल पर मुहर लगा दी है। इसके साथ उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म की कहानी 90 के दशक पर आधारित होगी। जूम के साथ खास बातचीत में हिमेश ने कहा, फिल्म का पहला 80 के दशक पर आधारित था और अब आने वाली किस्त 90 के दशक की खोज करेगी। सीक्वल 90 के दशक में सेट होने जा रहा है। कई कलाकार अपने-अपने किरदार को दोहराते नजर आएंगे और कुछ नए इसमें शामिल होंगे। बहुत कुछ अलग होगा। हिमेश ने प्रशंसकों का आभार जताते हुए कहा, लोगों ने बहुत प्यार दिया। मैं वाकई बहुत खुश और आभारी हूं।



***'बैडएस रविकुमार' में नजर आए ये कलाकार*** : 'बैडएस रविकुमार' का निर्देशन कीथ गोम्स ने किया है, वहीं फिल्म का निर्माण खुद हिमेश ने किया था। फिल्म की कहानी हिमेश ने कुशल वेद बख्शी के साथ लिखी। इस फिल्म में हिमेश के अलावा प्रभु देवा, सिमोना जे, कीर्ति कुल्हारी, जॉनी लीवर, संजय मिश्रा, सनी लियोनी और मनीष वाधवा जैसे कलाकार भी नजर आए। बता दें कि 'बैडएस रविकुमार' में सिनेमा के रेट्रो दौर को दिखाया गया है। हालांकि, फिल्म की कहानी लोगों की पसंद नहीं आई।

# इब्राहिम अली की 'नादानियां' से 'दुपहिया' तक इस हफ्ते ओटीटी पर होगा धमाल...

*__मुंबई।__ हर हफ्ते की तरह मार्च का यह पहला हफ्ता भी दर्शकों के लिए खास होने वाला है, क्योंकि कुछ ऐसी फिल्में और वेब सीरीज उनके बीच आने वली हैं, जिनका इंतजार लंबे समय से किया जा रहा था। अगर आपकी घर से बाहर निकलने की कोई योजना नहीं है या आप ओटीटी पर कंटेंट देखने के शौकीन हैं तो शानदार फिल्मों और सीरीज की फेहरिस्त आपके लिए तैयार है।*




*__'नादानियां'__ : सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान की पहली फिल्म 'नादानियां' सीधे ओटीटी पर रिलीज हो रही है। इसमें उनके साथ खुशी कपूर नजर आएंगी। दिल्ली के रईस घर की लड़की और नोएडा के मध्यम वर्गीय परिवार के लड़के की यह कहानी 2 अलग-अलग दुनिया में प्यार, पहचान और मॉर्डन रिश्तों की पड़ताल करती है। फिल्म में दीया मिर्जा, जुगल हंसराज, सुनील शेट्टी और महिमा चौधरी भी हैं। 'नादानियां' 7 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।*

*__'दुपहिया'__: इस वेब सीरीज का मिजाज भी कुछ-कुछ 'पंचायत' जैसा ही है। लिहाजा यह भी आपके लिए मनोरंजन की गांरटी बन सकती है। कहानी बिहार के एक काल्पनिक गांव धड़कपुर की है। एक ऐसा गांव, जहां 25 साल से कोई अपराध नहीं हुआ है। इस मजेदार वेब सीरीज में गजराज राव, स्पर्श श्रीवास्तव, रेणुका शहाणे, भुवन अरोड़ा और यशपाल शर्मा जैसे कलाकार हैं। 'दुपहिया' भी 7 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है।*

*__'रेखाचित्रम'__: बीते कुछ समय में मलयालम सिनेमा की कहानियों ने हिंदी दर्शकों का भी खूब दिल जीता है। 'रेखाचित्रम' इसी कड़ी में एक बढ़िया एंटरटेनर साबित होती है। इसकी कहानी सर्किल इंस्पेक्टर विवेक गोपीनाथ (आसिफ अली) की है, जिसे सस्पेंड होने के बाद फिर बहाल किया जाता है। उसे मलक्कापारा के शांत शहर में नियुक्ति मिलती है। यह फिल्म 7 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर स्ट्रीम हो गई। खास बात यह है कि आप इसे हिंदी में भी देख सकेंगे।*

*__'गेम चेंजर'__: राम चरण और कियारा आडवाणी की फिल्म 'गेम चेंजर' अब ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल दिखा नहीं पाई। बता दें कि गेम चेंजर कन्नड़, तमिल, तेलुगु और मलयालम में ओटीटी पर रिलीज हो चुकी थी और अब फिल्म हिंदी में 7 मार्च को जी5 पर रिलीज होने चुकी है। राम चरण के अभिनय की फिल्म में खूब तारीफ हुई थी।*

# राधिका अब संभालेंगी निर्देशन की कमान

## इन अभिनेत्रियों ने भी ये काम कर कमाया नाम

**मुंबई।** राधिका आप्टे उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जिन्होंने अपनी दमदार अदाकारी से न सिर्फ बड़े पर्दे, पर बल्कि ओटीटी पर भी अपनी धाक जमाई है। अभिनय जगत में खुद को साबित करने के बाद अब राधिका निर्देशन की दुनिया में हाथ आजमाने वाली हैं। वह 'कोयता' नाम की एक्शन फैंटेसी फिल्म लेकर आ रही हैं, जो हिंदी के साथ-साथ मराठी में भी रिलीज होगी। बताया जा रहा है कि पर्दे के पीछे काम करने को लेकर राधिका बड़ी उत्साहित हैं।

### क्या होगी फिल्म की कहानी?

इस फिल्म की कहानी एक युवा प्रवासी महिला की है, जो गन्ना काटने का काम करती है। उसे एक चिकित्सा प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, जिससे उसे कुछ शक्तियां मिलती हैं। फिर वह इन शक्तियों का उपयोग अपने परिवार का कर्ज उतारने के लिए काती है। यह एक महिला केंद्रित फिल्म है, जिस पर पैसा विक्रमादित्य मोटवानी लगा रहे हैं, जो पिछली बार अनन्या पांडे अभिनीत फिल्म 'सीटीआरएल' लेकर आए थे।

### पिछले साल दिसंबर में मां बनी थीं राधिका

पिछली बार राधिका अपने बच्चे को लेकर सुर्खियों में आई थीं। दिसंबर, 2024 में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने फैंस को खुशखबरी दी थी। राधिका ने बेटी को जन्म देने के लगभग 1 हफ्ते बाद अपने प्रशंसकों को यह खुशखबरी सुनाई थी। अभिनेत्री ने ब्रेस्ट फीड करवाते हुए अपनी एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की थी। बता दें कि राधिका को आखिरी बार फिल्म 'सिस्टर मिडनाइट' में देखा गया था, जिसे कान्स फिल्म फेस्टिवल में भी दिखाया गया था।



### इन अभिनेत्रियों ने पहनी निर्देशक की टोपी


वैसे राधिका से पहले कई अभिनेत्रियां निर्देशन में उतरकर पर्दे के पीछे भी अपना लोहा मनवा चुकी हैं। अभिनय जगत में नाम कमाने के बाद कंगना रनौत ने 'मणकर्णिका' और 'इमरजेंसी' जैसी फिल्मों का निर्देशन कर खूब लोकप्रियता हासिल की। कोंकणा सेन ने साल 2017 में फिल्म 'डेथ इन ए गंज' का निर्देशन किया था। इस फिल्म में अभिनेता विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में थे। उधर नंदिता दास ने 'मंटो', 'फायर' और 'ज्विगाटो' जैसी कई बेहतरीन फिल्में निर्देशित कीं।

### *कई बेहतरीन फिल्मों का हिस्सा रहीं राधिका*

*राधिका उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जो अपने दम पर फिल्म को सफल बनाने का माद्दा रखती हैं। उन्होंने कई फिल्मों को अपनी बेहतरीन अदाकारी से सजाया है। फिल्म 'अंधाधुन' में उनके अभिनय को खूब सराहा गया था। जी5 पर आई फिल्म 'फोरेंसिक' में भी राधिका ने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों का दिल भी जीत लिया था। 'फोबिया' और 'मोनिका ओ माय डार्लिंग' में भी अपने काम से राधिका ने जमकर वाहवाही लूटी थी।*

# सोनू सूद की फिल्म 'फतेह' अब घर बैठे ओटीटी पर देखें

**मुंबई।** सोनू सूद की फिल्म 'फतेह' 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। आलम यह रहा कि फिल्म अपनी लागत भी नहीं वसूल पाई। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 19 करोड़ रुपये का कारोबार किया, वहीं फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपये था। अगर आप 'फतेह' को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए तो अब आप इसे घर बैठे ओटीटी पर देख सकते हैं। 'फतेह' ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर दस्तक दे चुकी हैं। निर्माताओं ने खुद इसकी पुष्टि की है। यह फिल्म ऑनलाइन धोखाधड़ी और सुरक्षा के विषयों पर आधारित है, जो डिजिटल युग के काले रहस्यों को उजागर करती है। सोनू न सिर्फ 'फतेह' के हीरो हैं, बल्कि इसके निर्देशन की जिम्मेदारी भी उन्होंने ही संभाली है। फिल्म में जैकलीन फर्नांडिस के साथ सोनू की जोड़ी बनी है। नसीरुद्दीन शाह और विजय राज भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।



### उच्च शिक्षा विभाग ने दिए जांच के आदेश

# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति पर मंडराए संकट के बादल

*रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति प्रो. राजेश कुमार वर्मा की नियुक्ति को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष सचिन रजक द्वारा की गई गंभीर अनियमितताओं की शिकायत के बाद प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग ने उनकी मूल नियुक्ति (प्राध्यापक पद) की जांच के आदेश दे दिए हैं। यह फैसला तब आया जब पिछले कई महीनों से एनएसयूआई इस मुद्दे को लेकर आंदोलनों के माध्यम से आवाज उठा रही थी।*

हरिभूमि जबलपुर।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार, विभागीय दिशा-निर्देश पत्र क्रमांक 701/473/शिक्षा/19, दिनांक 28/11/2019 के प्रावधानों के तहत इस शिकायत की बिंदुवार जांच होगी। विभाग ने यह भी निर्देश दिया है कि जांच अधिकारी सुनिश्चित करें कि समस्त तथ्यों एवं प्रमाणों की गहन समीक्षा के उपरांत उचित कार्यवाही की जाए।



शिकायत एवं संबंधित पत्राचार की समीक्षा उपरांत, उच्च शिक्षा विभाग ने क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, जबलपुर संभाग को इस मामले में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने जांच अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि निष्कर्षों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर विभाग को उपलब्ध कराया जाए।

## क्या है पूरा मामला?

एनएसयूआई जबलपुर जिला अध्यक्ष सचिन राजक द्वारा उच्च शिक्षा विभाग को सौंपी गई शिकायत में कुलपति प्रो. राजेश कुमार वर्मा की नियुक्ति में गंभीर विसंगतियों का उल्लेख किया गया था। प्रमुख आरोप इस प्रकार हैं-

- अयोग्यता का सवाल: प्रो. वर्मा को पीएचडी उपाधि 25 नवंबर 2008 को मिली, जबकि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 19 जनवरी 2009 को जारी विज्ञापन में प्राध्यापक पद हेतु पीएचडी के साथ 10 वर्षों का शिक्षण अनुभव अनिवार्य था।
- फर्जी अनुभव का मामला: लोक सेवा आयोग ने उच्च न्यायालय में स्पष्ट किया था कि यह अनुभव पीएचडी प्राप्ति के बाद से ही गिना जाएगा, जबकि प्रो. वर्मा के पास यह अनुभव नहीं था।
- शोध निदेशक बनने की पात्रता नहीं: विज्ञापन के अनुसार, 10 वर्षों के अनुभव में शोध निदेशक के रूप में कार्य करना भी आवश्यक था, लेकिन वर्मा उस समय शोध निदेशक नहीं थे।
- नियमों की अनदेखी: सभी अनिवार्य योग्यताएं विज्ञापन की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2009 तक पूरी होनी थीं, लेकिन वर्मा इन मानकों पर खरे नहीं उतरते थे। फिर भी उनकी नियुक्ति कर दी गई।
- यूजीसी नियमों का उल्लंघन: यूजीसी के 2003 एवं 2018 के विनियमों के अनुसार, पीएचडी उपरांत 10 वर्षों का अनुभव अनिवार्य था, जिसे नजरअंदाज कर दिया गया।

तत्कालीन उच्च शिक्षा आयुक्त ने 2009 में ही भर्ती प्रक्रिया पर आपत्ति जताई थी और उच्च स्तरीय जांच की अनुशंसा की थी, लेकिन वर्षों तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। आखिर किन दबावों में शासन ने चुप्पी साध रखी थी? क्या यह किसी बड़े खेल का हिस्सा था?

एनएसयूआई ने कुलपति प्रो. राजेश वर्मा की मूल पद पर नियुक्ति में गड़बड़ी की शिकायत की है। वे अपनी पहुंच और पद का दुरुपयोग कर जांच को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। चाहे उनकी नियुक्ति का मामला हो या महिला सहायक रजिस्ट्रार से दुर्व्यवहार का, ऐसे व्यक्ति को कुलपति बने रहने का कोई अधिकार नहीं। उन्हें तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। सचिन राजक, जिला अध्यक्ष, एनएसयूआई जबलपुर।

### व्यवहार न्यायालय का महत्वपूर्ण आदेश

# किरायेदार के आधिपत्य में मकान मालिक न करे हस्तक्षेप

**जबलपुर।** पंद्रहवें व्यवहार न्यायाधीश मनमोहन सिंह कौरव की अदालत ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि किरायेदार के आधिपत्य में मकान मालिक हस्तक्षेप न करे। मामला मदर टेरेसा भूकंप कालोनी, माढ़ोताल से संबंधित है। जहां मकान नंबर 319 का विवाद सुनवाई में आया।

अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपना आदेश पारित किया। जिसमें साफ कियाा कि प्रतिवादी मकान मालिक दक्षिण मिलौनीगंज निवासी पवन कोष्टा वादी भोले नामदेव के आधिपत्य में अवैध, विधि विरुद्ध रूप से अतिक्रमण, हस्तक्षेप, अवरोध व बेदखल न तो स्वयं करे और न ही किसी अन्य के माध्यम से कराए। वादी की ओर से अधिवक्ता प्रहलाद चौधरी, संकेत चौधरी, रोशनी रैदास, प्रहलाद पीपरा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि वादी लंबे समय से किराये पर रह रहा है। प्रतिमाह किराया अद करता है। इसके बावजूद मकान मालिक ग्राहक लाकर प्रताड़ित कर मकान खाली कराने की जुगत भिड़ा रहा है। साथ ही किराया व बिजली का बिल न भरने का झूठा आरोप लगा रहा है। चूंकि विधि विरुद्ध तरीके से मकान खाली नहीं कराया जा सकता, अतः अदालत की शरण ली गई है।



### कोर्ट ने एसपी को गिरफ्तारी के लिए पत्र जारी किया

# सेवानिवृत्त थाना प्रभारी फरार घोषित

**जबलपुर।** एक अपराधिक मामले में जमानत के बाद सेवानिवृत्त गोरखपुर थाना प्रभारी न्यायालय ने उपस्थित नहीं हो रहे थे। सेवानिवृत्त थाना प्रभारी की गिरफ्तारी के लिए न्यायालय ने पुलिस अधीक्षक को पत्र जारी किया था। इसके बावजूद भी पुलिस सेवानिवृत्त थाना प्रभारी को न्यायालय में पेश नहीं कर पाई। इस पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी किशन देव सिंह की अदालत ने सेवानिवृत्त थाना प्रभारी को फरार घोषित करते हुए उनके विरुद्ध गैर मियादी वारंट जारी किया ।

गोहलपुर थाने में पदस्थ तत्कालीन थाना प्रभारी आरएन त्रिपाठी, एसआई अंतिम पवार व आरक्षक राजकुमार के विरुद्ध संदीप उर्फ करिया सहित दो व्यक्ति ने न्यायालय में परिवाद दायर किया था। परिवाद में कहा था कि इन पुलिस कर्मियों ने लाकअप में उनके साथ मारपीट की थी। न्यायालय ने परिवाद की सुनवाई करते हुए तीनों पुलिस कर्मियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए थे। प्रकरण दर्ज होने के बाद तीनों पुलिस कर्मियों को जमानत का लाभ न्यायालय से मिल गया था। प्रकरण के सुनवाई के दौरान सेवानिवृत्त हुए तत्कालीन थाना प्रभारी आरएन त्रिपाठी न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे। न्यायालय ने पुलिस अधीक्षक के माध्यम से उनके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। जिसकी तामीली नहीं होने पर न्यायालय ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भी लिखा था। इसके बावजूद भी पुलिस विभाग उन्हें न्यायालय में पेश नहीं कर पाया। न्यायालय ने सेवानिवृत्त थाना प्रभारी को फरार घोषित करते हुए अन्य दोनों पुलिस कर्मियों के विरुद्ध विचारण जारी रखने के आदेश जारी किये है। न्यायालय ने प्रकरण में साक्षियों को अगली सुनवाई के दौरान पेश करने के आदेश पुलिस अधीक्षक को जारी किए हैं।

### घर में घुसकर तोड़फोड़-फायरिंग, वाहनों में लगाई आग

# उपद्रवियों की दहशत में वृद्ध की मौत पर मामला दर्ज

हरिभूमि, जबलपुर।

सिविल लाइन थाना अतंर्गत साईबाबा चौक के पास गुरुवार की देर रात बदमाशों द्वारा घर में घुसकर तोड़फोड़ और फायरिंग कर वाहनों में आग लगाई जाने की घटना के दौरान बदमाशों के उपद्रव को देखकर वृद्ध की दहशत में हार्टअटैक से मौत हो गई। इस मामलें में पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। यहां बता दे कि शुक्रवार को मृतक के शव को थाने में रखकर परिजनों और क्षेत्रीय लोगों ने धरना प्रदर्शन कर बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की मांग की थी।

सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार साईं बाबा चौक सिविल लाइन निवासी वृद्ध विष्णुप्रसाद कनौजिया के घर पर देर रात 1.30 बजे आरोपी अभिषेक पाल उर्फ चिन्टू, मार्सल पाल, छोटू उर्फ लाला श्रीवास्तव, अकबर अली, लखन ठाकुर, मिक्की यादव, शाहरूख अंसारी अन्य 2-3 बदमाशों ने घर में घुसकर लाठी, तलवार से हमला करते हुए तोड़फोड़ कर दी. इस दौरान बदमाशों ने फायरिंग भी की और घर पर रखी दो पहिया वाहनों में आग लगा दी।

इतना ही नहीं बदमाशों ने वेदप्रकाश के घर के ऊपरी हिस्से में बने हॉस्टल में भी जमकर तोडफ़ोड़ की. शोर सुनकर वेदप्रकाश जैसे ही दरवाजे का पास पहुंचा तभी विष्णुप्रसाद कनौजिया के ऊपर तलवार से हमले की कोशिश की गई लेकिन तलवार उन्हें न लगकर दरवाजे पर लग गई, जिससे दहशत में विष्णु प्रसाद कनौजिया को हार्ट अटैक आ गया, उन्हें जबलपुर हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने चैक कर विष्णुप्रसाद कनौजिया को मृत घोषित कर दिया। पुलिस को पूछताछ में मृतक के परिजनों ने बताया कि घटना अगस्त 2021 की पुरानी रंजिश से जुड़ी है. उस समय क्षेत्र के कुछ लोगों से विवाद हुआ था. जिसमें बदमाशों ने बल्लू उर्फ कृष्ण रजक पर भी चाकू से हमला किया था. इस मामले का केस अभी न्यायालय में चल रहा है. आरोपी लगातार बल्लू पर समझौता करने का दबाव बना रहे थे. इसी उद्देश्य को लेकर उन्होंने घर में हमला किया। मृतक के भतीजे वेदप्रकाश की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी अभिषेक पाल, मार्सल पाल, छोटू श्रीवास्तव, अकबर अली, लखन ठाकुर, मिक्की यादव, शाहरूख अंसारी के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## वन नेशन वन इलेक्शन प्रदेश संयोजक ने भाजपा कार्यालय में की बैठक

**जबलपुर।** वन नेशन वन इलेक्शन प्रदेश संयोजक जस्टिस रोहित आर्य ने जबलपुर आगमन पर वन नेशन वन इलेक्शन की जिला टोली के साथ चर्चा कर बैठक की। श्री आर्य ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा देश के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए वन नेशन वन इलेक्शन जरुरी है यह देश के लिए नीव का पत्थर साबित होगा। जिला टोली के साथ वन नेशन वन इलेक्शन के आगामी कार्यक्रम पर चर्चा हुई। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, महामंत्री रजनीश यादव, राहुल श्रीवास्तव ,मनमोहन चतुर्वेदी, श्रीमती पूजा रजक, श्रीमती मनीषा सिंह तोमर, उमेश साह, रोहित गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जीवविज्ञान विषय के पेपर मे 60 बच्चें रहे अनुपस्थित

**जबलपुर।** जिला मे माशिमं के द्वारा आयोजित कक्षा बारहवी की बोर्ड परीक्षा का जीव विज्ञान विषय का पेपर 100 परीक्षा केंद्र पर हुआ । जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी ने बताया कि जिले के सभी परीक्षा केन्द्रो मे शांतिपूर्वक परीक्षा आयोजित हुई, जिले मे कही भी कोई नक़ल प्रकरण नहीं बना है। जीव विज्ञान विषय के प्रश्नपत्र मे शहर के 56 परीक्षार्थी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार शहर एवं ग्रामीण को मिलाकर कुल 60 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे,आज कुल 4512 बच्चों का पेपर था। सभी 100 परीक्षा केन्द्रो मे कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति मे ऑनलाइन एप के माध्यम सें निगरानी रखते हुए पेपर हुआ। पुलिस थाने एवं परीक्षा केंद्रों मे कलेक्टर प्रतिनिधि एवं केन्द्राध्यक्ष के आपसी समन्वय से सभी कार्य आसानी से शांतिपूर्वक सम्पादित किए गए। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के द्वारा परीक्षा केंद्र विंग्स कान्वेंट महारजपुर,शा कन्या पनागर, सीएम राइज विद्यालय पनागर, शा उमावि कुशनेर, शास उमावि गांधीग्राम, शा उमावि गोसलपुर एवं सीएम राइज स्कूल सिहोरा का निरिक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी जगह व्यबस्थित परीक्षा संचालित पायी गयी। कोई भी नक़ल प्रकरण नहीं पाया गया। कलेक्टर द्वारा गठित उड़न दस्ता दल मे एसडीएम अधारताल के दल के द्वारा हितकारिणी विद्यालय गोविन्दगंज एवं सरस्वती विद्यालय अधारताल का निरीक्षण किया गया। एसडीएम रांझी के दल के द्वारा भारत सेवक समाज एवं शा उमावि कन्या व्योहारबाग़ का निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर के निर्देश पर विकासखंड स्तर पर सभी सहायक संचालक शिक्षा के द्वारा भी सभी ब्लॉक मे सघनता से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। सभी निरीक्षण के दौरान किसी भी केंद्र मे कोई भी अनियमितता नहीं पायी गयी एवं कोई भी नक़ल प्रकरण नहीं बना।






# गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया

**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत त्रैमासिक कैलेंडर के अनुसार त्रैमासिक गतिविधियों के अंतर्गत मार्च माह में महाविद्यालय में प्रत्येक दिवस सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें प्रथम दिवस 03 मार्च को निबंध प्रतियोगिता, 04 मार्च को पोस्टर प्रतियोगिता, 05 मार्च को कविता प्रतियोगिता, 06 मार्च को प्रश्नोत्तरी, 07 मार्च को भाषण प्रतियोगिता तथा समापन दिवस 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सशक्त महिला सशक्त देश पर एक दिवसीय कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता निर्मला नायक, विशिष्ट अतिथि डीएसपी श्रीमती आकांक्षा उपाध्याय एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आयुर्वेद महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. अमित किनोरे, प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. शशि दुबे, डॉ. आरती शुक्ला मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्जवलन से किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए कहा कि महिला दिवस मनाने का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान देना है, क्योंकि हमारे शास्त्रों में भी कहा गया है कि "यत्र नार्यस्तु पूज्यते रमंते तत्र देवता" यानि जहां पर नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का निवास होता है। आज हमारा यह कर्तव्य हो जाता हे कि हम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षा और जागरूकता संबंधी समस्याओं का समाधान खोजें तथा उन्हें सम्मान और समानता का अधिकार दें। इसके पश्चात मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता निर्मला नायक ने सभी महिलाओं को शुभकामना देते हुए कहा कि हम सभी जानते हैं कि महिलाओं ने समाज में अपनी जगह बनाने के लिए एक लम्बी यात्रा की है। इतिहास साक्षी है कि महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी क्षमता को सिद्ध किया है चाहे वह शिक्षा हो, विज्ञान हो, खेल हो या न्यायपालिका, लेकिन यह भी सच है कि आज भी कई महिलाओं को असमानता, भेदभाव, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न और सामाजिक अन्याय का सामना करना पड़ता है। एक महिला अधिवक्ता होने के नाते मैं यह कहना चाहूंगी कि कानून तभी प्रभावी होता है जब हम उसे जानते हैं और उसे लागू करने की हिम्मत रखते हैं। मैं सभी महिलाओं से यही कहना चाहूंगी कि अपने अधिकारों को जानें, अपने हक के लिए आवाज उठाएं और एकदूसरे की शक्ति बनें। इसके पश्चात विशिष्ट अतिथि ने भी अपना सारगर्भित उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन डॉ. आरती शुक्ला ने तथा मंच संचालन डॉ. प्रवीण मानकर ने किया। इस अवसर पर डॉ. मनीष शाह, शिखा पाराशर, डॉ. शिवमणि मिश्रा, डॉ. अंजू पाठक, प्रकृति विश्वास, डॉ. संध्या कोष्टा, डॉ. जीसी राय सहित प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।




## *महिला दिवस के उपलक्ष्य में आगे बढ़ते रहने प्रेरित किया*

**जबलपुर।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे प्रोजेक्ट क्लैप के अंतर्गत जिला संघ जबलपुर की यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल आधारताल की यूनिट द्वारा ललित कुमार मिश्रा सहायक राज्य संगठन आयुक्त संभाग जबलपुर, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, डॉ. विजयकांत तिवारी जिला मुख्य आयुक्त जिला जबलपुर, व्ही.के. झारिया जिला सचिव, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर राहुल राजपूत के निर्देशनुसार शाला में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर महिला दिवस की थीम 'एक्सलरेट एक्शन' पर आगे बढ़ते रहने पर प्रेरित किया गया एवं गाइड द्वारा महिला दिवस पर ड्राइंग एवं स्पीच दी गई, साथ ही 'रेड डॉट' एक्टिविटी के माध्यम से मेंस्टुएशन के लिए जागरूक किया। यह प्राचार्य सोनल तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया जिसमें गाइड कैप्टन किरण येवले, अंकिता तिवारी, रीना कोरी, पूजा श्रीवास, रिंकू शाह का सहयोग रहा।

## महिला कायस्थ विभूतियों का अभिनंदन

**जबलपुर।** "सामाजिक एकजुटता से किये गये कार्य समाज को परम वैभव की ओर ले जाते हैं, समाज में ऐसी अनेक प्रतिभायें होती हैं जो अपना कार्य पूर्ण कुशलता से करते हुये समूचे समाज और देश के लिये प्रेरणा का कार्य करती हैं। हमारे इस पुनीत कार्य में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की ही भांति है, जो अपने परिवार के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में अपना अविस्मरणीय योगदान दे रही हैं।" उक्त आशय के विचार अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला कायस्थ विभूतियों के अभिनंदन समारोह के अवसर पर अतिथियों द्वारा व्यक्त किये गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी श्रीमती मनीषा अशोक रोहाणी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता एपी नर्मदा ग्रुप आफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट की उपाध्यक्ष श्रीमती मीना चमन श्रीवास्तव ने की।

# महिला दिवस

## 506 कर्मशाला में महिला दिवस का आयोजन



**जबलपुर।** 506 थल सेना आधार कर्मशाला जबलपुर में श्रमिक संघ के तत्वाधान में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष अनुसार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में कर्मशाला की नियमित महिला कर्मचारी, अप्रेंटिस और आउटसोर्स नारी शक्ति और उनके संघर्ष को सम्मानित किया गया और श्रमिक संघ द्वारा उपहार भी बांटे गए। इस समारोह में श्रमिक संघ के अध्यक्ष पी एन मोहंती, पूर्व अध्यक्ष भारत बेरिया, महामंत्री विकास यादव, जेसीएम चतुर्थ लीडर स्टाफ साइड श्री जे एस भाटिया, जेसीएम चतुर्थ सचिव श्री दिनेश राजभर, जेसीएम मेंबर श्री संतोष यादव और श्रीमति रोशनी जेडॉक के साथ वर्क्स कमेटी के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद थे। भारत कुमार बेरिया ने बताया कि इस वर्ष 2025 में, महिला दिवस की थीम 'एक्सलरेट एक्शन' लैंगिक समानता के लिए शीघ्र और निर्णायक कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर देती है. वहीं, 'सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए: अधिकार, समानता, सशक्तिकरण' थीम यह सुनिश्चित करने का संदेश देता है कि हर महिला और लड़की को समान अवसर और सम्मान मिले।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एम.पी. ट्रांसको की मातृशक्तियों का किया गया सम्मान

**जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर तरंग ऑडोटोरियम रामपुर में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) की मातृशक्तियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यालय जबलपुर स्थित सभी नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स महिला कार्मिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने की। मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी एवं विशिष्ट अतिथि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मंजीत सिंह,



जबलपुर के मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय मिश्रा एवं प्रसिद्ध महिला चिकित्सक डॉक्टर सारिका दुबे थीं। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की सी.जी.एम. नीता राठौर मध्यप्रदेश विद्युत मंडल परिवार की महिला कार्मिकों की प्रतिनिधि के रूप में मंच पर उपस्थित रहीं।

### मातृशक्ति की उपलब्धियों का सम्मान करने का अवसर : एम.डी. इंजीनियर सुनील तिवारी

कार्यक्रम के अध्यक्ष मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सिर्फ महिलाओं के प्रति आदर व्यक्त करने का दिन नहीं है, बल्कि यह उन तमाम मातृशक्तियों की उपलब्धियों का सम्मान करने का अवसर है जिनके कारण समाज में महिलाओं ने बदलाव लाया है। उन्होंने इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय मिश्रा का साधुवाद किया, जिन्होंने ट्रांसको महिला कार्मिकों के लिये फ्री हेल्थ चेकअप शिविर आयोजित कराया एवं डॉ. सारिका दुबे को धन्यवाद दिया जिन्होंने महिलाओं के लिये बेहद उपयोगी विषय पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किये। उन्होंने एम.पी ट्रांसकों की समस्त महिला कार्मिकों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुये कहा कि मानव जीवन की प्रगति और विकास में मातृशक्ति के योगदान को मान्यता देने का यह एक अच्छा अवसर होता है, मातृशक्ति राष्ट्र, समाज और परिवार की धुरी होती है।

## नारी शक्ति शौर्य सम्मान सम्मेलन संपन्न

**जबलपुर।** नारी शक्ति शौर्य सम्मान सम्मेलन 08 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाधि स्थल नर्रई नाला में वीरांगना दुर्गावती ग्रामीण विकास एवं शोध समिति एवं 750 वीरांगना दुर्गावती विकास संघ के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़, मणिपुर की पूर्व राज्यपाल अनुसुईया उइके रहीं। विशिष्ट अतिथि डॉ. लीला भलावी पूर्व कुलपति, शशि ठाकुर पूर्व विधायक लखनादौन, चन्द्रकिरण गोस्वामी जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत जबलपुर, श्वेता नीरज ठाकुर, ललिता मरावी जनपद सदस्य कपूरा परिषद सरपंच



समाधि स्थल, रागिनी अजय पटेल सरपंच ग्राम पंचायत परासिया, छोटी कुंजाम पूर्व जिला पंचायत सदस्य आशा पटेल दुर्गावाहिनी, रीवा ज्योति उइके सरपंच मलारी, रेखा मसराम पूर्व जनपद सदस्य, वंदना आनंद दीदी रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमति आशा गोंटिया अध्यक्ष जिला पंचायत जबलपुर रहीं। कार्यक्रम में बरगी विधायक नीरज सिंह ठाकुर, आदिवासी महापंचायत के मुखिया गुलाब सिंह सरदरिया, वीरांगना दुर्गावती ग्रामीण विकास शोध समिति के अध्यक्ष रामराज सिंह, सीताराम विश्वकर्मा, वनवासी कल्याण आश्रम के अध्यक्ष डॉ. केएल धुर्वे, 750 वीरांगना दुर्गावती विकास संघ के अध्यक्ष करन बरकड़े, तीरथ कुंजाम, सरजू मसराम, भोलेबाबा, घसीटा मरावी, नोखेसिंह बरकड़े, संतोष कुलस्ते, गणेश भलावी, गोंडवाना रेजीमेंट के कमान्डर इन चीफ प्रमोद शाह मरावी के नेतृत्व में रेजीमेन्ट के युवाओं ने दुर्गावती के बलिदान स्थल को एवं अतिथि को शौर्य पूर्ण सलामी देकर सम्मानित किया।

## महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** हैदराबाद ओमेगा हॉस्पिटल बोन एंड जॉइंट वैलनेस क्लिनिक के डायरेक्टर और हेड ऑफ़ डिपार्टमेंट ऑफ़ ऑर्थोपेडिक हैदराबाद ओमेगा हॉस्पिटल के डॉ अमित जैन ने अपना 1 वर्ष-गांठ पूरे होने पर और महिला दिवस कार्यक्रम के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया जहां पर डॉ पीयूष जैन, डॉक्टर अमित जैन, डॉ चाँदनी जैन, डॉ अपर्णा पराँजपे, डॉक्टर रूपा सरकार, डॉक्टर शारदा मिश्रा उपस्थित रहे। जहां पर लगभग 200 मरीज जिनका नी रिप्लेसमेंट हो चुका है उन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई डॉ पीयूष जैन जो कि कैंसर रोग विशेषज्ञ हैं उन्होंने बताया कि महिलाओं को किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए यदि हम कैंसर से बचना चाहते हैं। आज के इस कार्यक्रम में लगभग 200 मरीज़ों ने हिस्सा लिया।



## महिला दिवस पर महिलाओं का किया सम्मान

**जबलपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत महिला प्रकोष्ठ जिला महासचिव रंजना तिवारी के निज निवास में मासिक बैठक रखी गई जिसमें अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ऐसी महिलाओं का सम्मान किया गया जो हमेशा सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों आगे रहती हैं। कार्यक्रम में उपस्थित भगवती भारद्वाज, .मानस मंजरी, प्रवीणा पाठक, अनीता शुक्ला, रेणुका तिवारी, महिला प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी की उपस्थिति रही। जिला संयोजक रीना दीक्षित प्रदेश संरक्षक सोनल तिवारी जी संभागीय महासचिव कंचन तिवारी जी संभागीय संयोजक गीता अवस्थी जी जिला महामंत्री मनीषा पाराशर जी वाड् संयोजक अनुभा दुबे जी जिला सचिव निशा तिवारी जी वार्ड संयोजक रूपा द्विवेदी जी वार्ड संयोजक रेखा तिवारी जी ज्योति शुक्ला कल्पना शुक्ला जी कंचन द्विवेदी जी अर्पिता चौबे जी शैली त्रिपाठी जी श्रद्धा तिवारी जी शोभना मिश्रा जी दिशा चौबे जी अन्य महिलाओं की उपस्थित रही।



*जुनवानी बरगवां का मामला : गेहूं की खड़ी फसल, पक्के निर्माण में चली जेसीबी, लगभग 35 लोगों ने कर रखा था कब्जा*

# 22 लाख से अधिक की शासकीय भूमि प्रशासन ने कराई मुक्त

**हरिभूमि न्यूज सिहोरा।**



राजस्व अमले ने बुधवार को जुनवानी कला (बरगवां) ग्राम में लगभग साडे 22 लाख रुपए से अधिक की शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। करीब 6 से 7 एकड़ खेती की भूमि पर अतिक्रमण के कार्यो ने गेहूं की फसल बोई थी, वहीं करीब 4000 वर्ग मीटर में पक्के निर्माण कर रखे थे, जिस पर प्रशासन ने जेसीबी चलाकर ध्वस्त कर दिया।

जानकारी के मुताबिक राजस्व निरीक्षक मंडल खितौला के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जुनवानी कला (बरगवां) केक खसरा नंबर 76,164, 17 और बरगवां के खसरा नंबर 90,91, 92,88, 196, 202 और 103 शासकीय मद दर्ज है। संबंधित खसरा अतिक्रमण कर लंबे समय से खेती की जा रही थी। इसके अलावा अलग-अलग जगह पर करीब 4000 वर्ग फुट में पक्का निर्माण कर लिया गया।

### पुलिस बल की मौजूदगी में चली जेसीबी

तहसीलदार शशांक दुबे राजस्व निरीक्षक नीरज पाटकर, पटवारी आनंद चौकसे, पियूष चौहान, आकाश परिहार, 20 कोटवार खितौला थाने की पुलिस बल की मौजूदगी में गेहूं की खड़ी फसल को जेसीबी से नष्ट कर दिया गया। वही पक्के निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। हालांकि प्रशासन और पुलिस के अमले को कुछ विरोध का भी सामना करना पड़ा।

### इनका कहना है

ग्राम जुनवानी कला और बरगवां में शासकीय भूमि पर खेती और पक्के निर्माण अतिक्रमा कार्यो ने कर रखे थे। नोटिस जारी करने के बावजूद अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण नहीं हटाए। इसके बाद जेसीबी से खेतों में लगी गेहूं की खड़ी फसल और पक्के निर्माण को ढस्थ कर जमीन को अधिकरण मुक्त कराया गया।

## आगा दरगाह में हुआ अफ्तार

**जबलपुर।** रमजान शरीफ के सातवें रोज़े पर शनिवार को आगा चौक स्थित हजरत आगा मोहम्मद साहब की दरगाह में हज़रत क़िब्ला शाह मिर्जा इख्तियार हुसैन कादरी रहमतुल्लाह अलेह के 13वें उर्स का एहतेमाम किया गया। अपरान्ह बाद नमाज़ असर मजार शरीफ पर परंपरानुसार चादरपोशी व गुलपोशी की गई, जिसके बाद विशाल अफ्तार-ए-आम का एहतेमाम किया गया। रोजा अफ्तार में बड़ी संख्या में महिलाएं व मासूम बच्चे भी शरीक हुए। अफ्तार के बाद मगरिब की सामूहिक नमाज अदा की गई और मुल्क की तरक्की खुशहाली की दुआएं मांगी गईं।

### सदर ईदगाह में हुआ अफ्तार

रमजान मुबारक के छठवें रोजे पर समाजसेवी अकबर खान सरवर द्वारा अफ्तार का एहतेमाम किया गया। मगरिब की अजान बुलंद होने पर रोजा खोला गया। इफ्तार उपरांत मौलाना हुसैन रब्बानी ने मगरिब की सामूहिक नमाज अदा कराई। इफ्तार में सर्वधर्म के सदस्यों सहित विधायक लखन घनघोरिया, विनय सक्सेना, हाजी कदीर सोनी, अमरीश मिश्रा, हाजी मुईन खान, आमीन कुरैशी, प्यारे साहब, अख्तर अंसारी, मुबारक कादरी, सैय्यद कादिर अली कादरी, गुलाम हुसैन, याकूब अंसारी, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

**13510645 रूपये का अवार्ड पारित**

# नेशनल लोक अदालत में 417 लोगों को मिला न्याय

### महिला दिवस पर पहली बार 05 महिला अधिवक्ता खण्डपीठ सदस्य बनी

**सिहोरा।** माननीय कार्यपालक अध्यक्ष,राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार तथा अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एंव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में शनिवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायालय सिहोरा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया। लोक अदालत में आपसी सहमति और समझौते से 417 लोगों को मिला न्याय मिला तथा 13510645 रूपये का अवार्ड पारित किया गया। लोक अदालत के सफल संचालन के लिए 05 खण्डपीठों का गठन किया गया। इनमे प्रथम खण्डपीठ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (द्वितीय) सैफी दाऊदी, द्वितीय खण्डपीठ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, (तृतीय) सुधांशु सिन्हा तृतीय खण्डपीठ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रेशमा खातून,चतुर्थ खण्डपीठ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी उर्वशी यादव तथा पांचवी खण्डपीठ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दीपशिखा दांगी थी।

### आपसी समझौते से प्रकरणों का निराकरण

पांचो खण्डपीठो न्यायालय में लंबित लिटिगेशन के 446 प्रकरण रखे गये इनमे 97 प्रकरणों का आपसी सहमति और समझौते से निपटारा किया गया। तथा 8713814 रूपये का अवार्ड पारित किया गया। प्रीलिटिगेशन के 1385 प्रकरण रखे गये इनमें 215 प्रकरणों का निपटारा कर 4796831 रूपये का सेटलमेंट आपसी सहमति से किया गया।

**बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे ने किया जिलाध्यक्ष का स्वागत**

# भाजपा संगठन को मजबूत बनाना ही उद्देश्य : पटेल

**सिहोरा।** नवनिर्वाचित भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल के प्रथम नगर आगमन पर बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडे ने अपने पहरेवा स्थित निवास मगन कुटी में पुष्पहार से भव्य आत्मीय स्वागत किया। जिलाध्यक्ष श्री पटेल ने कहा कि सभी के साथ मिलकर भाजपा संगठन को और मजबूत करना ही उनका मुख्य उद्देश्य है।

विदित हो जिलाध्यक्ष बनने के बाद श्री पटेल का गोसलपुर, मंझगवा, नगर मंडल सिहोरा में प्रथम आगमन हुआ था तो कार्यकर्ताओं ने जगह जगह मंच लगाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक संतोष बरकडे, पूर्व विधायक प्रदेश मंत्री नंदनी मरावी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजा मोर,नगर पालिका उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, महामंत्री राजेश दाहिया, जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल, शिशिर पांडे आदि उपस्थित थे।



बरगी क्षेत्र के तीन मंडलों की बैठक आज

नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष राजकुमार पटेल की उपस्थिति में विधानसभा क्षेत्र बरगी में भारतीय जनता पार्टी के बरगी एंव तिलवारा घाट मंडल की सुबह 11 बजे एंव चरगंवा मंडल की बैठक राय बारात घर में दोपहर 1 बजे आयोजित की गई है। सुबह 10 बजे अंधमुक चौराहे पर एकत्रित करण होगा ।

## आम आदमी पार्टी ने मनाया महिला दिवस

**जबलपुर।** आम आदमी पार्टी पश्चिम विधानसभा इकाई द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस लेबर चौक गढ़ा में मनाया गया, जिसमें आम आदमी पार्टी के जिला प्रवक्ता त्रिलोकीनाथ त्रिपाठी ने ज्योति बाई फुले, संत गाडगे, बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा महिला सशक्तिकरण के प्रयासों की जानकारी महिला श्रमिक बहिनों, बेटियों के साथ इस आशय के साथ साझा की कि बालिका शिक्षा के लिए सावित्री बाई फुले ने पत्थर खाए व संत गाडगे का आह्वान कि खाने के बर्तन बेच दो किन्तु शिक्षा लो, अंबेडकर जी ने कानून में प्रावधान कर महिला सशक्तिकरण को नई ताकत प्रदान की, यह आह्वान दोहराया गया कि बेटियों, महिलाओं के हाथ में किताब-पेन होना चाहिए तगाड़ी नहीं। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रीतेश सिंह, मनोहर जाटव, आदेश दुबे, मनोज सैनी, प्रवीण परसांई, हरीश श्रीवास्तव ने विचार साझा किए, मंच संचालक मनोहर जाटव, आभार प्रदर्शन रितेश सिंह ने किया।



## पीएनबी का ऋण मुक्ति शिविर आयोजित

**जबलपुर।** पंजाब नेशनल बैंक, जबलपुर मंडल द्वारा ऋण मुक्ति शिविर 2025 का सफल आयोजन 7 मार्च को राइट टाउन स्टेडियम, जबलपुर में किया गया। इस विशेष शिविर का उद्देश्य एनपीए (NPA) खाताधारकों को राहत प्रदान करना था, जिसके तहत वन टाइम सेटलमेंट (OTS) की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर में बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में लगभग 100 खाताधारकों के एकमुश्त समझौते (One Time Settlement) किए गए, जिससे ग्राहकों को अपने ऋण निपटाने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मंडल कार्यालय, जबलपुर के मंडल प्रमुख श्री अशवनी कुमार और प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली से उप महाप्रबंधक श्री रजनीश कुमार वासुदेव विशेष रूप से उपस्थित रहे।



### संत रविदास विचार मंच की सभा आज


**जबलपुर।** संत रविदास विचार मंच के मोहनलाल चौधरी ने बताया कि मंच की सभा लालमाटी झामनदास चौक खेरमाई मंदिर में 09 मार्च को दोपहर 12.30 बजे आयोजित की गई है। मंच के अध्यक्ष शारदा प्रसाद चौधरी ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को होली पर सावधानी रखने चेतावनी दी जाएगी। साथ ही 12 फरवरी को आयोजित संत रविदास जयंती पर विभिन्न क्षेत्रों से चल समारोह में शामिल झांकियों व कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। मंच के कमल चौधरी, रामसिपाही सेठ, श्यामलाल चौधरी, लखन खरे, नारायण विश्वकर्मा, मीनाबाई, रामबाई, सीताबाई, रामकली, चंदाबाई ने सभा में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### भावनाए की बैठक संपन्न

जबलपुर। भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसियेशन जबलपुर की मासिक बैठक हरिशंकर परसाई भवन में 08 मार्च को शाम 05 बजे आयोजित की गई जिसमें सीजीएचएस एवं अन्य विषयों पर चर्चा के साथ होली मिलन समारोह 16 मार्च को शाम 04 बजे मनाने पर चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष टीके रायघटक, डीके सिंह, एसके श्रीवास्तव, हरजीवन विश्वकर्मा, एचएल जांगड़े, दिनेश चौरे, आरबी शाह, आरआर दुबे, विनायक राव सोरते, नंदलाल कोष्टा, हरिसिंह, महेन्द्र नामदेव, रमाकांत कटियार, शंकरलाल विनोदिया, नारायण दाहिया, अर्जुन कुमार, दिलीप कुमार कुण्डे, अब्दुल रहमान, एके स्थापित सहित अन्य उपस्थित रहे।

### निधन

**श्री गोविंद दीवान-** सुहागी निवासी श्री गोविंद दीवान का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। शोकाकुल परिवार- श्रीमती सरला दीवान (पत्नी), विजय दीवान (पुत्र) । अंतिम संस्कार आज उनके निज निवास से 11:30 बजे ग्वारीघाट श्मशान भूमि के लिए प्रस्थान करेगी।



**श्री संदीप यादव-** छापर रामपुर निवासी श्री हरिदास यादव के पुत्र श्री संदीप यादव (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मुक्तेश्वरी राजपूत-** शीतलामाई वार्ड निवासी श्री वीरेंद्र राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती मुक्तेश्वरी राजपूत का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुशीला पाठक-** बुद्ध काछी का बाड़ा मानेगांव रांझी निवासी श्री हरि शंकर पाठक की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला पाठक (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राजकुमारी बेन-** सेठ गोविंददास वार्ड निवासी श्री मेवा लाल बेन की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी बेन (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जगदीश दाहिया-** छोटी ओमती निवासी श्री जगदीश दाहिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमलेश पासी-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री भजन लाल पासी की धर्मपत्नी श्रीमती कमलेश पासी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती श्यामा ठाकुर-** शांति नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री हल्के वीर ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा ठाकुर (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कैलाश विश्वकर्मा-** बेलबाग टोरिया छुई मोहल्ला निवासी श्री कैलाश विश्वकर्मा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मनोज गौतम-** बधैया मोहल्ला मिलौनीगंज निवासी श्री मनोज गौतम (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री देवेंद्र उपाध्याय-** राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री चंद्रभूषण उपाध्याय के पुत्र श्री देवेंद्र उपाध्याय (21) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रेमवती बावरिया-** मांडवा रामपुर निवासी श्री गेंदा लाल बावरिया की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमवती बावरिया (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रकाश चंद जैन-** दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री प्रकाश चंद जैन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री धर्मेंद्र चौरसिया-** खटीक मोहल्ला सराफा निवासी श्री धर्मेंद्र चौरसिया (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामेश्वर पिल्ले-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री रामेश्वर पिल्ले (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती बबीता ठाकुर-** एच 17, कृषि नगर कॉलोनी अधारताल निवासी श्री मोहल लाल ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती बबीता ठाकुर (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अम्बिका प्रसाद सोनगोत्रा-** सिंगल क्वाटर लालमाटी निवासी श्री अम्बिका प्रसाद सोनगोत्रा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जगदीश प्रसाद पटेल-** टेलीग्राफ गेट नं. 4 साईं मंदिर के पास निवासी श्री बलराम एवं प्रदीप पटेल के भ्राता तथा यशवंत पटेल के पिता श्री जगदीश प्रसाद पटेल (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुलारी बाई-** नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज निवासी श्री ज्ञान सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती दुलारी बाई (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती सुशीला कठेरिया-** लालमाटी निवासी श्री राधेश्याम कठेरिया की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला कठेरिया (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती श्यामा बाई पाठक-** मंजू पथ दीक्षितपुरा निवासी श्री शारदा चरण पाठक की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा बाई पाठक (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 50/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाइट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# निवेश करने से पहले खुद से पूछें ये सवाल


- पूर्व-निर्धारित अवधि तक उसी हिसाब से निवेश करना होगा
- निवेश की रकम तय करते समय सावधान और वास्तविकतावादी बनें

**सफल निवेशक बनने के लिए बचत के पैसों का सही जगह निवेश जरूरी**

**निवेश के समय निर्धारण को इन्वेस्टमेंट होराइजन कहा जाता है**

निवेश मंत्रा
शंभू भद्र

सही जगह निवेश करना हर निवेशक का मकसद होता है। किसी भी तरह के निवेश के लिए बचत करना जरूरी है, लेकिन सिर्फ बचत के पैसे से आप अपनी सारी जरूरतें पूरी नहीं कर पाएंगे। एक सफल निवेशक बनने के लिए, बचत के पैसों को सही जगह निवेश करना जरूरी होता है। एक प्रभावशाली निवेश रणनीति के लिए, अपने आपसे कुछ महत्वपूर्ण सवाल पूछना बहुत जरूरी है। किसी अन्य काम की तरह, आपको अपने आपसे पूछना चाहिए कि आप क्यों निवेश कर रहे हैं। आपको अपना मकसद साफ कर लेना चाहिए। क्या आप पैसे बनाने के लिए, रिटायरमेंट के लिए, कोई संपत्ति खरीदने के लिए, या कोई और काम करने के लिए निवेश कर रहे हैं? यह तय हो जाने के बाद आपको यह सोचना चाहिए कि आपको कितने समय के लिए निवेश करना है, कितना पैसा निवेश करना है, और निवेश करते समय पैसों के मामले में आपको किस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है? अपने उद्देश्य की रूपरेखा तैयार हो जाने के बाद आपको इसके लिए एक अल्पकालिक, मध्यकालिक या दीर्घकालिक लक्ष्य निर्धारित करना होगा।



### अवधि क्या है

निवेश के समय निर्धारण को इन्वेस्टमेंट होराइजन भी कहा जाता है। इससे निवेश की अवधि तय करने में मदद मिलेगी। इस लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए आपको एक पूर्व-निर्धारित अवधि तक उसी हिसाब से निवेश करना होगा। समय-समय पर इस अवधि का मूल्यांकन करना चाहिए और जरूरत पड़ने पर उसमें फेरबदल भी करना चाहिए। इसका मतलब यही है कि किसी भी निवेश की अवधि ऐसी होनी चाहिए कि आप अपने निर्धारित उद्देश्य के अनुसार उसका लाभ उठा सकें।

### मासिक क्षमता कितनी है

आप अपने निवेश के लिए अपनी आमदनी में से कितना पैसा निकाल सकते हैं। आप इसे एकमुश्त भुगतान के रूप में एक बार में ही निवेश करना चाहते हैं या हर महीने थोड़ा-थोड़ा करके। निवेश की रकम तय करते समय आपको सावधान और वास्तविकतावादी होना चाहिए और अपने पैसों को धीरे-धीरे बढ़ने देना चाहिए। अपने संसाधनों के साथ-साथ अपनी निवेश क्षमता के बारे में सबसे ज्यादा जानकारी आपको ही होती है। एकमुश्त भुगतान, इक्विटी में निवेश करने वाले निवेशकों के लिए, बाजार में गिरावट के दौरान, फायदेमंद हो सकता है लेकिन हर महीने एक निश्चित रकम निवेश करने से सहज तरीके से निवेश कर सकते हैं।

### कौन से जोखिम उठाने पड़ेंगे

क्या आपको जोखिम उठाना पसंद है या आप उनसे बचना चाहते हैं। ये जोखिम कई तरह के हो सकते हैं - बाजार, मुद्रास्फीति, रिटर्न, गलत-बिक्री, ब्याज दर, मुद्रा में उतार-चढ़ाव, इत्यादि। शायद ही कोई ऐसा निवेश हो जो कि जोखिम मुक्त हो। इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में बाजार सम्बन्धी जोखिम होता है जो बहुत कम समय में आपका सारा पैसा ख़त्म कर सकता है। एंडोमेंट इंश्योरेंस प्लान में रिटर्न सम्बन्धी जोखिम होता है जहां आपको प्रचलित मुद्रास्फीति दर की तुलना में कम रिटर्न मिल सकता है। डेट म्यूचुअल फंड्स, ब्याज दर में हलचल से प्रभावित हो जाते हैं। आपको इनमें से किसी में भी निवेश करने से पहले निवेश से जुड़े जोखिमों के बारे में अच्छी तरह जान लेना चाहिए।

### क्या टैक्स की बचत होती है

आपको निवेश से टैक्स की बचत के बारे में पूछना चाहिए। अधिकांश निवेशों पर मिलने वाले रिटर्न पर अलग-अलग मानदंडों के आधार पर टैक्स लगता है। टैक्स देने के बाद आपको कितना रिटर्न मिलेगा। उदाहरण के लिए, फिक्स्ड डिपोजिट में आपको 7% प्रति वर्ष की दर से ब्याज मिलता है, लेकिन यदि आप 30% टैक्स देते हैं तो टैक्स देने के बाद आपको 4.9% रिटर्न मिलेगा, जो कि बहुत कम है। आपको ऐसे निवेश साधनों पर विचार करना चाहिए जो आपके टैक्स के बोझ को कम कर सके। उदाहरण के लिए, दीर्घकालिक ऋण निवेश के लिए, पब्लिक प्रोविडेंट फंड आपके लिए सबसे अच्छा विकल्प है क्योंकि इसमें किया जाने वाला निवेश टैक्स-फ्री होता है। इक्विटी में किया जाने वाला निवेश जिसकी अवधि एक साल से अधिक होती है, दीर्घकालिक टैक्स लाभ की दृष्टि से फायदेमंद नहीं है। यदि आप धारा 80C के तहत टैक्स बचाना चाहते हैं और बाजार से जुड़े रिटर्न पाना चाहते हैं तो आप इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम्स (ईएलएसएस) में निवेश कर सकते हैं क्योंकि यह भी टैक्स-फ्री रिटर्न देता है। निवेश जितना अधिक टैक्स बचानेवाला होगा, आप उतनी जल्दी अपना उद्देश्य पूरा कर पाएंगे।

### किस तरह चार्ज देना होगा

एक निवेशक होने के नाते आपको यह जानने का पूरा हक है कि निवेश करने पर कितनी आमदनी होगी। कभी भी जल्दबाजी में निवेश करने की गलती न करें। क्योंकि तरह-तरह के निवेश में तरह-तरह के चार्ज लगते हैं। इसलिए, आपको पूछना चाहिए कि ये चार्ज क्यों लग रहे हैं। आपको पता होना चाहिए कि आपके निवेश की रकम का कितना हिस्सा इस तरह का चार्ज और कमिशन देने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा, और इस तरह के खर्च के बाद आपको कुल कितना रिटर्न मिलेगा।

### निवेश से कैसे बाहर निकलूं

निवेश करने का अंतिम फैसला लेने से पहले, आप पूछें कि इससे कैसे बाहर निकल सकते हैं। आपको कई कारणों से इस निवेश से बाहर निकलना पड़ सकता है। आपको कुछ समय के लिए पैसों की जरूरत पड़ सकती है, आप इस निवेश साधन से खुश नहीं हैं, आपको इससे बेहतर निवेश साधन मिल गया है, इत्यादि। आपको यह अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि आप इसे कब और कैसे छोड़ सकते हैं ताकि जरूरत के समय अफ़सोस न करना पड़े। निवेश साधन बेचने वाले व्यक्ति के मौखिक आश्वासन पर भरोसा करना काफी नहीं है। आपको लिखित में जानने का पूरा हक़ है।

# निवेश से पहले एडवाइजर की मदद लें, फायदे में रहेंगे व बनेंगे धनवान

- स्टॉक मार्केट में निवेश करते वक्त सही स्टॉक एडवाइजर से सलाह लेना जरूरी
- स्टॉक मार्केट में जबरदस्त मुनाफे के लिए सही कंपनी में निवेश करना बेहद जरूरी
- बैंकिंग व फाइनेंस कंपनियों में निवेश करें लॉन्ग टर्म निवेश से जबरदस्त मुनाफा

सलाह
बिजनेस डेस्क

*एक्सपर्ट बताते हैं, जब आप इन्वेस्ट करते हैं, तो एक बात अपने दिल दिमाग में अच्छे से बैठा ले की स्टॉक मार्केट में आप रातों रात करोड़पति नहीं बन सकते हैं और ना ही आपको एक या 2 साल में ही बंपर मुनाफा होगा। बल्कि, अगर आपको सही मायने में स्टॉक मार्केट में खेलना है तो 8 से 10 साल थोड़ा तसल्ली के साथ सब्र करना पड़ेगा, नीव बनने में टाइम लगता है। अगर आपने 8 से 10 साल इंतजार कर लिया तो गारंटी है, उसके बाद आपको बंपर मुनाफा होगा जो आप सोच भी नहीं सकते।*

अगर आप भी स्टॉक मार्केट में निवेश करते हैं या करने जा रहे हैं तो एक बात पल्ले बांध लें, फिर आपको मुनाफा कमाने से कोई नहीं रोक सकता। स्टॉक मार्केट ऐसा चीज है, जहां पर हर कोई इंवेस्टमेंट करके अच्छा खासा पैसा कमाना चाहता है। आजकल के युवा खासतौर पर स्टॉक मार्केट में पैसा लगाकर कई बार रातों रात करोड़पति बनने का भी सपना देख लेते हैं। कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो स्टॉक मार्केट के जरिए अच्छा पैसा कमाकर आज अच्छी लाइफ जी रहे हैं। ऐसे में यह पता होना बहुत जरूरी होता है कि आपको किस स्टॉक में और कब पैसा लगाना है, क्योंकि, एक भी गलत कदम आपके सारे पैसे डूबा सकती है। बाजार के कुछ जाने माने म्युचुअल फंड व स्टॉक मार्केट एक्सपर्ट और एडवाइजरों काकहना है कि अगर आपको स्टॉक मार्केट में इन्वेस्ट करना है, तो सबसे पहला काम आपको एक अच्छा स्टॉक एडवाइजर की जरूरत है। यूं ही अपने मन से आंकड़ों को देखकर कभी भी स्टॉक मार्केट में पैसा ना लगाए। ऐसा करने से कई बार नुकसान हो सकता है। निवेश करने से पहले एक बार एडवाइजर की मदद जरूर लें, उनसे सलाह मशवरा के बाद ही पैसा इन्वेस्ट करें। इससे आपको नुकसान नहीं होगा और आप अच्छा मुनाफा कमा पाएंगे। हमेशा लंबी अवधी के निवेश का प्लान करें।

### यह रखें ध्यान

जानकारों ने बताया कि जो फंडामेंटल कंपनी होती है, जैसे कि बैंकिंग कंपनी और फाइनेंस कंपनी इनमें आप पैसा आंख बंद करके लगा सकते हैं। उनके जो टॉप फाइव या टॉप 10 कंपनी है। उसको आप देख लें और उसमें पैसा लगाए और एक बात का ध्यान रखें। पैसा लगाने के बाद रातों-रात करोड़पति बनने का सपना छोड़ दें। क्योंकि, यहां पर अगर आप सही मायने में मुनाफा कमाना चाहते हैं, तो 8 से 10 साल इंतजार करना पड़ता है, तब आपको स्ट्रांग रिटर्न देखने को मिलेगा। ऐसा करनेद से आपको धनवान बनाने से कोई नहीं रोक पाएगा और आप आसानी से स्टॉक मार्केट में निवेश कर पैसा कमाएंगे और अपनी भविष्य की जरूरतों को पूरा कर सकेंगे।



### मार्केट में फिलहाल बढ़ा है दबाव

बाजार के जानकारों का कहना है कि इस समय मार्केट थोड़ा सा डाउन चल रहा है, लेकिन अब यह केरेक्शन फेज में आ चुका है और धीरे-धीरे आगे की तरफ जाएगा, क्योंकि, ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी की वजह से मार्केट में दबाव देखने को मिला है। इसके अलावा अमेरिका इन्वेस्टर जो है। अब उनको अच्छा खासा रिटर्न अमेरिका में ही मिलने की उम्मीद है। ऐसे में वह भारतीय मार्केट से भी कुछ पैसे वापस लेंगे। हालांकि, सारे नहीं लेंगे, तो ऐसे में मार्केट में दबाव थोड़ा बढ़ गया है, लेकिन यह स्थिति हमेशा नहीं रहने वाली। साथ ही, मार्केट का काम ही है ऊपर नीचे होना, कोई ना कोई पॉलिसी मार्केट को ऊपर ले जाता है तो कभी नीचे। इससे बहुत अधिक घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसा नहीं की मार्केट फिलहाल एकदम दबाव में है धीरे-धीरे ऊपर की तरफ जा रहा है। ऐसे में जो कंपनी के नाम बताया है उसमें अगर आप इन्वेस्ट करते हैं तो आपको लॉन्ग टर्म में जबरदस्त मुनाफा देखने को मिलेगा, क्योंकि इन कंपनी का फंडामेंटल्स बहुत मजबूत है।

### रातों-रात नहीं, करना होगा इंतजार

#### क्या है शेयर बाजार

शेयर बाजार एक केंद्रीकृत मंच है जहां सभी खरीदार और विक्रेता विभिन्न कंपनियों के शेयरों में व्यापार करने के लिए जमा होते हैं। व्यापारी भौतिक शेयर बाजार पर ऑफ़लाइन व्यापार कर सकते हैं या एक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने ट्रेडों को ऑनलाइन रख सकते हैं। यदि आप ऑफ़लाइन व्यापार कर रहे हैं, तो आपको अपने ट्रेडों को पंजीकृत ब्रोकर के माध्यम से रखना होगा। एक शेयर बाजार को 'स्टॉकमार्केट' भी कहा जाता है। दोनों टर्मज़ को एक दूसरे के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। भारत में दो शेयर बाजार हैं। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज। केवल सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनियों यानी प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) आयोजित करने वाली कंपनियों के पास ऐसे शेयर हैं जिनका कारोबार किया जा सकता है।



# फाइनेंशियल प्लानिंग में महिलाओं का कोई 'सानी' नहीं तभी तो कहलाती हैं 'गृहलक्ष्मी'

- महिलाएं वित्तीय मामलों का बेहतर फैसला लेने में सक्षम, देश में लगभग 69 फीसदी महिलाएं घरों की वित्तीय स्थिति से जुड़े फैसले लेती हैं
- भारत में निवेश करने वाली महिलाओं की संख्या 60% से अधिक है, 56 महिलाएं भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर लक्ष्य बनाती हैं

बचत
विनोद कौशिक

घर के साथ-साथ बच्चों, पैसों व फाइनेंशियल प्लानिंग के मामले में महिलाओं का कोई 'सानी' नहीं है, तभी तो उन्हें 'गृहलक्ष्मी' यानी घर की देवी भी कहा जाता है। वे जितना ध्यान बच्चों को संवारने में लगाती हैं उतना ही पैसा बढ़ाने में लगाती हैं। वे घर के खर्चों से भी कुछ न कुछ बचाकर रखती हैं और जरूरत पड़ने पर घर में आई आर्थिक विपदा को भी हर लेती हैं। इसलिए महिलाए पुरुषों से अधिक समझदार निवेशक हैं। अगर वे बचत को सही जगह निवेश कर दें तो पुरुषों के मुकाबले कहीं जल्दी पैसों को दोगुना करने की क्षमता रखती हैं। इसलिए महिलाओं को बेहतर निवेशक का दर्जा दिया है। आजकल महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। महिलाएं अब घर-परिवार और बच्चे के लिए यहां तक की अपने रिटायरमेंट की भी प्लानिंग कर रही हैं। वे पैसा बचाकर गोल्ड, एफडी, शेयर बाजार और म्युचुअल फंड जैसे कई विकल्पों में निवेश कर रही है। इस रिपोर्ट के जरिये हम जानेंगे कि महिलाएं बेहतर निवेशक क्यों हैं और वे कैसे अपने फंड और पोर्टफोलियो को मैनेज कर सकती हैं। घर संभालने के साथ साथ परिवार को आर्थिक संकट से कैसे बचाती हैं।

### वित्तीय मामलों का बेहतर फैसला लेने में सक्षम

एक रिपोर्ट के मुताबिक महिलाएं वित्तीय मामलों का बेहतर फैसला लेने में सक्षम होती हैं। देश में लगभग 69 फीसदी महिलाएं ऐसी हैं, जो घरों की वित्तीय स्थिति से जुड़े फैसला लेती हैं। निवेश करने वाली महिलाओं की संख्या 60 फीसदी है। लगभग 56 महिलाओं का कहना है कि वे भविष्य की वित्तीय जरूरतों को ध्यान में रखकर लक्ष्य बनाती हैं, जिन्हें पूरा करने के लिए निवेश करती हैं।

### रिटायरमेंट की प्लानिंग में भी पीछे नहीं

अधिकतर महिलाओं का कहना है कि वे इमरजेंसी की हालत से निपटने के लिए भी अलग से बचत करती हैं, ताकि जरूरत के समय उन्हें परेशान नहीं होना पड़े। इसके साथ ही रिटायर होने के बाद का समय अच्छे से बीते इसके लिए भी महिलाएं निवेश कर रही है। लगभग 83 फीसदी महिलाओं का कहना है कि रिटायर होने के बाद वे अच्छे से जीवन जीना चाहती हैं, इसलिए इसके लिए अलग से बचत कर रही हैं।

### विशेषज्ञों से सलाह

महिलाएं निवेश करने से पहले विशेषज्ञों से सलाह लेना बेहतर मानती हैं। पांच में से तीन महिलाएं ऐसा करती हैं। उनका कहना है कि वित्तीय निवेशकों की बात माननी चाहिए, ताकि उनका निवेश का फैसला गलत साबित नहीं हो। इसमें वे विशेषज्ञों को अपने वित्तीय लक्ष्य और जरूरतों के बारे में अच्छे से बताकर सही जगह निवेश करती हैं। इससे वे आसानी से अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकती हैं। इसलिए महिलाओं को बेहतर निवेशक माना गया है। वे परिवार को लेकर भी चिंतित रहती हैं।

### जमकर कर रही निवेश

कहते हैं महिलाएं घर, बच्चे और अपने काम सभी की जिम्मेदारी अच्छे से निभा लेती हैं। अपने परिवार और बच्चों के भविष्य की वित्तीय जरूरतों को समझते हुए भी महिलाएं निवेश कर रही हैं। रिपोर्ट में सामने आया है की लगभग 37 फीसदी महिलाएं बच्चों के साथ अपने घर के बुजुर्गों के लिए भी निवेश कर रही हैं। अपने परिवार के सदस्यों पर वे बिना संकोच के खर्च करती हैं।

### ये निवेश का पसंदीदा विकल्प

महिलाएं सबसे ज्यादा म्युच्युअल फंड, गोल्ड और एफडी में निवेश करती हैं। बैंक बाजार द्वारा किए गए एक सर्वे में यह सामने आया कि म्युच्युअल फंड में निवेश करने में महिलाएं पुरुषों से आगे हैं। देश के 6 मेट्रो शहरों की महिलाओं पर किए गए सर्वे में यह सामने आया कि महिलाएं न निवेश कर रही है, बल्कि खुद का बीमा कराने में भी पीछे नहीं है।

### सोने में निवेश

महिलाओं के निवेश करने के लिए सोना पहले से ही चला आ रहा है। पुराने जमाने में महिलाएं सोने में ही निवेश करती है। वहीं आज के समय में भी सोने में निवेश करना काफी समझदारी वाली बात है क्योंकि सोने की कीमत कभी घटती नहीं हैं। साल दर साल सोने के दाम बढ़ ही रहे हैं। ऐसे में सोने में महिलाओं को निवेश जरूर करना चाहिए।

### म्यूचुअल फंड एसआईपी

बेहतर रिटर्न पाने के लिए म्यूचुअल फंड एसआईपी में निवेश करना सबसे बेस्ट ऑप्शन होता है। महिलाएं केवल हर महीने 500 रुपये से म्यूचुअल फंड एसआईपी में निवेश शुरू कर सकती है। अगर महिलाएं हर महीने नियमित रूप से म्यूचुअल फंड एसआईपी में निवेश करती हैं, तो कुछ ही सालों में महिलाएं काफी ज्यादा फंड इकट्ठा कर सकती हैं।

### महिला सम्मान बचत योजना

अगर किसी महिला के पास इकट्ठा पैसा है, तो वह सरकारी महिला सम्मान बचत योजना में भी निवेश कर सकती है। सरकारी द्वारा चलाई जा रही महिला सम्मान बचत योजना में आप 2 साल के लिए अपने पैसों को निवेश कर सकती है। इस योजना में आपको 7.5 प्रतिशत की दर से ब्याज का लाभ मिलेगा।

### एलआईसी और एफडी जैसे ऑप्शन भी हैं बेस्ट

एलआईसी द्वारा महिलाओं के लिए कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही हैं। महिलाएं इन योजना में निवेश करके भी अपना भविष्य सुरक्षित कर सकती हैं। इसके अलावा बैंक एफडी बेहतरीन निवेश का विकल्प है।

# टॉप निवेश प्लान जो कुछ सालों में आपको दे सकते हैं अच्छा रिटर्न



- हमेशा धैर्य और संयम के साथ करते जाएं निवेश
- निवेश करने से पहले अपनी रिस्क क्षमता को भी जांच लें

सुझाव
बिजनेस डेस्क

अगर आप भी निवेश कर रहे हैं या ऐसा प्लान बना रहे हैं तो कुछ नियम आपको अच्छी कमाई करवा सकते हैं। सिर्फ आपको लंबी अवधि के लिए संयम और धैर्य के साथ निवेश करना होगा। निवेश करने से पहले अपनी रिस्क क्षमता को भी जांच लें। इससे आप बेहतर तरीके से निवेश कर पाएंगे। निवेशकों के पास अल्पकालिक वित्तीय लक्ष्य होते हैं। इसका विस्तार नई संपत्ति खरीदने से लेकर नया बिजनेस शुरू करने तक हो सकता है। वित्तीय लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। इसके लिए आपको निवेश को थोड़ा लंबी अवधि के लिए करना होगा। इस रिपोर्ट में हम आपको बताने जा रहे हैं निवेश के कुछ ऐसे ही विकल्प जो आपको अच्छा मुनाफा दे सकने मे सक्षम हैं और आपके वित्तीय लक्ष्य को पूरा कर सकते हैं।

### डायरेक्ट इक्विटी

अगर आपको फाइनेंशियल मार्केट की अच्छी जानकारी है, तो सही रिटर्न पाने के लिए डायरेक्ट इक्विटी में निवेश करना एक बेहतरीन निवेश हो सकता है। आप वित्तीय और आर्थिक परेशानियों को दूर करने और सही चुनाव करने के लिए उनकी रणनीतियों का मूल्यांकन करने के लिए अलग-अलग उद्योगों और उनके कार्य मॉडल को समझकर पोर्टफोलियो में विविधता ला सकते हैं।

### म्यूचुअल फंड

म्यूचुअल फंड ऐसे निवेशकों की मदद करते हैं, जिनका एक सामान्य वित्तीय उद्देश्य होता है, ताकि वे ज़्यादा रिटर्न के लिए वित्तीय साधनों में निवेश कर सकें। इसे एसेट मैनेजमेंट कंपनी के एक पेशेवर द्वारा मैनेज किया जाता है और इसलिए इसे एक सुरक्षित निवेश साधन माना जाता है। आप स्टॉक, बॉन्ड या अन्य मनी मार्केट आधारित म्युचुअल फंडों में निवेश कर सकते हैं। म्यूचुअल फंड को सेक्टर या मार्केट कैपिटलाइज़ेशन के आधार पर श्रेणीबद्ध किया जा सकता है। कई तरह के म्यूचुअल फंड पांच सालों में रिटर्न पा सकते हैं, जैसे कि मल्टी-कैप, बैलेंस्ड एडवांटेज, मिड-कैप, शॉर्ट-ड्यूरेशन, गिल्ट आदि। अपने वित्तीय उद्देश्य का पता लगाएं और अपनी सामर्थ्य का विश्लेषण करें। फिर, मनचाहे रिटर्न पाने के लिए सबसे अच्छा म्यूचुअल फंड विकल्प का पता लगाने के लिए फंड की परफॉर्मेंस, खर्च का रेश्यो, और एंट्री और एग्जिट लोड का मूल्यांकन करें।



### इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम

ईएलएसएस (इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम) एक सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान है जो म्यूचुअल फंड में आराम से और नियमित रूप से निवेश करने में मदद करता है, जैसे कि हर महीने पॉलिसी की पूरी अवधि के दौरान। यह सस्ता हो जाता है और पांच साल की पॉलिसी अवधि के दौरान निवेश पर रिटर्न देता है, बशर्ते आप सही चुनाव करें। मार्किट और आर्थिक उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए फ़ंड की विविधता अलग-अलग सेक्टरों में होनी चाहिए। ईएलएसएस में किए गए निवेश इनकम टैक्स अधिनियम, 1961 की धारा 80सी के तहत टैक्स कटौती के लिए भी पात्र होंगे।

**यूलिप प्लान:** यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) एक कॉमप्रिहेंसिव लाइफ इंश्योरेंस प्लान है, जिसमें दोहरे फ़ायदे मिलते हैं. प्रीमियम का एक हिस्सा लाइफ कवर देता है, और दूसरा मेच्योरिटी होने पर बाज़ार से जुड़े रिटर्न के लिए वित्तीय सिक्योरिटीज़ में निवेश करने में मदद करता है। इसमें पांच साल का लॉक-इन पीरियड होता है और, लाइफ इंश्योरेंस प्लान में की गई सेविंग्स और भुगतान से मिलने वाले फ़ायदों पर इनकम टैक्स एक्ट, 1961 की धारा 80सी और धारा 10 (10डी) के तहत टैक्स कटौती और छूट का फायदा मिलता है। लाइफ इंश्योरेंस प्रोवाइडर जोखिम कारकों के आधार पर फंड के कई विकल्प प्रदान करते हैं। इसलिए, जब आप यूलिप प्लान में निवेश करते हैं, तो आप जोखिम उठाने की क्षमता के आधार पर, निवेश के प्रकार, जैसे कि इक्विटी, डेब्ट या हाइब्रिड के बारे में फैसला कर सकते हैं।

**गारंटीड रिटर्न प्लान्स :** अगर आप मंथली इनकम वाले निवेश प्लान की तलाश में हैं, जो 5 साल में रिटर्न दे सके, तो गारंटीड रिटर्न इंश्योरेंस प्लान एक उपयुक्त विकल्प है। यह मैच्योरिटी बेनिफ़िट के तौर पर लाइफ़ कवर और गारंटीड रिटर्न दे सकता है। चूंकि रिटर्न की गारंटी होती है, आप अपने पैसे के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए ज़रूरी फ़ंड की सीमा और पॉलिसी अवधि के बारे में फ़ैसला कर सकते हैं। इंश्योरर रेगुलर इनकम, लम्पसम या दोनों विकल्पों के कॉम्बिनेशन के तौर पर भुगतान प्राप्त करने का विकल्प प्रदान करते हैं।

**रियल एस्टेट:** पांच सालों में रिटर्न पाने के लिए भारत में रियल एस्टेट लाभदायक निवेश विकल्प है। रियल एस्टेट निवेश से रेंटल इनकम या पूंजी में बढ़ोतरी के तौर पर रिटर्न मिल सकता है। यह मूल्य व किराये से होने वाली इनकम का निर्धारण करने वाला कारक है।

**गोल्ड :** ज्वेलरी के तौर पर गोल्ड खरीदने के अलावा उसे अपने पास रखने के अलग-अलग तरीके हैं, जैसे कि गोल्ड के सिक्के, पेपर गोल्ड, आदि। यह एक और मूल्यवान रिटर्न निवेश विकल्प है, जिस पर 5 सालों में रिटर्न मिल सकता है। आप एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स या सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड्स को भी खरीद सकते हैं और बेहतर रिटर्न के लिए उन्हें एक्सचेंज पर ट्रेड कर सकते हैं। हालांकि मूलभूत संपत्ति के तौर पर गोल्ड के साथ इन स्टॉक्स को खरीदने और बेचने के लिए कुछ जानकारी की आवश्यकता होती है, लेकिन अगर आपको यह सही लगे तो लंबी अवधि में इसके मूल्य में वृद्धि हो सकती है।

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नया वर्ल्ड ऑर्डर बना रहे हैं, उन्हें लग रहा है कि पुराने वर्ल्ड ऑर्डर में अमेरिका को नुकसान हो रहा है। ट्रंप की नीतियों से केवल यूरोप और अमेरिकी सहयोगी ही प्रभावित नहीं होंगे बल्कि भारत के लिए भी नई चुनौतियां खड़ी होंगी। ट्रंप ने भारत पर 2 अप्रैल से रेसिप्रोकल टैरिफ (जवाबी शुल्क) लगाने का ऐलान किया है। कनाडा और मैक्सिको पर 25 फीसदी और चीन के आयात पर भी 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ प्रभावी किए जाने के बाद इन देशों के द्वारा भी अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाए जाने से नया ट्रेड वॉर शुरू हो गया है। निश्चित रूप से इस समय ट्रंप के टैरिफ तूफान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की डगर को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। दोनों देश टैरिफ और नॉन टैरिफ बाधाओं को कम करने के प्रयास में लगे हुए हैं। दोनों देशों के बीच व्यापारिक वार्ता से इस मसले का हल निकलने की उम्मीद है। वहीं दूसरी ओर जबरन कब्जे को लेकर ट्रंप के नए फैसले व व्यवहार से उदार विश्व व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। रूस पर अभी भी अमेरिकी प्रतिबंध लागू हैं और ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि उन्हें तभी हटाया जाएगा, जब रूस यूक्रेन में युद्ध खत्म कर देगा। ट्रंप की नीतियों को लेकर न केवल पूरी दुनिया में उथल-पुथल की स्थिति है बल्कि अमेरिका के भीतर भी कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। इसी स्थिति का आकलन करता आजकल का यह अंक..**

# नया वर्ल्ड ऑर्डर बना रहा अमेरिका



कूटनीति
शंभू भद्र
वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार

**ट्रंप अमेरिकी फर्स्ट की बात कर रहे हैं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की पर आक्रामक हो रहे हैं, रूस के साथ बात कर रहे हैं, भारत व चीन पर रेसिप्रोकल टैक्स आयद कर रहे हैं। पेरिस जलवायु करार व विश्व स्वास्थ्य संगठन से निकल गए हैं, संयुक्त राष्ट्र व नाटो से निकलने की चेतावनी दे रहे हैं। यूक्रेन पर रूस के हमले की तीसरी बरसी पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस हफ़्ते रूसी हमले की निंदा के लिए एक प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन अमेरिका ने उत्तर कोरिया, बेलारूस और सूडान की पंक्ति में खड़े होकर रूस का पक्ष लिया। दूसरी तरफ़ ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, इटली और जापान के साथ ज़्यादातर देशों ने रूस का विरोध किया।**

अमेरिका की कमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास दोबारा आने के बाद पिछले क़रीब 75 सालों से जो वर्ल्ड ऑर्डर था, वो बदलता दिख रहा है। ट्रंप अब नया वर्ल्ड ऑर्डर बना रहे हैं, उन्हें लग रहा है कि पुराने वर्ल्ड ऑर्डर में अमेरिका को नुक़सान हो रहा है। ट्रंप अमेरिकी फर्स्ट की बात कर रहे हैं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की पर आक्रामक हो रहे हैं, रूस के साथ बात कर रहे हैं, भारत व चीन पर रेसिप्रोकल टैक्स आयद कर रहे हैं। पेरिस जलवायु करार व विश्व स्वास्थ्य संगठन से निकल गए हैं, संयुक्त राष्ट्र व नाटो से निकलने की चेतावनी दे रहे हैं। यूक्रेन पर रूस के हमले की तीसरी बरसी पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस हफ़्ते रूसी हमले की निंदा के लिए एक प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन अमेरिका ने उत्तर कोरिया, बेलारूस और सूडान की पंक्ति में खड़े होकर रूस का पक्ष लिया। दूसरी तरफ़ ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, इटली और जापान के साथ ज़्यादातर देशों ने रूस का विरोध किया। दिलचस्प है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में फ्रांस और ब्रिटेन ने रूस की निंदा करने वाले प्रस्ताव का खुलकर समर्थन किया, लेकिन जैसे ही अमेरिका संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस की बिना निंदा किए यूक्रेन में जारी जंग ख़त्म करने का प्रस्ताव लाया तो फ्रांस और ब्रिटेन ने वीटो नहीं किया।

ब्रिटेन और फ्रांस संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य हैं और दोनों चाहते तो अमेरिका के इस प्रस्ताव को वीटो कर सकते थे लेकिन दोनों वोटिंग से बाहर रहे। अमेरिका का यह प्रस्ताव 10 वोटों से पास हो गया लेकिन ब्रिटेन और फ्रांस के अलावा यूरोप के तीन और देश ग्रीस, डेनमार्क और स्लोवेनिया वोटिंग से बाहर रहे। फ्रांस और ब्रिटेन जो चीन और भारत व रूस के दोस्त माने जाते हैं, उनके व्यवहार में भी रूस को लेकर ट्रंप की तरह क्रांतिकारी बदलाव नहीं आया है। यूएन महासभा में रूस की निंदा वाले प्रस्ताव पर वोटिंग से चीन और भारत बाहर रहे जबकि अमेरिका ने रूस के पक्ष में मतदान किया। चीन और भारत की विदेश नीति में रूस को लेकर एक तरह की निरंतरता है जबकि अमेरिका के रुख़ में अविश्वसनीय बदलाव आया है। एक वैकल्पिक दुनिया में भारत की अपनी जगह सुरक्षित है। भारत नहीं चाहता है कि क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन या विस्तारवाद को समर्थन या मान्यता दी जाए। भारत यूरोप के साथ भी सकारात्मक संबंध बनाकर रखना चाहता है। रूस के प्रति ट्रंप की उदारता स्थायी है या अस्थायी, इसे अभी समझा जाना बाक़ी है।

## क्या है वैश्विक व्यवस्था

अभी यह देखना बाक़ी है कि ट्रंप का रुख रूस व चीन को लेकर समान रहता है या अंतर रहता है। ट्रंप की नीति पर अभी कुछ भी कहना ख़तरे से ख़ाली नहीं है कि आखिर अमेरिका चाहता क्या है? पर अमेरिका वर्ल्ड ऑर्डर को जरूर बदल रहा है। वर्ल्ड ऑर्डर यानी वैश्विक व्यवस्था का मतलब उस व्यवस्था से है, जो दूसरे विश्व युद्ध के बाद बना था। दूसरे विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र बना था और वैश्विक व्यवस्था के संचालन में इसकी अहम भूमिका थी। अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में इस बात को प्रमुखता से शामिल किया था कि कोई भी देश किसी दूसरे देश के भूभाग को जबरन अपने में नहीं मिला सकता है। इस तरह की सैन्य कार्रवाई को अपराध के दायरे में रखा गया था। अमेरिका ने इसी व्यवस्था को बनाए रखने के लिए 1950 में उत्तर कोरिया के ख़िलाफ़ अपने सैनिकों को भेजा था और 1991 में इराक़ी आक्रामकता से लड़ने के लिए सैनिकों की तैनाती की थी।

## जबरन कब्जे की 150 से ज़्यादा घटनाएं

1816 से 1945 के बीच एक-दूसरे देश के भूभाग पर जबरन क़ब्ज़े की 150 से ज़्यादा घटनाएं हुईं, लेकिन 1945 के बाद एक वैश्विक व्यवस्था बनी, जिसे संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका का संरक्षण हासिल था और इस व्यवस्था के ज़रिए एक-दूसरे के क्षेत्र पर नियंत्रण को रोक दिया गया। अब डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका की इस उपलब्धि को पीछे छोड़ चुके हैं। 'लिबरल वर्ल्ड ऑर्डर' प्रतिबद्धताओं, सिद्धांतों और मानदंडों पर बनाए गए अंतरराष्ट्रीय संबंधों की एक व्यवस्था है। इसके मूल में अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र की महासभा और सुरक्षा परिषद जैसी संस्थाएं हैं। 'उदार विश्व व्यवस्था' मुक्त व्यापार जैसे मूल्यों का भी प्रतिनिधित्व करती है, जिसे विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ), अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाएं बरकरार रखती हैं। इसमें सबसे बड़ी धारणा ये वैचारिक मान्यता है कि पश्चिमी उदार लोकतंत्र, सरकार के सर्वश्रेष्ठ मॉडल का प्रतिनिधित्व करता है। अंतरराष्ट्रीय क़ानून के उल्लंघन को संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्तावों या अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के फैसलों के ज़रिए आधिकारिक रूप से उठाया जा सकता है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद आर्थिक प्रतिबंध लगा सकती है या चरम मामलों में सैन्य कार्रवाई को अधिकृत कर सकती है।

## अमेरिका में ही उठ रहे सवाल

ट्रंप के नए फैसले व व्यवहार से उदार विश्व व्यवस्था के अंत की घोषणा करना जल्दबाजी होगी। रूस पर अभी भी अमेरिकी प्रतिबंध लागू हैं और ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि उन्हें तभी हटाया जाएगा, जब रूस यूक्रेन में युद्ध खत्म कर देगा। ट्रंप की नीतियों को लेकर न केवल पूरी दुनिया में उथल-पुथल की स्थिति है बल्कि अमेरिका के भीतर भी कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। ट्रंप की नीतियों से केवल यूरोप और अमेरिकी सहयोगी ही प्रभावित नहीं होंगे बल्कि भारत के लिए भी चुनौतियां बढ़ेंगी। दूसरे विश्व युद्ध के बाद आख़िरकार अमेरिका ने विश्व व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कमोबेश एक ज़िम्मेदार देश की भूमिका निभाई है। अब ट्रंप ने उन सारे अंतरराष्ट्रीय नियमों को ठंडे बस्ते में डाल दिया है, जिसकी अमेरिका वकालत करता था। 'मिसाल के तौर पर ट्रंप पनामा नहर पर अमेरिका का नियंत्रण चाहते हैं और ग्रीनलैंड को जबरन लेना चाहते हैं। ये सारी बातें संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन हैं। दूसरी तरफ़ अमेरिका कहता था कि यूक्रेन पर रूस का हमला अवैध है। ऐसे में ट्रंप अगले चार सालों में क्या करेंगे। यह बहुत बड़ा सवाल है। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में भारत के लिए यही अच्छा होगा कि अमेरिकी सहयोगी बनने की बजाय अपनी स्वतंत्र विदेश नीति के साथ रहे। भारत अपनी बुद्धिमत्ता से काम ले रहा है क्योंकि उसने क्वॉड और ब्रिक्स दोनों में रहकर विकल्प खुला रखा है।

भारत में सरकारें बदलती हैं लेकिन विदेश नीति में एक किस्म की निरंतरता है। अमेरिका की तरह नहीं है कि बाइडन रूस के ख़िलाफ़ हैं और ट्रंप आए तो रूस के दोस्त बन गए। भारत की विदेश नीति की बुनियाद गुट निरपेक्षता में रखी गई थी यानी भारत किसी गुट में नहीं होगा। भारत की इस विदेश नीति का पालन सभी सरकारों ने किया। पिछले 11 सालों से बीजेपी की सरकार है और यह सरकार बहुध्रुवीय दुनिया की वकालत कर रही है। भारत किसी गुट में नहीं है और भारत सभी गुटों में है। भारत पारंपरिक रूप से बहुपक्षीय वैश्विक संस्थानों और नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का समर्थक रहा है। भारत नहीं चाहता है कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद जो ग्लोबल ऑर्डर बना था, वो ध्वस्त हो जाए। भारत ने इसी ग्लोबल ऑर्डर में अपनी पकड़ मज़बूत बनाने की कोशिश की, लेकिन ज़रूरी नहीं है कि यह व्यवस्था नष्ट होती है तो भारत के ख़िलाफ़ ही जाएगा। भारत समेत उन सभी देशों के लिए संदेश है कि आप किसी की पीठ थपथपाने से बैटल ग्राउंड मत बनिए। भारत को इस सच का सामना करना होगा कि पुरानी दोस्ती और साझेदारी शायद भविष्य में काम न आए। भारत रूस पर भी आश्रित नहीं रह सकता है क्योंकि पुतिन और ट्रंप अब एक ही पाले में हैं। चीन की क़रीबी पाकिस्तान से बढ़ रही है और ग्लोबल साउथ की अहम शक्तियां ब्राज़ील और दक्षिण अफ़्रीका भी दिल्ली की तुलना में बीजिंग के क़रीब हैं।

## क्या होगा जब अमेरिका नाटो से हटेगा

नाटो के लिए अमेरिका इसलिए जरूरी है कि पूरे यूरोप में एक लाख से अधिक अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। इनमें से कुछ अमेरिकी गैर नाटो अभियानों में भी सहायता करते हैं। इस वक्त यूरोपीय देशों में से जर्मनी में सबसे अधिक अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। इसके बाद इटली और ब्रिटेन में अमेरिकी सेना है। फिर पूरी दुनिया को पता है कि अमेरिका वैश्विक महाशक्ति है, जिसकी जीडीपी साल 2024 में बाकी सभी नाटो सदस्य देशों के बराबर थी। रक्षा पर अमेरिका का कुल खर्च नाटो के कुल खर्च का दो तिहाई है। इन सबसे जाहिर है कि अगर अमेरिका नाटो का साथ छोड़ता है तो सदस्य देशों की सैन्य क्षमता में कमी आएगी। नाटो में अमेरिका के नहीं होने से संगठन की सैन्य क्षमता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अलग हो जाएगा। इससे सदस्य देशों की सामूहिक सुरक्षा की स्थिति कमजोर होगी। हालांकि, जर्मनी के होने वाले चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने यूरोप के सभी देशों से कहा है कि जितनी जल्द संभव हो यूरोप को और मजबूत करने की जरूरत है, जिससे अमेरिका से आजादी मिल सके। अमेरिका से नाटो को मिलने वाली फंडिंग भी रुक जाएगी और बाकी सदस्य देशों के लिए खर्च चलाना मुश्किल हो जाएगा। नाटो के बाकी देशों के पास कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम, स्पेस वेपंस और हथियारों की सप्लाई का भी विकल्प नहीं है। ऐसे में यूरोप को खतरे का सामना करना पड़ेगा, खासकर रूस यूरोप पर हमलावर हो सकता है, जिसके लिए यूरोप न तो तैयार है और न ही सालों में तैयारी कर पाएगा। अमेरिका के साथ छोड़ने के बाद यूरोप के देशों को अपनी सैन्य ताकत अपने देश की रक्षा में लगानी होगी और यूक्रेन को तुरंत ही हथियारों की कमी का सामना करना पड़ेगा।

## अमेरिका का प्रभुत्व भी घटेगा

यूएन से अमेरिका के हटने से खुद ट्रंप के लिए आसान नहीं होगा, बल्कि इससे अंकल सैम के सामने समस्या ही आएगी। यूरोप के देश अपने यहां ही नहीं, अफ्रीका और पश्चिमी एशिया में भी अमेरिका को ठहरने नहीं देंगे। इनमें से बहुत से देश रूस और चीन के करीब चले जाएंगे।

सबसे पहले तो यही होगा कि वैश्विक मंच से अमेरिका नदारद हो जाएगा। उसका वीटो का अधिकार खत्म हो जाएगा। यूएन सिक्योरिटी काउंसिल के पांच स्थायी सदस्यों में से एक अमेरिका को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ेगी। यूएन का साथ छोड़ने से वैश्विक स्तर पर अमेरिका का वार्ता और मध्यस्थता का अधिकार खत्म होगा ही, वैश्विक मुद्दों पर इसकी पकड़ कमजोर होगी और चीन की पकड़ बढ़ती जाएगी। अमेरिका के साथ छोड़ने पर यूएन की एजेंसियों की मजबूरी होगी कि वे चीन के झंडे के नीचे आ जाएं। चीन इसे अवसर की तरह लपकेगा।



# टैरिफ से मुकाबले में भारत की रणनीति



ट्रेड वार
डॉ. जयंतीलाल भंडारी
ख्यात अर्थशास्त्री

हाल ही में 5 मार्च को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 2 अप्रैल से रेसिप्रोकल टैरिफ (जवाबी शुल्क) लगाने का ऐलान किया है। ट्रंप के द्वारा 4 मार्च से कनाडा और मैक्सिको पर 25 फीसदी और चीन के आयात पर भी 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ प्रभावी किए जाने के बाद इन देशों के द्वारा भी अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाए जाने से नया ट्रेड वॉर शुरू हो गया है। यद्यपि अभी ट्रंप ने भारत पर टैरिफ रेट का ऐलान नहीं किया है, किन्तु भारत पर टैरिफ वृद्धि चीन और कनाडा से कम ही होगी।

यह स्थिति भारत के पक्ष में है। भारत अभी अमेरिका से आयात होने वाले उत्पादों पर औसतन 9 फीसदी का टैरिफ लगाता है। ऐसे में अमेरिका भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ के आधार पर 9 फीसदी से अधिक टैरिफ नहीं लगाएगा। गोल्डमैन सॉक्स के मुताबिक अमेरिकी टैरिफ से भारत की जीडीपी पर अधिकतम 0.6 फीसदी तक असर संभव है, जोकि बेहद कम है।

## उपयुक्त टैरिफ रियायतें

सिटी रिसर्च के अनुसार भारत को करीब 7 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है, जबकि अमेरिका के साथ व्यापार लक्ष्य 500 अरब डॉलर सुनिश्चित किया गया है। जहां भारत में अमेरिकी टैरिफ से टेक्सटाइल, दवाई, ऑटोमोबाइल, इस्पात, एल्युमिनियम और सेमीकंडक्टर जैसे सेक्टर्स में चिंताएं हैं, वहीं भारतीय शेयर बाजार के दोनों सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बड़ी गिरावट के दौर में हैं। निःसंदेह टैरिफ वार की इन चुनौतियों के बीच भारत अमेरिका के लिए उपयुक्त टैरिफ रियायतों के साथ द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की भी नई रणनीति के साथ ट्रंप की टैरिफ मार से मुकाबला करने की डगर पर सुनियोजित रूप से आगे बढ़ रहा है। खास बात यह भी है कि जहाँ अमेरिका से निर्मित टैरिफ चुनौतियों के बीच अब भारत को निर्यात के नए मौके मिलने की उम्मीद हैं, वहीं ट्रंप की नीति से भारत को चीन प्लस वन के रूप में दुनिया के वैश्विक व्यापार में तेजी से बढ़ने का मौका भी मिलते हुए दिखाई दे सकेगा।

यहां यह उल्लेखनीय है कि 4 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी ने वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया का हर देश भारत के साथ आर्थिक कारोबारी साझेदारी मजबूत करना चाहता है। ऐसे में भारत के उद्योग-कारोबार क्षेत्र के द्वारा नए मौकों को मुट्ठी में करने के लिए तत्परता के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि ट्रंप के द्वारा अपनाई जा रही अमेरिका फर्स्ट और रेसिप्रोकल टैरिफ की नीति के कारण दुनिया में बहुत तेजी के साथ आर्थिक और कारोबारी उठापटक चल रही है।

## डब्ल्यूटीओ अब मुख्य स्तम्भ नहीं

नया व्यापार युद्ध शुरू हो गया है। दुनिया में वैश्विक व्यापार नए सिरे से दोबारा स्थापित होने जा रहा है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) अब मुख्य स्तम्भ के रूप में नहीं बचा है और सबसे पसंदीदा राष्ट्र (एमएफएन) के दर्जे के तहत गैर-भेदभावपूर्ण शुल्क खत्म हो रहे हैं।

ऐसे में भारत ने इस नए बदलाव को समझते हुए रणनीतिपूर्वक एक अप्रैल से प्रभावी होने वाले वर्ष 2025-26 के बजट में अमेरिका से आने



वाली वस्तुओं पर शुल्क घटा दिए हैं। साथ ही मित्र देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की ऐसी नई रणनीति पर आगे बढ़ना शुरू कर दिया है, जिसमें मित्र देशों को पर्याप्त रियायतें भी हैं।

इसी परिप्रेक्ष्य में विगत 28 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय आयोग (ईयू) की प्रेसिडेंट उर्सला वोन लेयेन ने दोनों पक्षों के बीच कारोबार एवं आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार समझौता को लेकर जारी किंतु-परंतु को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। उल्लेखनीय है कि विगत 13 फरवरी को नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई वार्ता के दौरान द्विपक्षीय कारोबार को वर्ष 2030 तक 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। इसी प्रकार भारत के दौरे पर आए ब्रिटेन के व्यवसाय व कारोबार मंत्री जोनाथन रेनाल्ड्स ने कहा कि व्यापारिक समझौते का उद्देश्य पांच से छह वर्षों में द्विपक्षीय कारोबार को तीन गुना करना है।

इसी तरह अमेरिका और ब्रिटेन के साथ भी मुक्त व्यापार व निवेश समझौते को इसी साल 2025 में पूर्ण किए जाने के मद्देनजर भी भारत ने रणनीति तय की है। यह बात महत्वपूर्ण है कि अमेरिका, यूरोपीय आयोग और ब्रिटेन इन तीनों का भारत के कुल द्विपक्षीय वैश्विक कारोबार में एक तिहाई से भी ज्यादा का हिस्सा है। वर्ष 2030 तक भारत इन तीनों के साथ अपने द्विपक्षीय कारोबार को तीन गुना बढ़ाने की डगर पर आगे बढ़ा है। निश्चित रूप से इस समय ट्रंप के टैरिफ तूफान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की डगर को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। पिछले वर्ष से ही इस रणनीति से द्विपक्षीय व्यापार के अच्छे अध्याय लिखे गए हैं। निश्चित रूप से अमेरिका के टैरिफ वार के मुकाबले के लिए भारत की नई द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएँ भारत की मुठ्ठी में एक असरकार हथियार है। भारत के लिए ट्रंप की चुनौतियों के बीच वैश्विक कारोबार के नए अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। एक ओर अमेरिका में भारत के निर्यात बढ़ सकते हैं, वहीं भारत को वैश्विक निर्यात में भी बढ़त मिल सकती है। अब चीन पर अमेरिका द्वारा भारी टैरिफ लगाने से अमेरिका चीन टैरिफ वॉर के कारण जिन क्षेत्रों में चीन अमेरिका को प्रमुखता से निर्यात करता है, उनमे से कई क्षेत्रों में अमेरिका को भारत अपना निर्यात सरलता से बढ़ा सकता है।

## वैश्विक व्यापार में बढ़ने के मौके

इन क्षेत्रों में इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल उपकरण, मोबाइल फोन, फुटवीयर, टेक्सटाइल और गार्मेंट्स, फर्नीचर और घर के सजावटी सामान, वाहनों के कल पुर्जे, खिलौने और रसायन आदि शामिल हैं। इस परिप्रेक्ष्य में भारतीय निर्यातकों को अमेरिका बाजार में पहुंच बढ़ाने के लिए वर्ष 2025-26 के बजट में स्वीकृत किया गया एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन अहम भूमिका निभाएगा। इतना ही नहीं, ट्रंप के रुख और उनकी नीति से भारत को चीन प्लस वन के रूप में दुनिया के वैश्विक व्यापार में तेजी से बढ़ने का मौका भी मिलते हुए दिखाई दे रहा है।

चीन में मैन्यूफैक्चरिंग करने वाली कई विदेशी कंपनियां भी भारत का रुख कर सकती हैं। इन सबके साथ जिस तरह ट्रंप अमेरिका फर्स्ट की रणनीति के साथ अमेरिका को तेजी से आर्थिक मजबूती देने का प्रयास कर रहे हैं, उसी तरह भारत में भी प्रधानमंत्री मोदी इंडिया फर्स्ट की रणनीति को तेजी से आगे बढ़ाकर घरेलू उद्योग कारोबार और अर्थव्यवस्था को तेजी से बेरोकटोक आगे बढ़ाने के मौके को मुट्ठी में ले सकते हैं। हम उम्मीद करें कि सरकार अमेरिकी टैरिफ की नई चुनौतियों के बीच नई द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं और नए मुक्त व्यापार समझौतों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी और अमेरिका सहित अन्य देशों में कारोबार की नई संभावनाओं को मुट्ठियों में लेते हुए वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ाने में सफल होगी।

# वैश्विक व्यापारिक संबंधों में महत्वपूर्ण मोड़



टैरिफ नीति
डॉ. मोनिका राज
शोधार्थी, नव नालन्दा महाविहार

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित पारस्परिक टैरिफ नीति वैश्विक व्यापारिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकती है। यह निर्णय विशेष रूप से उन देशों के खिलाफ लक्षित है जो अमेरिकी वस्तुओं पर उच्च शुल्क लगाते हैं, जिनमें भारत भी शामिल है। ट्रंप प्रशासन का यह कदम भारत-अमेरिका व्यापारिक संबंधों के साथ-साथ वैश्विक व्यापार पर भी गहरा प्रभाव डालेगा। इस नीति के तहत यदि कोई देश अमेरिकी उत्पादों पर उच्च शुल्क लगाता है, तो अमेरिका भी उनके निर्यात उत्पादों पर समान या अधिक शुल्क लगाएगा।

## व्यापारिक संबंध और असंतुलन

भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंध दशकों से मजबूत रहे हैं। भारत अमेरिका को 52.9 अरब डॉलर की वस्तुओं का निर्यात करता है, जबकि अमेरिका से भारत में 29.6 अरब डॉलर का आयात होता है। इस व्यापार असंतुलन के चलते अमेरिका को घाटा होता है, और ट्रंप प्रशासन इसे संतुलित करने के प्रयास में पारस्परिक टैरिफ लागू करने की नीति अपना रहा है। अमेरिका का कहना है कि भारत अमेरिकी ऑटोमोबाइल और अन्य वस्तुओं पर 100 प्रतिशत से अधिक शुल्क लगाता है, जो अनुचित है। ट्रंप प्रशासन की यह शिकायत केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि चीन, यूरोपीय संघ, ब्राजील, कनाडा, मैक्सिको जैसे अन्य देशों के खिलाफ भी इस तरह के आरोप लगाए गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इसे अन्यायपूर्ण बताते हुए कहा है कि अब अमेरिका को भी ऐसे देशों के खिलाफ कड़े व्यापारिक कदम उठाने होंगे।

## भारतीय निर्यातकों को कठिनाई

अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाने से भारतीय निर्यातकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। भारतीय अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा अमेरिकी बाजार पर निर्भर है, विशेष रूप से आईटी, फार्मास्युटिकल्स, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्रों में। यदि अमेरिका भारतीय उत्पादों पर उच्च शुल्क लगाता है, तो इन उद्योगों के लिए अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धा करना कठिन हो जाएगा। भारतीय आईटी कंपनियां अमेरिका में बड़ी संख्या में सेवाएं प्रदान करती हैं। अमेरिका की बड़ी टेक कंपनियां भी भारतीय टैलेंट और आईटी सेवाओं पर निर्भर हैं। हालांकि, यदि अमेरिका व्यापार नीतियों को सख्त करता है और भारतीय आईटी कंपनियों पर अतिरिक्त टैक्स या शुल्क लगाता है, तो इससे भारत के आईटी क्षेत्र को झटका लग सकता है।

## कम होगी प्रतिस्पर्धात्मकता

भारत दुनिया के सबसे बड़े जेनेरिक दवा निर्यातकों में से एक है। अमेरिका भारतीय दवाओं का एक प्रमुख खरीदार है। यदि इस क्षेत्र पर टैरिफ बढ़ाया जाता है, तो भारतीय दवा कंपनियों की प्रतिस्पर्धात्मकता कम हो सकती है और अमेरिकी दवा कंपनियों को इसका फायदा मिल सकता है। अमेरिका ने यह स्पष्ट किया है कि भारत अमेरिकी ऑटोमोबाइल पर 100 प्रतिशत से अधिक शुल्क लगाता है। इस नीति के कारण अमेरिका भी



भारतीय ऑटोमोबाइल और मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों पर भारी टैरिफ लगा सकता है, जिससे भारतीय कंपनियों की अमेरिकी बाजार में बिक्री कम हो सकती है। अमेरिका द्वारा पारस्परिक टैरिफ नीति लागू करने से वैश्विक व्यापार पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। यह नीति केवल भारत ही नहीं, बल्कि चीन, यूरोपीय संघ, कनाडा, मैक्सिको और ब्राजील जैसे देशों को भी प्रभावित करेगी। अगर ये देश भी जवाबी कदम उठाते हैं, तो यह एक व्यापार युद्ध का रूप ले सकता है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। चीन और अमेरिका के बीच पहले से ही व्यापार युद्ध चल रहा है।

अगर अमेरिका अपनी टैरिफ नीति को और सख्त करता है, तो चीन भी जवाबी कार्रवाई कर सकता है। इससे दुनिया भर में कच्चे माल और उत्पादों की कीमतें बढ़ सकती हैं, जिससे वैश्विक व्यापार अस्थिर हो सकता है। यूरोपीय संघ और अमेरिका के बीच भी व्यापारिक मतभेद हैं। यूरोप भी अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ लगाता है, और अगर अमेरिका यूरोपीय देशों के खिलाफ इस नीति को लागू करता है, तो व्यापारिक संबंधों में तनाव बढ़ सकता है। अगर विभिन्न देश एक-दूसरे के खिलाफ टैरिफ बढ़ाते हैं, तो यह वैश्विक व्यापार को धीमा कर सकता है और आर्थिक मंदी को बढ़ावा दे सकता है। 2008 की आर्थिक मंदी के बाद दुनिया की अर्थव्यवस्था पहले ही कई चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे में यह व्यापार युद्ध वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक और बड़ा झटका साबित हो सकता है।

## भारत क्या रणनीति अपनाए?

भारत को अमेरिका के इस कदम का जवाब सोच-समझकर और कूटनीतिक तरीके से देना होगा। कुछ संभावित रणनीतियों पर विचार किया जा सकता है। भारत को अमेरिका के साथ अपने व्यापारिक संबंधों को बनाए रखने के लिए कूटनीतिक स्तर पर बातचीत करनी चाहिए। उच्चस्तरीय बैठकों और व्यापारिक वार्ताओं के माध्यम से समाधान निकालने की जरूरत होगी। भारत को अपनी निर्यात नीति को विविधता प्रदान करनी होगी। वर्तमान में भारत का व्यापारिक ध्यान मुख्य रूप से अमेरिका और यूरोप पर केंद्रित है, लेकिन अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और दक्षिण एशिया में भी नए व्यापारिक अवसर तलाशने होंगे। अगर अमेरिका भारतीय उत्पादों पर टैरिफ लगाता है, तो भारत को अपने घरेलू उद्योगों को मजबूत करने की जरूरत होगी।

## स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा दें

स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देना और नए बाजारों में विस्तार करना इस समस्या का एक समाधान हो सकता है। अमेरिका द्वारा पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा भारत और वैश्विक व्यापार पर व्यापक प्रभाव डाल सकती है। इससे भारतीय निर्यातकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है, और अमेरिका के साथ व्यापार घाटा कम करने की दिशा में भारत को नई रणनीति अपनानी होगी। इसके साथ ही, यह नीति वैश्विक व्यापारिक संबंधों में तनाव पैदा कर सकती है और अन्य देशों को भी अमेरिकी नीतियों के खिलाफ कदम उठाने के लिए प्रेरित कर सकती है।

भारत को अपनी निर्यात रणनीति को मजबूत करने, नई तकनीकों को अपनाने और व्यापार विविधता लाने की दिशा में काम करना होगा, ताकि इस तरह के आर्थिक झटकों से बचा जा सके। इसके साथ ही, सरकार को अमेरिका के साथ संवाद बढ़ाकर व्यापारिक संबंधों को संतुलित बनाने की दिशा में प्रयास करने चाहिए। इस पूरी स्थिति में भारत को अपनी कूटनीतिक शक्ति और आर्थिक नीतियों को संतुलित करने की आवश्यकता होगी। यदि भारत सही रणनीति अपनाता है, तो वह इस संकट को अवसर में बदल सकता है और वैश्विक व्यापार में अपनी स्थिति को और मजबूत कर सकता है।

समूचा बरसाना होली की मस्ती में हो गया सराबोर



# घूंघट की आड़ से बरसीं लाठियां और सबने सुनी हुरियारिनों की मीठी गालियां

एजेंसी ▶▶ बरसाना/मथुरा

घूंघट की ओट से लाठियों की तड़तड़ाहट, अल्हड़ हुरियारों की मस्ती से समूचा बरसाना होली की मस्ती में सराबोर हो गया। जिधर देखा हुरियारों की टोली रंग-गुलाल उड़ाते हुए आगे बढ़ रही थी। हुरियारिन का भी जोश कम नहीं था, वे भी हुरियारों पर जमकर गुलाल तो उड़ेल ही रहीं थी, अपितु लाठियां भी बरसा रहीं थी। ऐसा ही नजारा समूचे बरसाना का नजर आया। आसमान भी सतरंगी गुलाल से रंगीन हो गया। एक तरफ हुरियारिनों की मीठी गालियां माहौल को और होलीमय बना रहीं थी। इस अद्भुत लठामार होली के लाखों श्रद्धालु साक्षी बने।

आसमान भी सतरंगी गुलाल से हो गया रंगीन

### रिकॉर्ड भीड़ पहुंची बरसाना

लठामार होली मेला में भीड़ ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। इस बार लाखों श्रद्धालु पहुंच गए। बरसाना में तीन किलोमीटर तक का मार्ग श्रद्धालु से खचाखच भरा रहा। अपार भीड़ को देखते हुए पुलिस ने बाइक भी बंद कर दी।

## भीड़ ने तोड़ा रिकॉर्ड ›› चहुंओर उड़ा रंग-गुलाल



### लाखों की संख्या में श्रद्धालु नंदगाव पहुंचे

बरसाना और नंदगांव के अनुपम और अद्वितीय रिश्तों का यह पर्व यूं ही नहीं पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। इस पर्व पर प्रेम का रंग भी बरसता है। लट्ठा मारहोली की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार सुबह सखियों नंदगांव होली खेलने का आमंत्रण लेकर आई बरसाना के हुरियारों के प्रतिनिधि के रूप में होली खेलने आने का समाचार सुनाया। इतना सुनते ही मरस्तना होलों की तैयारी तेज हो गई। हुरियारिनों ढालो को तेल पिलाकर तैयार कर लिया आखिर उन्हें हुरियारों पर नंदगांव जो है। इस होली का साक्षी बनने को लाखों की संख्या में श्रद्धालु शुक्रवार को हो नंद गांव पहुंच गए।

होली का न्योता लेकर किया विदा

### दोत की खप पर चढ़तु झूम रहे थे...

होली के न्योते को नंदगांव की होली के दौरान भक्तों पर पुष्प वर्षा करते टेसू के फूलों से रंग तैयार बंशी गोस्वामी नंदबाबा मंदिर कर सोलह श्रृंगार राधा दासी सखी चली रे नंदभव बरसाना से नंदगांव होली का न्योता लेकर आती राधा सखी साथ में गोपाल सखी बरसाने के हुरियारे यशोदा कुंड पहुंचे। यहां उनकी खातिरदारी होगी और फिर लभी लोग नंदबाबा मंदिर पर पहुंचेंगे। नंदगांव सोलह श्रृंगार कर, लंबा घूंघट ओढ़कर जब राधा की सखा को ताहलों के महल से खेली का आमंत्रण लेकर विदा किया और कहा दोत की खप पर चढ़तु झूम रहे थे।

## खबर संक्षेप

### कोर्ट में रो पड़ी स्मगलिंग की आरोपी रान्या राव

**बेंगलुरु।** कन्नड एक्ट्रेस रान्या राव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। उस पर गोल्ड स्मगलिंग के गंभीर आरोप लगे हैं। 3दिन की डीआरआई कस्टडी में भी भेज दिया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जब एक्ट्रेस को कोर्ट में पेश किया गया था, वो फूट-फूट कर रोने लगी। वो सोच रही थी कि आखिर क्यों इस सब चक्कर में फंस गई।



### सोनीपत में खनन कारोबारी के घर छापा

**सोनीपत।** सोनीपत में खनन कारोबारी के घर पर ईडी ने रेड डाली है। अनिल विहार कॉलोनी स्थित नीरज शर्मा के घर पर 2 गाड़ियों में अधिकारी पहुंचे। पंजाब और यमुनानगर में नीरज शर्मा का कारोबार फैला है। नीरज सरपंच भी रह चुके हैं। नीरज की दवा की फैक्ट्री भी है। खनन कारोबार में अनियमितता पर छापेमारी की गई।



### 4 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों पर जुर्माना

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने 4 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों पर 76.6 लाख का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना कर्जदाताओं और उधार लेने को इच्छुक लोगों को जोड़ने वाले मंच से संबंधित निर्देशों का पालन न करने पर किया है। फेयरएसेट्स टेक्नोलॉजीज इंडिया, ब्रिज फिनटेक सॉल्यूशंस और रंग दे पी2पी फाइनेंशियल सर्विसेज इनमें शामिल हैं।



### मऊ जेल में 5 कैदी मिले एचआईवी पॉजिटिव

**मऊ।** जिला जेल में हेल्थ चेकअप के दौरान पांच कैदी एचआईवी संक्रमित पाए गए हैं। जेल अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि ये मामले पिछले एक सप्ताह में सामने आए हैं। बाकी कैदियों की जांच जारी है। जेल में पहले से 9 कैदी संक्रमित हैं। संक्रमितों को विशेष डाइट और दवाएं देने की व्यवस्था है।



## महिला समृद्धि योजना: दिल्ली की रेखा सरकार की कैबिनेट ने दी मंजूरी

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने किया ऐलान

# हर माह मिलेंगे 2500 रु., 5100 करोड़ रुपए के आवंटन को भी दी हरी झंडी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली कैबिनेट ने महिला दिवस पर महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपए का आवंटन मंजूर किया है। इसके तहत महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपए मिलेंगे। इसका एलान भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को किया। नड्डा ने कहा कि मैं कहता हूं कि जिस घर में नारी का सम्मान नहीं है, वो घर आगे बढ़ नहीं सकता। जिस देश में नारी का सम्मान नहीं है, वो देश आगे नहीं बढ़ सकता। नरेंद्र मोदी ने इस बात को समझा और महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम किया। जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में संबोधन के दौराननड्डा ने कहा कि आज हमारी सरकार का फोकस महिला विकास पर है। प्रधानमंत्री मोदी नारी सशक्तिकरण के ध्येय साथ देश को भाजपा ने हमेशा मूलरूप में मानकर आगे चला है।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि इस योजना को लागू करने के लिए एक वर्ष के लिए 5100 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। अब हम पंजीकरण शुरू करेंगे और इस योजना को लागू किया जाएगा।

> जेपी नड्डा ने कहा कि दिल्ली में यदि महिला का साथ न मिलता तो दिल्ली में जीत संभव नहीं हो सकता है। महिला दिवस पर महिला सशक्ति को नमन करता हूं और दिल्ली की महिलाओं को नमन करते हुए धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाने में बहुत बड़ा योगदान किया है।

## जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में नड्डा ने सरकार का लक्ष्य सामने रखा

हमारी सरकार का फोकस महिला सशक्तिकरण

जहां नारी का सम्मान नहीं, वह नहीं बढ़ सकता आगे



### महिलाओं के योगदान से बनी भाजपा की सरकार

नड्डा ने कहा कि दिल्ली में यदि महिला का साथ न मिलता तो दिल्ली में जीत संभव नहीं हो सकता है। महिला दिवस पर महिला सशक्ति को नमन करता हूं और दिल्ली की महिलाओं को नमन करते हुए धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाने में बहुत बड़ा योगदान किया है। ये जीत महिलाओं के आशीर्वाद और सहयोग से ही संभव हो पाया है।

### मोदी नारी सशक्तिकरण के ध्येय के साथ देश को आगे बढ़ा रहे

जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में संबोधन के दौरान केंद्रीय मंत्री और भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आज हमारी सरकार का फोकस महलि विकास पर है। प्रधानमंत्री मोदी नारी सशक्तिकरण के ध्येय साथ देश को आगे बढ़ा रहे हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब नारीशक्ति का विकास होता है, तो दुनिया का विकास होता है। इसलिए नारीशक्ति को भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा मूलरुप में मानकर आगे चला है।

### महिलाओं ने भाजपा पर भरोसा जताया

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'महिला दिवस कार्यक्रम' में कहा कि सरकार बनाने में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। महिलाओं ने भाजपा पर भरोसा जताया है। देश में भाजपा की महिला सीएम और डिप्टी सीएम हैं। महिलाओं के बिना जीत पाना संभव नहीं था। भाजपा के पास सबसे ज्यादा महिला सांसद हैं। महिलाएं अब मुख्या धारा का हिस्सा हैं।

### सीएम रेखा ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर कसा तंज

जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में भाजपा के दिल्ली महिला मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि केवल भाजपा में ही महिलाओं का सम्मान होता है। कांग्रेस काल में जब इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं तो उस समय उनके अलावा कोई अन्य महिला कैबिनेट में नहीं थी। वहीं आप की सरकार में महिला सांसद को घर पर बुलाकर पीटा जाता था। दिल्ली के हर जिले में वन स्टॉप सेंटर बनाया जाएगा। हर जरूरत की जगह पर पिंक शौचालय बनाएंगे। महिलाओं से जो वादा किया है उसे भी पूरा करेंगे।

पोर्टल पर पंजीकृत करेंगे

सीएम रेखा ने कहा कि एक कमेटी बनाई गई है। इसमें कपिल मिश्रा, आशीष सूद और प्रवेश वर्मा को शामिल किया गया। एक पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा। वहीं आशीष सूद ने कहा कि जल्द ही पोर्टल शुरू हो जाएगा। यह पूरी तरह से पारदर्शी काम होगा। इस योजना को लागू करने के लिए पूरीतेजी से कम। वहीं आम आदमी पार्टी पर उन्होंने कहा कि आप हमेशा आरोप लगाती रहती है यह ना होता तो कुछ और आरोप लगाती रहती। मंत्रियों की कमेटी बनाई गई है। यह कमेटी इस योजना को प्रभावी तरीके से लागू करेगी।


#### आप और कांग्रेस ने कसा तंज

### खोदा पहाड़ निकली चुहिया:आतिशी



दिल्ली में महिला समृद्धि योजना की मंजूरी पर पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी का बड़ा बयान सामने आया है। प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए आतिशी ने कहा कि दिल्ली चुनाव से पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली की महिलाओं को वादा किया था कि 8 मार्च को उनके खाते में 2500 रुपए आएंगे। ये भी कहा था कि ये मोदी की गारंटी है। आज दिल्ली की महिलाएं इंतजार कर रही थीं। आतिशी ने कहा कि भाजपा ने ये साबित कर दिया कि ये मोदी की गारंटी नहीं एक जुमला था। आज दिल्ली की महिलाओं को न तो 2500 रुपए मिले, न ही रजिस्ट्रेशन मिला। मिला क्या एक 4 सदस्यी कमेटी। यानी खोदा पहाड़ निकली चुहिया। यह एक शुरुआत है। उनके सभी वादों का यही हाल होगा।

### 10 फीसदी महिलाओं को भी नहीं मिलेगा योजना का लाभ: संजय



इस संबंध में विपक्षी पार्टी की ओर से बयान आने शुरू हो गए हैं। पार्टी के नेता लगातार रेखा सरकार को घेरने की कोशिश कर रहे हैं। इस पर आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। संजय सिंह ने कहा कि यह वादा मोदी सरकार का एक तरह का जुमला है। पता चल रहा है कि इस योजना के तहत 10फीसदी महिलाओं को भी लाभ नहीं मिलेगा।

### हर विधानसभा में क्षेत्र में 200-300 महिलाओं को ही मदद मिलेगी: दत्त



'महिला समृद्धि योजना' को मंजूरी दिए जाने पर कांग्रेस नेता अभिषेक दत्त ने कहा कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी ने 5,100 करोड़ रुपए की महिला सम्मान योजना की घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी ने गारंटी दी थी कि 8 मार्च को दिल्ली की सभी महिलाओं के खातों में 2,500 रुपए जमा किए जाएंगे। अब अगर हम 5,100 करोड़ रुपयएको 12 से विभाजित करते हैं, तो हर विधानसभा क्षेत्र में मुश्किल से 200-300 महिलाओं को मदद मिल सकेगी।

हरियाणा के किसान की करामात देखने को लगी भीड़

केवल 8 वीं तक पढ़े लिखे और ये जूनून

# रणधीर ने अपने खेत में तैयार 6.1 फीट की लौकी दिखाई

#### उन्नत और जैविक खेती के लिए जागरुकता

एजेंसी ▶▶ पंतनगर

किसानों को उन्नत खेती और जैविक खेती के लिए जागरूक कर रहे हरियाणा के किसान रणधीर सिंह अपने खेत में तैयार 6.1 फीट की लौकी लेकर पहुंचे। ये वही प्रगतिशील किसान हैं, जिन्हें जैविक खेती के लिए देश के पहले नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया था। रणवीर ने 116 से अधिक सब्जियों की विभिन्न वैरायटी तैयार कर विश्व रिकार्ड बना चुके हैं। हरियाणा



निवासी रणधीर ने कृषि को ही लक्ष्य बना लिया। 8वीं तक की पढ़ाई और 14 वर्ष की आयु से ही पिता संग खेती में हाथ बंटाकर 8 एकड़ की खेती में उन्नत फसल व जैविक सब्जियां तैयार कर रहे हैं।

### किसी के आगे हाथ नहीं फैलाया

अपने 68 वर्ष की आयु में उन्होंने कभी किसी के आगे हाथ नहीं फैलाया न ही लोन लिया। उन्होंने बढ़ती उर्वरक युक्त खाद्य पदार्थ, अनाज, सब्जियों को देखते हुए उन्होंने सिर्फ जैविक खेती पर जोर दिया। गेहूं, धान, मक्का के अलावा विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती की। वर्ष 2000 में हल्की की एक गांठ जिसका वजन 3.450 ग्राम था तैयार कर जैविक खेती में देश में पहला नेशनल अवार्ड मिला। उनका नाम लिम्का बुक में दर्ज है।

## 11 दिन से गायब मनीष सिसोदिया अब आए सामने

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप की करारी शिकस्त के बाद वरिष्ठ नेता और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूरी बना ली थी। उनके बारे में कई तरह के सवाल खड़ने होने लगे थे। कुछ दिनों तक उनका फोन भी बंद था उनकी गैरमौजूदगी चर्चा का केंद्र रही। अब उन्होंने बताया वे कुछ दिनों से विपश्यना केंद्र में थे।



राजस्थान विधानसभा में जमकर बरपा हंगामा

# सदन में नोकझोंक, भाजपा विधायक ने कांग्रेस नेता को कहा 'पाकिस्तानी'

#### आखिरकार मामला स्पीकर के पास तक पहुंचा

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान विधानसभा में शुक्रवार को दो विधायकों के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। यह मामला तब बढ़ गया जब भाजपा विधायक गोपाल शर्मा ने कांग्रेस के मुख्य सचेतक रफीक खान को बार-बार 'पाकिस्तानी' कहा। इस टिप्पणी पर विपक्ष ने कड़ा विरोध जताया। यह घटना शहरी विकास एवं आवास और स्थानीय स्वशासन विभागों के लिए अनुदान मांगों पर



चर्चा के दौरान हुई, जब गोपाल शर्मा ने कांग्रेस रफीक के खिलाफ टिप्पणी की। गोपाल की यह टिप्पणी उस समय आई जब रफीक खान कांग्रेस और भाजपा सरकारों की तुलना कर रहे थे।

### रफीक ने जवाब शायरी के साथ दिया

जैसे ही चेयरपर्सन संदीप शर्मा ने हस्तक्षेप किया और भाजपा विधायक को बैठने के लिए कहा, विपक्ष के नेता टीका राम जूली ने कहा कियह क्या है? एक आदमी जो चाहता है वह कहता है। जूली ने कहा कि इस तरह से किसी के सम्मान और प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना गलत है।शुक्रवार को विधानसभा में रफीक खान ने गोपाल शर्मा के कटाक्ष का जवाब शायरी के साथ दिया, उनका जो फ़र्ज़ है वो अहल-ए- सियासत जानें, मेरा पैगाम मोहब्बत है जहां तक पहुंचें।

पैर छूने के लिए झुके बिहार के मुख्यमंत्री

# रविशंकर प्रसाद ने पकड़ लिया हाथ तत्काल नीतीश को लगा लिया गले

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में शनिवार को उनके पैर छूने के लिए झुके। नीतीश कुमार जब विदाई के समय रविशंकर प्रसाद के पैर छूने के लिए झुके, तो भाजपा सांसद ने तुरंत उनका हाथ पकड़ लिया। इसके बाद दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को गले लगा लिया। दरअसल पटना साहिब से भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इस होली मिलन समारोह में शिरकत की थी।

होली मिलन समारोह में दिखा ऐसा नजारा



### इसके पहले पीएम मोदी के साथ भी ऐसा ही हाल रहा

पिछले साल नवंबर में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला था जब नीतीश कुमार दरभंगा में मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैर छूने के लिए झुके थे, तो पीएम मोदी ने उनका हाथ पकड़कर रोक दिया था और फिर हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया था। इस दौरान मंच पर भाजपा और जेडीयू के वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

शांति के वास्ते मणिपुर में 22 महीने बाद खुले रास्ते

राज्य परिवहन की बस को रोकने की कोशिश की

# फिर से बढ़ गया बवाल, सुरक्षाबलों को प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए फिर दागने पड़े आंसू गैस के गोले

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर में एक बार फिर से तनाव बढ़ गया है। केंद्र के पब्लिक ट्रांसपोर्ट की आवाजाही से रोक हटाने वाले निर्देश का विरोध कर रही भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों को बल प्रयोग करना पड़ा। उन्होंने इंफाल घाटी और कांगपोकपी जिले के बीच बॉर्डर पर आंसू गैस के गोले दाग विरोध कर रही भीड़ को हटाने की कोशिश की। केंद्र सरकार ने निर्देश दिए थे कि मैतेई और कुकी समुदाय के बीच संघर्ष की वजह से पिछले 22 महीने से बंद सभी रास्तों को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश के बाद अधिकारियों ने राज्य के सभी बंद रास्तों को खोल दिया, लेकिन बहुत से लोग पब्लिक ट्रांसपोर्ट का आवाजाही से खुश नहीं हैं। वह इसका विरोध कर रहे हैं। महिला समूहों ने इंफाल से लाई गई मणिपुर राज्य परिवहन की बस को रोकने की कोशिश की, और प्रदर्शन किया।

#### इंफाल घाटी और कांगपोकपी जिले के बीच बॉर्डर पर हंगामा



### सरकार ने बस सुविधा दी थी

मणिपुर के राज्यपाल एके भल्ला के नेतृत्व वाले प्रशासन ने केंद्र के निर्देश को मानते हुए बंद रास्तों को खुलवा दिया। लोगों की आसान आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने सार्वजनिक बसों की व्यवस्था की है, जो केंद्रीय बलों की सुरक्षा के बीच शनिवार से पहाड़ी और घाटी क्षेत्र के बीच चल रही हैं।

### कुकी ने खतरनाक बताया

कुकी संगठनों ने प्रस्तावित मार्च को खतरनाक उकसावा बताया। उन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों में प्रवेश न करने की चेतावनी दी। जनजातीय एकता समिति ने भी शाह के फ्री मूवमेंट के आह्वान को अस्वीकार कर दिया। समिति ने कहा कि मार्च को सुविधाजनक बनाना बफर जोन का स्पष्ट उल्लंघन होगा।

### कुकी जनजातियों वाली पहाड़ियों में सुरक्षा बढ़ाई

हाईवे पर आसान आवाजाही शुरू करने के लिए निर्देश के बीच शनिवार को प्रस्तावित शांति मार्च ने तनाव को एक बार फिर से बढ़ा दिया। घाटी के करीब 20 संगठनों के समूह, फेडरेशन ऑफ सिविल सोसाइटीज के नियोजित मार्च से पहले मैतेई बहुल इंफाल और कुकी जनजातियों वाली पहाड़ियों में सुरक्षा बढ़ा दी गई। एफओसीएस के प्रमुख टीएच मनिहार ने कहा कि हम यह शांति रैली घाटी और पहाड़ियों को एकजुट करने के लिए इंफाल से सेनापति तक निकाल रहे हैं।

## बोले नेवी चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी

# जंग में टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से कमजोर देश भी ताकतवर विरोधी बना, हमें चौकन्ना रहने की जरूरत, आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ना होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



**जंग के दौर पर सप्लाई चैन पर असर**

दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में नेवी चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि आज की टेक्नोलॉजी ने कमजोर विरोधी को भी मजबूत बना दिया है और ऐसे में सबसे पहले हमें चौकन्ना रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जंग के दौर में सप्लाई चैन पर असर पड़ता है और ऐसे में हमें आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ना है। जंग के समय अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए दोस्त भी साथ छोड़ सकते हैं, इसीलिए हमें आत्मनिर्भर होने की जरूरत है। इसके अलावा हमें खुद पर भरोसा रखना चाहिए और वक्त के साथ रणनीति को बदलते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन जंग ने इस मिथक को तोड़ दिया है कि भविष्य के युद्ध छोटे होंगे। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी ने जंग के दौरान कमजोर देश को भी ताकतवर दुश्मन को चुनौती देने का मौका दिया है, खासकर जब उन्हें अन्य देशों का समर्थन मिल रहा हो।

नौसेना प्रमुख ने कहा जंग में हथियारों का इस्तेमाल और क्षेत्र नहीं बदले लेकिन समय के साथ जंग के तरीके बदल गए हैं जिसकी सबसे बड़ी वजह टेक्नोलॉजी है। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना ने भी हालात के हिसाब से खुद को आधुनिक बनाया है जिसमें अनमैन्ड व्हीकल आदि शामिल हैं।

*एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि जंग में हथियारों का इस्तेमाल और क्षेत्र नहीं बदले लेकिन समय के साथ जंग के तरीके बदल गए हैं जिसकी सबसे बड़ी वजह टेक्नोलॉजी है। भारतीय नौसेना ने भी हालात के हिसाब से खुद को आधुनिक बनाया है जिसमें अनमैन्ड व्हीकल आदि शामिल हैं*



**» हिंद महासागर में हर गतिविधि पर नेवी की नजर**

**» जंग में वक्त के साथ रणनीति को बदलना जरूरी**

### पाक 300 किमी तक हमारे क्षेत्र में नहीं आ सकता

एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि हम अपने दोस्तों और दुश्मनों दोनों पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर में हर गतिविधि पर नेवी की पैनी नजर है। चीन के हर जंगी जहाज पर नेवी नजर बनाए हुए है। चीन अभी से नहीं काफी पहले से पाकिस्तान की नेवी, आर्मी और एयरफोर्स को मदद दे रहा है लेकिन उसमें हम कुछ नहीं कर सकते। हमारा काम है उनकी रणनीति का जवाब देना है। पाकिस्तानी एयरक्राफ्ट कैरियर हमारे क्षेत्र में कहीं से भी 300 किमी के अंदर तक नहीं आ सकता क्योंकि नेवी की निगरानी काफी मजबूत है और ऐसे में उन्हें पहले ही रोक दिया जाएगा।

**नेवी ने किया दो टास्क फोर्स का गठन**

*एडमिरल त्रिपाठी ने इस बात पर जोर दिया कि आर्मी, नेवी और एयर फोर्स रक्षा मंत्रालय के पर्याप्त सहयोग से इनोवेशन और स्वदेशीकरण की तरफ आगे बढ़ा रही हैं। नौसेना प्रमुख ने कहा कि रक्षा मंत्रालय के साथ-साथ तीनों सशस्त्र बल इस कोशिश में सबसे आगे हैं। उन्होंने कहा कि नेवी ने ऐसे स्टार्टअप्स की मदद के लिए दो टास्क फोर्स का गठन किया है, जिनके पास उपकरण विकसित करने की क्षमता है, लेकिन खरीद प्रक्रिया के बारे में जानकारी नहीं है।*

**एफ-35 विमानों पर वायुसेना प्रमुख की दो टूक**

## यह कोई फ्रिज नहीं है कि देखा और खरीद लिया

*हाल ही में पीएम नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट बेचने की पेशकश की थी। इसे लेकर भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने इस विमान पर अब तक कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं दिया है। उन्होंने भारत को लेटेस्ट टेक्नोलॉजी को अपनाने और अपनी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान कार्यक्रम को तेज करने की जरूरत पर जोर दिया। एपी सिंह ने कहा कि भारतीय वायु सेना ने अभी तक एफ-35 विमान का विश्लेषण नहीं किया है और इसकी लागत भी एक महत्वपूर्ण पहलू है। उन्होंने कहा कि हमें इसे सावधानीपूर्वक विश्लेषण करना होगा कि हमारी आवश्यकताएं क्या हैं और इस विमान के साथ क्या मिलता है। लागत भी इसका एक हिस्सा है।*


**खबर संक्षेप**

### कठुआ में 3 लापता लोगों के शव मिले, हत्या का शक



**कठुआ।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में तीन लापता लोगों के शव बिलिवार की ऊपरी पहाड़ियों पर मिले। इनमें एक बच्चा भी शामिल है। सभी तीन दिन पहले आतंकवाद प्रभावित इलाके से लापता हुए थे। इनकी पहचान जोगेश सिंह (35 साल), दर्शन सिंह (40 साल) और वरुण सिंह (14 साल) के रूप में हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक तीनों 6 मार्च की रात करीब 8:30 बजे एक शादी में शामिल होने के लिए निकले थे। इसके बाद से ही गायब थे। इनमें से एक ने दो दिन पहले अपने परिवार से संपर्क किया था।

### अवैध शरणार्थी 31 मार्च तक पाक छोड़ें: पीएम



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने अवैध शरणार्थियों और अफगान नागरिक कार्ड होल्डर्स को 31 मार्च तक देश छोड़ने का अल्टीमेटम दे दिया गया है। पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि अगर उन्होंने 31 मार्च तक देश नहीं छोड़ा तो एक अप्रैल से उन्हें निर्वासित करना शुरू कर दिया जाएगा। बता दें, पाकिस्तान देश में हो रहे आतंकी हमलों और बढ़ते अपराधों के लिए अफनाग नागिरकों को दोषी मान रहा है। अफगानिस्तान लगातार इन आरोपों को खारिज कर रहा है।

## बेलफास्ट में भारतीय महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन, जयशंकर बोले

# भारत-यूके व्यापार संबंधों को मिलेगा नया बल, हम एफटीए पर चर्चा कर रहे

एजेंसी ▶▶ बेलफास्ट

- यूके-यूरोपियन नीतियों के बीच भारत एक महत्वपूर्ण कड़ी
- कौशल, साइबर, तकनीकी और विनिर्माण में करेंगे सहयोग

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शनिवार को मैनचेस्टर में भारत के दूसरे महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। इसके पहले शुक्रवार को उत्तरी आयरलैंड की राजधानी बेलफास्ट में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। इस दूतावास का उद्घाटन भारतीय प्रवासियों की बढ़ती संख्या की जरूरतों को पूरा करने के लिए किया गया है।

■ मैनचेस्टर में भारत के दूसरे दूतावास का उद्घाटन

जयशंकर ने दूतावास के उद्घाटन समारोह में समुदाय के नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कदम भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और प्रवासी समुदाय के योगदान को सराहने का प्रतीक है। बता दें कि बेलफास्ट में भारतीय समुदाय का एक बड़ा हिस्सा है, जो पिछले जनगणना के अनुसार लगभग 10,000 लोगों का घर है। जयशंकर ने कहा कि इस दूतावास का उद्घाटन भारत की यूके और यूरोपियन नीतियों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है और यह दोनों क्षेत्रों के साथ व्यापारिक संबंधों को बढ़ाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र भारत और यूके दोनों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।



### भारतीय समुदाय को मिलेंगी बेहतर सेवाएं

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने उत्तरी आयरलैंड की आर्थिक संभावनाओं का भी उल्लेख किया, विशेष रूप से इसकी जहाज निर्माण क्षमता और वहां भारतीय आईटी कंपनियों की उपस्थिति का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत प्रवासी समुदाय के योगदान को बहुत प्राथमिकता देता है और इस दूतावास के माध्यम से भारतीय समुदाय को बेहतर सेवाएं देने की कोशिश की जाएगी।

### आयरलैंड के मंत्रियों के साथ बैठक



*समारोह के बाद, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने उत्तरी आयरलैंड की उप-प्रथम मंत्री एम्मा लिटिल-पेंगेली और जूनियर मंत्री आइसलिंग रेली के साथ कुछ राजनीतिक बैठकों का आयोजन किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस दूतावास की स्थापना में मिले समर्थन के लिए धन्यवाद भी दिया।*

### क्वींन्स यूनिवर्सिटी का दौरा किया



*जयशंकर ने बेलफास्ट में क्वींन्स यूनिवर्सिटी का दौरा किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर इसका जिक्र करते हुए कहा कि क्वींन्स यूनिवर्सिटी का दौरा करके अच्छा लगा। गुजरात के गिफ्ट सिटी में उनका आगामी परिसर शिक्षा में संबंधों की क्षमता का एक उदाहरण है। उन्होंने बेलफास्ट की क्वींन्स यूनिवर्सिटी में अध्ययन कर रहे भारतीय छात्रों के साथ बातचीत की सराहना की।*

**कनाडा पर दोतरफा मार**

## ट्रंप के बाद अब चीन ने भी लगाया भारी भरकम टैरिफ

एजेंसी ▶▶ ओटावा



कनाडा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वार के बीच अब चीन ने भी कनाडाई उत्पादों पर भारी भरकम शुल्क लगा दिया है। बीजिंग ने शनिवार को घोषणा की कि वह 2.6 अरब डॉलर से अधिक के कनाडाई कृषि और खाद्य उत्पादों पर टैरिफ लगाएगा। यह कदम कनाडा द्वारा अक्टूबर में चीनी वस्तुओं पर लगाए गए आयात शुल्क के जवाब में उठाया गया है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, ये टैरिफ 20 मार्च से लागू होंगे। यह शुल्क कनाडा द्वारा चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों, स्टील और एल्युमीनियम उत्पादों पर लगाए गए 100% और 25% टैरिफ के बराबर ही है।

**डब्ल्यूटीओ के नियमों का उल्लंघन किया**

*चीन ने यह कदम कनाडा के लिए एक चेतावनी के रूप में भी उठाया है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि कनाडा के कदम विश्व व्यापार संगठन के नियमों का गंभीर उल्लंघन हैं और ये एक प्रकार का संरक्षणवादी रवैया दर्शाते हैं, जिससे चीन के वैध व्यापारिक अधिकारों को भारी नुकसान पहुंच रहा है।*

### कार्नी पीएम पद के मुख्य दावेदार



कनाडा के निवर्तमान पीएम जस्टिन ट्रूडो पहले ही अपने पद से इस्तीफा दे चुके हैं। अब ट्रंप के टैरिफ वार के बीच क्राइसिस मैनेजमेंटमें माहिर और अनुभवी केंद्रीय बैंकर मार्क कार्नी का नाम कनाडा के पीएम के मुख्य दावेदार के रूप से सामने आ रहा है। 59 साल के मार्क कार्नी कनाडा के अगले पीएम बन सकते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि चुनाव में लगभग 140,000 पार्टी सदस्य हिस्सा लेंगे, और विजेता की घोषणा रविवार को होने की उम्मीद है। निवर्तमान पीएम जस्टिन ट्रूडो की जगह लेने के लिए सबसे प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं।

**सेना के टी-72 टैंक को मिलेगा अधिक शक्तिशाली इंजन**

## भारत और रूस के बीच 248 मिलियन डॉलर की बड़ी डील

*रूस की रोसोबोरोन एक्सपोर्ट भारत को टेक्नोलॉजी भी देगी*


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के टी-72 टैंकों के लिए अधिक शक्तिशाली 1000 एचपी इंजन की खरीद के लिए रूस के रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ 248 मिलियन डॉलर का कॉन्ट्रैक्ट किया। इस सौदे में रोसोबोरोनएक्सपोर्ट से आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (हैवी व्हीकल फैक्ट्री), अवाडी, चेन्नई को ट्रांसफर ऑफ टेक्नोलॉजी (टीओटी) भी शामिल है। टी-72 भारतीय सेना के टैंक बेड़े का मुख्य आधार है।

**भारत रूसी सेना पर आत्मनिर्भरता समाप्त करे**

अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने भारत से रूसी सैन्य हथियारों पर अपनी निर्भरता समाप्त करने को कहा है और तर्क दिया है कि ऐसा कदम भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए जरूरी है। भारत ने ऐतिहासिक रूप से रूस से अपने सैन्य उपकरणों की काफी अधिक मात्रा खरीदी है और हमें लगता है कि यह ऐसी चीज है जिसे खत्म करने की जरूरत है।

### 1000 एचपी इंजन से लैस करेंगे



रूस में निर्मित टी-72 भारतीय सेना के बेड़े का मुख्य टैंक है, जो अभी 780 हॉर्स पावर इंजन से संचालित है। भारत के पास टी-72 टैंक के कुल तीन वेरिएंट हैं। टी-72 टैंकों के मौजूदा बेड़े को अब 1000 एचपी इंजन से लैस किया जाएगा, जिससे भारतीय सेना की युद्धक गतिशीलता और आक्रामक क्षमता बढ़ेगी।

**अमेरिका और दक्षिण कोरिया की बढ़ेगी चिंता**

## उत्तर कोरिया ने पहली बार दुनिया को दिखलाई 'परमाणु पनडुब्बी'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर कोरिया ने परमाणु ऊर्जा से चलने वाली निर्माणाधीन पनडुब्बी को पहली बार दुनिया के सामने पेश किया है। यह घातक हथियार दक्षिण कोरिया और अमेरिका के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।

शनिवार को उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस पनडुब्बी की तस्वीरें जारी की। इस दौरान किम जोंग उन ने उस शिपयार्ड का दौरा किया जहां यह युद्धपोत का निर्माण किया जाता है। दक्षिण कोरियाई परमाणु पनडुब्बी विशेषज्ञ मून केउन-सिक सियोल के हानयांग विश्वविद्यालय में पढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि यह पनडुब्बी 6 या 7 हजार टन क्लास की हो सकती है और यह 10 मिसाइलों को ले जाने में सक्षम है। उन्होंने बताया कि इस तरह के हथियारों को स्ट्रैटिजिक गाइडेड मिसाइल कहा जाता है। आसान भाषा में कहें तो यह परमाणु संपन्न हथियारों को ले जाने में सक्षम पनडुब्बी है।



**अगले सप्ताह सऊदी अरब में होगी रूस-यूक्रेन युद्ध पर अहम बातचीत**

## ट्रंप बोले- पुतिन से बात करना ज्यादा आसान यूक्रेन के पास ठोस नीति नहीं, निपटना कठिन

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर एक बार फिर अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि अमेरिका रूस के साथ अच्छे संबंध बना रहा है, लेकिन इस समय रूस यूक्रेन पर बमबारी कर रहा है, जिससे स्थिति और जटिल हो गई है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें यूक्रेन से निपटना अधिक कठिन लग रहा है क्योंकि उनके पास कोई ठोस विकल्प नहीं है। ट्रंप ने कहा कि हम अगले सप्ताह सऊदी अरब में मिल रहे हैं और बातचीत कर रहे हैं।

**रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला, 20 की मौत**

कीव। रूस ने यूक्रेन को अमेरिकी खुफिया सूचनाएं मिलनी बंद होने के बाद कीव पर बड़ा हवाई हमला किया है। रूस ने यह हमला यूक्रेन के संकटग्रस्त डोनेट्स्क क्षेत्र के एक शहर पर किया। इस रूसी हमले में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। बता दें किक यूक्रेन के साथ अमेरिका द्वारा उपग्रह चित्र साझा करना बंद करने के फैसले के बाद से रूस ने हवाई हमलों की झड़ी लगा दी है।

### ट्रंप ने संघर्ष पर जताई चिंता



ट्रंप ने कहा कि अगर रूस और यूक्रेन समझौता नहीं करना चाहते, तो अमेरिका इस मामले से बाहर हो जाएगा। उनका उद्देश्य मौतों को रोकने के लिए दोनों देशों को समझौते की ओर प्रेरित करना है। अगर इस मुद्दे को सुलझाया नहीं गया, तो यह स्थिति तीसरे विश्व युद्ध का रूप ले सकती है। हमें इसे सुलझाना होगा ताकि और अधिक तबाही से बचा जा सके।

**एथेंस रेल हादसे की बरसी पर संसद के बाहर हिंसक हुआ प्रदर्शन**

# पुलिस पर फेंके पेट्रोल बम और पत्थर, पूरे देश में यातायात प्रभावित

एजेंसी ▶▶ एथेंस

एथेंस में दो साल पहले हुए ट्रेन हादसे की बरसी पर विरोध जताने के लिए हजारों लोग इकट्ठा हुए थे। लेकिन ये प्रदर्शन हिंसक हो गया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पेट्रोल बम और पत्थर फेंके। पुलिस ने भी उन्हें नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले और स्टन ग्रेनेड का सहारा लिया। बता दें कि 28 फरवरी 2023 को ग्रीस की राजधानी एथेंस में पैसेंजर ट्रेन की मालगाड़ी से आमने-सामने टक्कर हो गई थी। इस घटना में 57 लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे को संस्थागत विफलता बताते हुए हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतरे और मारे गए लोगों के लिए न्याय की मांग की। बता दें, रेल दुर्घटना की जांच से जुड़ी रिपोर्ट गुरुवार को जारी की गई।

■ प्रदर्शन के कारण फ्लाइट और रेल सेवाएं रद्द कीं



**5000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए**



### पूरे देश पर प्रदर्शन का असर, एथेंस में दुकानें भी बंद कर दीं

प्रदर्शन के कारण पूरे देश में यातायात प्रभावित हुआ है। फ्लाइट और रेल सेवाएं रद्द कर दी गई हैं, नौकाएं रोक दी गई हैं। प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर पर भी असर पड़ा है। एथेंस में दुकानें बंद कर दी गई हैं। शुक्रवार को हजारों लोग संसद के बाहर पहुंचे। लोगों ने काले गुब्बारे और सरकार विरोधी बैनर लेकर प्रदर्शन किया। राजधानी में भीड़ और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए 5000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। पीड़ितों के लिए एथेंस के चर्च में स्मारक सेवाएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें लंबे सप्ताहांत से लौटने वाले कई विश्वविद्यालय के छात्र शामिल होंगे।

### जवाबदेही तय करने की मांग

यह ग्रीस के इतिहास की सबसे भीषण रेल दुर्घटना थी। प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप है कि घटना में सिर्फ रेलवे के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है, जबकि इस विफलता के लिए राजनेताओं की भी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। ग्रीस के सबसे बड़े लेबर यूनियन जनरल कन्फेडरेशन ऑफ ग्रीक वर्कर्स ने भी इस प्रदर्शन को समर्थन दिया है। यूनियन के प्रेसिडेंट ने कहा कि पूरी सच्चाई सामने आनी चाहिए और जिम्मेदार लोगों को, चाहे उनका पद कितना भी ऊंचा क्यों न हो, जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

**मानवाधिकार सांस्कृतिक फाउंडेशन का दावा**

## बांग्लादेश में हालात गंभीर, 2 माह में 85 महिलाओं का रेप

एजेंसी ▶▶ ढाका



बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के आंकड़ों ने देश की गंभीर स्थिति को उजागर किया है।

बांग्लादेश महिला परिषद की अध्यक्ष फौजिया मोस्लेम ने कहा कि समाज अराजकता की ओर बढ़ रहा है, जहां आपराधिक दंड से मुक्ति बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यदि पूरा समाज जागरूक नहीं हुआ तो इस संकट से निपटना बेहद मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि देश में कानून व्यवस्था की हालत पिछले अगस्त में सत्ता परिवर्तन के बाद से बेहद खराब है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। फौजिया मोस्लेम ने बताया कि मानवाधिकार सांस्कृतिक फाउंडेशन (एमएसएफ) ढाका की एक रिपोर्ट से पता चला है कि फरवरी 2025 में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा की 295 घटनाएं दर्ज की गईं, जो जनवरी की तुलना में 24 अधिक हैं।

### शराब की कीमतें प्रति बोतल

| नाम | छग | एमपी | महाराष्ट्र | दिल्ली | हरियाणा |
|---|---|---|---|---|---|
| आरएस | 900 | 750 | 800 | 500 | 500 |
| आरसी | 900 | 500 | 700 | 500 | 550 |
| रेड लेबल | 2200 | 1800 | 2000 | 1500 | 1500 |
| सिगनेचर | 1200 | 1100 | 1000 | 800 | 900 |
| टीचर्स50 | 2000 | 1700 | 1900 | 1400 | 1300 |
| ब्लेंडर | 1200 | 1000 | 1000 | 750 | 800 |

नोट- छग में एस्ट्रा डयूटी को खत्म करने के बाद होने वाले संभावित रेट का उल्लेख किया गया है




## छत्तीसगढ़ में करोड़ों रुपए की शराब प्रतिवर्ष खपाई जा रही

# एक्सट्रा ड्यूटी खत्म होगी, फिर भी दिल्ली, हरियाणा, मप्र से छग में शराब सबसे ज्यादा महंगी रहेगी, ऐसे में कैसे रुकेगी तस्करी

भिलाई/ राजनांदगांव

राज्य शासन द्वारा नई आबकारी नीति को मंजूरी देने के साथ ही विदेशी शराब पर लगने वाली करीब साढ़े नौ फीसदी की एक्स्ट्रा ड्यूटी को समाप्त करने का ऐलान किया गया है। इस घोषणा से छत्तीसगढ़ में शराब के दाम जरूर कम हो जाएंगे लेकिन प्रदेश में व्यापक पैमाने पर जारी महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, दिल्ली और पंजाब से शराब की अवैध तस्करी पर सेंध लगना मुश्किल नजर आ रहा है क्योंकि वहां शराब छग की तुलना में काफी सस्ती है और यहां कमी आई भी तो सिर्फ 9 फीसदी तक की ही संभव है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में एस्ट्रा ड्यूटी को समाप्त किए जाने के साथ ही प्रदेश में शराब की कीमतों में 40 रुपए से 3 हजार रुपए तक की कमी आएगी। 1 अप्रैल से नई दरें लागू होने जा रही है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ से सटे महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा, झारखंड में ठेकेदारी प्रथा लागू है। इसके अलावा शराब की कीमतें भी कम है।। यहीं नहीं दिल्ली और हरियाणा से भी व्यापक पैमाने पर यहां शराब की तस्करी की जा रही है। इसकी वजह से ठेकेदार ज्यादा से ज्यादा माल खपाने के लिए छत्तीसगढ़ में कालाबाजारी कर बेचने की फिराक में रहते हैं। इसका सीधा असर छत्तीसगढ़ में पड़ा है। छत्तीसगढ़ में करोड़ों रुपए की शराब प्रतिवर्ष खपाई जा रही है। इससे निपटने के लिए 2 मार्च को केबिनेट की बैठक में सरकार ने निर्णय लिया कि अंग्रेजी शराब पर लगने वाले 9.5% आबकारी शुल्क को खत्म किया जाए। इससे हर बोतल पर 40 रुपए से 3 हजार रुपए तक दाम घट जाएंगे। इसके आधार पर ही आबकारी विभाग ने नई नीति तैयार की है। साल 2025-26 की आबकारी नीति पिछले साल यानी 2024-25 की तरह ही है।

मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के साथ साथ अब प्रदेश में दिल्ली और हरियाणा से भी महंगी विदेशी शराब की व्यापक पैमाने पर तस्करी हो रही है। साढ़े नौ फीसदी दाम कम करने के बाद भी दामो में बड़ा अंतर होने के कारण इन प्रदेशो से शराब की आवक थमना असंभव दिखाई दे रहा है क्योंकि प्रति बोतल दो से ढाई हजार रूपए तक का अंतर है।

### ठेकेदार दे रहे 40 फीसदी कमीशन

प्रदेश के मुकाबले महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में शराब की बोतल की कीमत पहले से ही काफी कम है। इसके बाद भी उन प्रदेशों के शराब ठेकेदार तस्करों को करीब 40 फीसदी तक कमीशन भी दे रहे है। यहीं कारण है कि पड़ोसी राज्यों से शराब की आवक ज्यादा होने से छत्तीसगढ़ के आबकारी राजस्व को हर माह करोड़ो रूपए की चपत लग रही है। जानकारों की माने तो जब छत्तीसगढ़ में शराब दुकानें निजी हाथो में थी उस दौरान यहां के ठेकेदार लुभावने ऑफर देकर पड़ोसी राज्यों में तस्करी कराते रहे है।

### कार्रवाई के लिए अमला भी नहीं

प्रदेश में आधा दर्जन से ज्यादा जिलो की सीमाओ के जरिए पड़ौसी राज्यो से शराब की अवैध तस्करी की जाती है। कई दफा तस्करों को पकड़ा भी जाता है लेकिन अधिकांश मामलों में तस्कर महकमे से बचकर सप्लाई करने में सफल हो जाते है। इसके पीछे महत्वपूर्ण कारण आबकारी महकमे के पास पर्याप्त स्टाफ नहीं होना है।

### कम नहीं होगा देशी शराब का रेट?

नई आबकारी नीति के मुताबिक छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन के मदिरा क्रय की दर पर 9.5% राशि के बराबर होता है, इसे खत्म किया जा रहा है। इससे अंग्रेजी शराब जो मीडियम रेंज और हाई रेंज की हैं, उनके दाम कम होंगे। चीप शराब जैसे गोवा या इससे निचली स्तर की शराब की कीमतों में भी कमी की तैयारी की गई है। 2025-26 में 674 मदिरा दुकानें और प्रीमियम मदिरा दुकानें संचालित करने की तैयारी है। देशी शराब की आपूर्ति पहले जैसी ही रहेगी और पुरानी कीमत पर ही उपलब्ध होगी। विदेशी मदिरा थोक क्रय, वितरण छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा होगा। मदिरा पर लागू अधोसंरचना विकास शुल्क भी जिस तरह पहले लगता था, उसी तरह से लगेगा।

### हाई रेंज की शराब की सबसे ज्यादा कालाबाजारी

आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हाई रेंज की शराब की सबसे ज्यादा कालाबाजारी होती है। एमपी और महाराष्ट्र के रास्ते ये शराब छत्तीसगढ़ पहुंचती हैं। प्रदेश में मिडियम रेंज में मेगडावल नंबर-1, बीपी, आईबी, आरएस, आरसी, सिग्नेचर की ज्यादा खबर है। हाई रेंड में लोग 100 पाइपर, रेड लेबल, ब्लैक डॉग, ब्लैक एंड वाइट पसंद करते हैं। गोवा जहां इस समय 520 रुपए बोतल के हिसाब से बिक रही है। वहीं नंबर-1, बीपी, आईपी 840 रुपए में मिल रही। आरएस, आरसी, सिग्नेचर, ब्लंडर स्प्राइड 1100-1300 रुपए में बिक रही है। रेड लेबल 2700 और ब्लैक एंड वाइट 2000-2300 रुपए में बिक रही है। नई दर लागू होने से इन सभी की कीमतों में लगभग 10 प्रतिशत तक कमी आएगी।

---

अब भी सवाल बना हुआ है आखिर कब लागू

# सरकार के लिए परेशानी बनता जा रहा भोपाल का मास्टर प्लान

**तारीख पर तारीख मिलती गई और आगे बढ़ी, ड्राफ्ट भी बना पर जमीन पर नहीं आया मास्टर प्लान**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल



सरकार के लिए टेढ़ी खीर बनता जा रहा भोपाल का मास्टर प्लान आखिर कब लागू होगा, यह अब भी सवाल बना हुआ है। तारीख पर तारीख मिलती गई और आगे बढ़ीं, ड्राफ्ट भी बना, लेकिन जमीन पर मास्टर प्लान लागू नहीं हुआ। मास्टर प्लान के देरी होने की वजह यह है की नेताओं में दूर दृष्टि की कमी है, अपने हित के लिए मास्टर प्लान को डिले कर रहे है। यह कहना है विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों का।

### मास्टर प्लान किसी भी बड़े या मध्यम शहर के लिए है जरूरी

*क्रेडाई भोपाल के पूर्व अध्यक्ष विपिन गोयल ने कहा कि मास्टर प्लान किसी भी बड़े या मध्यम शहर के लिए जरूरी है। भोपाल तो फिर भी राजधानी है। शहर में कहां व्यापार होगा, कहां आबादी रहेगी, कहां खेती होगी यह मास्टर प्लान में तय होता है। आज नहीं 30 साल बाद भी विकास कैसे होगा यह भी मास्टर प्लान में तय होता है। इसके लिए मुख्य रूप से शासन जिम्मेदार है, लोगों का हित स्वार्थ इसमें आड़े आता है।*

### अमलीजामा पहनाने से पहले ही आए अड़ंगे

इस संदर्भ में वेस्टर्न ग्रुप के पी.राजू ने कहना है कि देश की सबसे साफ राजधानी प्लानिंग में 20 साल पीछे हैं, क्योंकि 1995 के बाद से भोपाल में मास्टर प्लान लागू ही नहीं हुआ। कई बार ड्राफ्ट बना, सरकारें बदली, लेकिन मास्टर प्लान का ड्राफ्ट जमीन पर नहीं उतरा। अब तक चार बार भोपाल के मास्टर प्लान का ड्राफ्ट जारी हुआ, लेकिन अमलीजामा पहनाने से पहले ही इतने अड़ंगे आए कि सरकार को न चाहते हुए भी इसे रद्द करना पड़ा। मास्टर प्लान लागू न हो पाने की वजह से भोपाल में मनमाने तरीके से विकास हो रहा है।

### लोगों को आज भी इंतजार

*कर सलाहकार राजेश जैन ने कहा कि सरकार के लिए टेढ़ी खीर बनता जा रहा भोपाल का मास्टर प्लान आखिर कब लागू होगा यह अब भी सवाल बना हुआ है। भोपाल के लोगों को आज भी इंतजार है राजधानी का सुनियोजित विकास कब होगा। जैन के अनुसार नेता और अधिकारी मिलकर मास्टर प्लान को प्रभावित कर रहे हैं।*

## अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से होगी शुरू

**38 दिवसीय वार्षिक यात्रा 9 अगस्त को होगी संपन्न**



एजेंसी ▶▶| जम्मू

**3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ मंदिर**

दक्षिण कश्मीर में 3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ मंदिर के लिए 38 दिवसीय वार्षिक यात्रा तीन जुलाई को शुरू होगी। प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंध में निर्णय राजभवन में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) की 48वीं बोर्ड बैठक में लिया गया। प्रवक्ता ने कहा, इस साल यात्रा तीन जुलाई को दोनों मार्गों - अनंतनाग जिले में पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में बालटाल मार्ग के रास्ते एक साथ शुरू होगी। नौ अगस्त को रक्षा बंधन पर संपन्न होगी। उन्होंने कहा कि बैठक में श्राइन बोर्ड के सदस्यों ने भाग लिया, जिन्होंने श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं और सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए विभिन्न उपायों का प्रस्ताव रखा। बैठक में अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जम्मू, श्रीनगर और अन्य स्थानों के केंद्रों पर ठहरने की क्षमता बढ़ाने, ई-केवाईसी के लिए यात्री सुविधा केंद्रों का संचालन, आरएफआईडी कार्ड जारी करने, नौगाम और कटरा रेलवे स्टेशनों सहित कई स्थानों पर तीर्थयात्रियों का मौके पर ही पंजीकरण की सुविधा मुहैया कराने के उपायों पर चर्चा की गई।उन्होंने कहा कि इस बात पर भी चर्चा की गई कि आवश्यकता के अनुसार बालटाल, पहलगाम, नुनवान और पंथा चौक श्रीनगर में भी सुविधाओं को उचित रूप से बढ़ाया जाए।

## यूनियन बैंक का 157 स्थानों पर राष्ट्रव्यापी मेगा एमएसएमई आउटरीच अभियान शुरू

**भोपाल।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने राष्ट्रव्यापी मेगा एमएसएमई आउटरीच अभियान का शुभारंभ किया है। यह अभियान सप्ताहभर चलने वाली पहल है, जिसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सशक्त बनाना, उद्यमशीलता और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है। इस अभियान का शुभारंभ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ए. मणिमेखलै ने किया और वित्तीय सहायता, डिजिटल समाधान और जागरूकता पहलों के माध्यम से एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत करने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की एमएसएमई के लिए वित्तीय समावेशन और समग्र समर्थन के लिए प्रतिबद्धता दृढ़ है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान के माध्यम से, हमारा लक्ष्य एमएसएमई की वृद्धि और संवहनीयता सुनिश्चित करते हुए प्रौद्योगिकी और सरकारी पहलों द्वारा समर्थित वित्तीय उत्पादों तक निर्बाध एक्सेस प्रदान करना है। हमारा व्यापक उत्पाद सूट ऋण प्राप्त करने में ग्राहक अनुभव को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है और हम एक सक्षम इकोसिस्टम को बढ़ावा देना जारी रखते हैं जो भारत के एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत करता है। जो विकसित भारत के व्यापक दृष्टिकोण में योगदान देता है।

### बीएनएचएस और जेएसडब्ल्यू ने लांच की डॉक्यूमेंट्री

**मुंबई।** बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (बीएनएचएस) ने जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन के सहयोग से अपनी नवीनतम डॉक्यूमेंट्री 'मर्सी फीडिंग- शहरी क्षेत्रों में कबूतरों का खतरा' लांच की। इसमें शहरों में लोगों द्वारा भोजन दिए जाने के कारण आम नीले पत्थर के कबूतरों की आबादी में अनियंत्रित वृद्धि के कारण होने वाली पर्यावरणीय और सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं पर प्रकाश डाला गया है। जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन की अध्यक्ष संगीता जिंदल ने शाम बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी में बीएनएचएस के अध्यक्ष प्रवीणसिंह परदेशी, आईएएस की उपस्थिति में इस फिल्म का अनावरण किया। इस अवसर पर बीएनएचएस के निदेशक किशोर रीठे और सचिव डॉ. भारत भूषण भी मौजूद थे।

### जॉनसंस बेबी ने शुरू किया नया कैंपेन

**मुंबई ।** जॉनसन्स बेबी ब्रांड को बेबी स्किन साइंस की गहरी समझ है, यह ब्रांड बेबी की त्वचा की देखभाल के लिए नवाचारों में सबसे आगे रहा है। जॉनसन्स बेबी ने बॉलीवुड के नामचीन पिता-पुत्री अनिल और सोनम कपूर के साथ मिलकर अपना नया कैंपेन शुरू किया है, जिसमें उनके साथ-साथ एक बहुत ही प्यारा बेबी फिल्म का मुख्य किरदार निभा रहा है। नयी फिल्म की संकल्पना डीडीबी मुद्रा ने की है। बेबी की पलक झपकने की प्रतिक्रिया के पीछे के विज्ञान को इसमें बहुत ही रचनात्मक तरीके से दर्शाया गया है। इस फिल्म में अनिल कपूर एक बेबी के साथ स्टेयरिंग कॉन्टेस्ट खेल रहे है और हार जाते है। मज़ाक और मस्ती से भरे यह पल, बेबी और बड़ों की आँखों के बीच के फर्क को उजागर करते हैं।

### हरियाणा के युवक को ऑस्ट्रेलिया में 40 वर्ष कैद

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया में पांच कोरियन महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में हरियाणा के रेवाड़ी निवासी बालेश धनखड़ को सिडनी की एक कोर्ट ने दोषी करार देते हुए 40 साल की सजा सुनाई है। सिडनी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के जज माइकल किंग ने धनखड़ को सजा सुनाते हुए कहा कि अपराधी का आचरण पूर्व नियोजित, सुनियोजित, चालाकी पूर्ण और अत्यधिक हिंसक था। उसने दिखाया कि यौन संतुष्टि की उसकी इच्छा प्रत्येक पीड़ित के प्रति पूर्ण और कठोर उपेक्षा में थी। रेवाड़ी के सेक्टर-3 स्थित राधा स्वामी कॉलोनी निवासी बालेश बतौर छात्र 2006 में ऑस्ट्रेलिया गया था, जहां उसने पढ़ाई के बाद कई बड़ी कंपनियों में डेटा विजुलाइजेशन सलाहकार के रूप में काम किया।

## राशिफल

**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**वृष** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**मिथुन** व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सुधार होगा। आत्मसंयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी।

**सिंह** रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है।

**कन्या** धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में भागदौड़ बढ़ सकती है। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। धन की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** धन की स्थिति में सुधार आएगा। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** वाणी में मधुरता रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखें। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। आलस्य की अधिकता रहेगी। दिनचर्या अव्यवस्थित हो सकती है।

**मकर** लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखें। परिश्रम की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** कारोबार में सुधार होगा। लाभ में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

**मीन** आय में वृद्धि होगी। माता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें।

## केदारनाथ और हेमकुंड साहिबजी रोपवे परियोजनाओं को मंजूरी

# केदारनाथ का सफर 9 घंटे के बजाय 36 मिनट में होगा पूरा!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को राष्ट्रीय रोप-वे विकास कार्यक्रम-पर्वतमाला परियोजना के तहत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किलोमीटर लंबी रोप-वे परियोजना के विकास को मंजूरी दे दी है। इससे केदारनाथ पहुंचना आसान हो जाएगा। इसके साथ ही एक अन्य परियोजना हेमकुंड रोप-वे के लिए भी कैबिनेट से मंजूरी मिली है। जिस दूरी को तय करने में 9 घंटे का समय लगता था, वहीं इस प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद सिर्फ 36 मिनट का समय लगेगा। केंद्र सरकार ने बुधवार को उत्तराखंड में दो रोपवे परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। इनमें सोनप्रयाग से केदारनाथ (12.9 किलोमीटर) और गोविंदघाट से हेमकुंड साहिबजी (12.4 किमी) रोपवे परियोजनाएं शामिल हैं। दोनों परियोजनाओं पर कुल 6,811 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इन रोपवे परियोजनाओं से दोनों तीर्थस्थलों की यात्रा के समय को कम करने और पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इन महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के निर्माण की समयसीमा चार से छह वर्ष निर्धारित की गई है। दोनों रोपवे का निर्माण राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम-पर्वतमाला परियोजना के तहत किया जाएगा।



### हेमकुंड साहिबजी की कठिन यात्रा

वर्तमान में हेमकुंड साहिबजी की यात्रा गोविंदघाट से 21 किमी की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है। इसे पैदल या टट्टुओं या पालकियों द्वारा पूरा किया जाता है। प्रस्तावित रोपवे की योजना हेमकुंड साहिबजी के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों और फूलों की घाटी में आने वाले पर्यटकों को सुविधा प्रदान करने के लिए बनाई गई है, और यह (रोपवे) गोविंदघाट तथा हेमकुंड साहिब जी के बीच सभी मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा।


# एयरक्राफ्ट फाइनेंसिंग ट्रांजैक्शन करने वाला पहला बैंक बना एक्सिस बैंक

**मुंबई ।** एक्सिस बैंक ने गिफ्ट सिटी आईएफएससी में अपनी इंटरनेशनल बैंकिंग यूनिट (आईबीयू) के माध्यम से एयरक्राफ्ट फाइनेंसिंग ट्रांजैक्शन करने वाला पहला भारतीय बैंक बनने का गौरव हासिल किया है। यह ऐतिहासिक डील टाटा समूह की कंपनी एयर इंडिया की लीजिंग शाखा और पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एआई फ्लीट सर्विस (एआईएफएस) के लिए की गई। यह उपलब्धि भारत के एविएशन वित्त क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिस पर अब तक बहुराष्ट्रीय बैंकों का प्रभुत्व था। साथ ही, यह गिफ्ट सिटी को विमान लीजिंग और वित्तपोषण के उभरते केंद्र के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाती है।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

वैवाहिकी
वधु चाहिए
वधु चाहिए
गुजराती 44/ 5'11"
स्वयं का व्यवसाय
इनकम 40,000/-
मासिक, युवक हेतु,
उच्च जाति बंधन नहीं
(मैरिज ब्यूरो क्षमा करें)
सम्पर्क करें
9827114645
9131139179

### शब्द पहेली - 5801



**बाएँ से दाए-**
1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट, शर्ट-3
6. लाख, गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान, रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा, उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष, बरस-2
18. लय, स्वर-2
19. गदर, बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरुर, घमंड-4
24. राजा, सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ, फिजूल-3
28. चतुर्थ, चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत, जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर, थाती-4
15. तरंग, हिलोर-3
16. निरंकुश, मुंहजोर-4
17. किनारा, तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया, जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान, शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर, भगवान-2
28. प्रेम, लगन-2

मंगल सेनचा, बैंगलोर

### शब्द पहेली -5800 का हल



### सूडोकु नवताल - 5811

✱✱✱✱✲ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5810 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |



आवरण कथा

लोकमित्र गौतम

रंग का, उमंग का और तरंग का पर्व है होली। इसमें मस्ती और उल्लास के ऐसे रंग घुले होते हैं, जो हर तनाव, मतभेद, मनभेद को ही नहीं जीवन की नीरसता को भी दूर कर देते हैं। नई जीवंतता और ऊर्जा का संचार करने वाली होली हमें अपने बचपन की याद दिला देती है, फिर से उन सुनहरे पलों को जीने के लिए प्रेरित करती है। आइए, हम सब भी इस रंगोत्सव में खुशियों के रंगों से सराबोर हो जाएं।

# रंग-उमंग-तरंग के संग हो जाएं उल्लास में मगन

अपने देश भारत में मनाए जाने वाले अन्य त्योहारों की तरह होली महज एक त्योहार नहीं है, यह 'रंगों का उत्सव' है। आज की इस भाग-दौड़ भरी और तनावग्रस्त जिंदगी में होली का उल्लास हमें अपनी संस्कृति से मिले अनमोल वरदान की तरह है। होली का यह उल्लास किसी थेरेपी से कम नहीं। इसलिए होली का पर्व सिर्फ रंग खेलने का दिन नहीं बल्कि तनाव और चिंता से मुक्त होकर, जीवन में रंग भर लेने का इंद्रधनुषी अवसर है। यह दिन उल्लास में सराबोर हो जाने का दिन है।

## भूल जाएं तनाव-परेशानियां

आज के दौर में लगभग हर व्यक्ति काम के बोझ से दबा नजर आता है। रोजमर्रा की परेशानियों और संघर्ष में पिस रहा है। सोशल मीडिया के लगातार बढ़ते दखल से तनाव बढ़ रहा है। इन सब तनावों, बोझों और परेशानियों को पूरी तरह से झिड़क देने का मौका हमें होली का दिन प्रदान करता है। हमें इस मौके को गंवाना नहीं चाहिए। होली हमें हर साल यह मौका देती है कि कम से कम साल में एक दिन तो हम ये सब भूलकर सिर्फ और सिर्फ 'वर्तमान क्षण' में जी लें। हर तरह के बोझ से हल्के हो लें। हंसी-मजाक करें, दोस्तों के साथ अपने बचपन के दिनों में लौट जाएं। जितनी मस्ती हो सकती है, मस्ती करें। सारे गिले-शिकवे दूर करें, परिवार के साथ समय बिताएं।



## बतकही का मिलता है मौका

तन और मन की गांठों को खोलने या इन्हें पिघलाने का एक जरिया संवाद होता है। बिना सजग हुए, चुहल-मस्ती के अंदाज में किया गया संवाद। होली अपनों के बीच ऐसे ही बतकही करने का मौका देती है। ऐसी बतकही का इसलिए भी बहुत महत्व है, क्योंकि हमारी आज की जिंदगी में संवाद बहुत कम हो गया है। हम सब व्यस्त हैं, रिश्तों में औपचारिकता बढ़ गई है। होली एक ऐसा अवसर है, जब हम बिना झिझक एक-दूसरे से जो मन में उमड़ घुमड़ रहा हो, उसे कहें और जो हमें कहा जा रहा हो, उसे बिना किसी पूर्वाग्रह के सुनें। इससे हमारे शिथिल पड़े रिश्ते फिर से जीवंत हो जाते हैं।

## लौट आता है बचपन

होली की धमा-चौकड़ी हमें सुनहरे अतीत में ले जाती है। जब हम दुनिया की किसी भी फिक्र, किसी भी चिंता से मुक्त हुआ करते थे। सिर्फ खुशियां, खेल और मस्ती ही हमारे चारों तरफ फैली होती थीं। होली का रंग-बिरंगा, मस्ती से भरा अहसास हमें बचपन के उन सुहाने पलों में लौटा ले जाता है, जब हम बिना किसी परवाह के खुलकर खेलते थे। हर चीज में खुशी, हर स्थिति में सकारात्मकता ढूंढ़ लेते थे। तनाव, परेशानियां, चिंताएं स्वभाव का हिस्सा नहीं हुआ करती थीं। क्यों न होली के दिन हम एक बार फिर वैसे ही तनावमुक्त होकर मस्ती में डूब जाएं। जिम्मेदारियों की जकड़न को एक तरफ फेंक दें और रंगों की इंद्रधनुषी बारिश में बचपन की तरफ लौट जाएं। अपनों के संग खेलें, खाएं, पीएं, नाचें, गाएं, दोस्तों के साथ हंसी-ठट्ठा करें। जो मन आए बातें करें और खुद को पूरी तरह से रिचार्ज कर लें।

एक्सपर्ट कहते हैं कि रंगों का यह त्योहार हमें शारीरिक और मानसिक रूप से हल्का कर देता है। हम बोझ मुक्त हो जाते हैं। इसलिए होली को नेचुरल स्ट्रेस बस्टर भी कहते हैं। होली की धमाचौकड़ी हमारे शरीर में खुशियों के हार्मोन बढ़ाती है। हमारे शरीर से एंडोर्फिन और डोपामाइन जैसे हार्मोन रिलीज होते हैं।



## पिघल जाते हैं गिले-शिकवे

वैसे तो अपने देश के सभी पर्वों की यह खूबी है कि हम इनके बहाने दूसरों से अपने गिले-शिकवे दूर कर सकते हैं। लेकिन बाकी सभी त्योहारों में फिर भी कोई झिझक रह सकती है, लेकिन होली तो ऐसा पर्व ही है, जो सालों के मतभेद, मनभेद और चुप्पियों को तोड़ गले मिलने, साथ खिलखिलाने के लिए प्रेरित कर देता है। होली सालों पुरानी खटास को झटके में दूर कर देता है। होली के समूचे माहौल में एक बेफिक्री, एक मजकिया अहसास, जिंदगी को सरल तरीके से जीने की सीख और अभिमान को दूर कर हमारी झिझक को भी पूरी तरह से मिटा देती है। होली का पर्व गलतफहमियों को मिटा देने का पर्व है। जब हम रंगों से खेलते हैं, रंगों में डूबते हैं तो हमारे मन की तमाम कठोरताएं स्वतः ही मिट जाती हैं, पिघल जाती हैं। तन और मन का रेशा-रेशा इंद्रधनुषी हो जाता है। रिश्ते मिठास से भर जाते हैं।

## प्रकृति के उत्सव में हों शामिल

होली एक तरफ मनोवैज्ञानिक तो दूसरी तरफ बेहद कुदरती या कहें प्राकृतिक पर्व भी है। यह पर्व हमें प्रकृति के साथ गहरे तक घुलने, मिलने और गहरी आत्मीयतापूर्ण सामंजस्य बनाने की सीख देता है। वास्तव में होली का संबंध प्रकृति के श्रृंगार, बसंत से है। होली तब आती है, जब प्रकृति अपनी नई ऊर्जा और नए उत्साह से भरी होती है। हर तरफ बसंत के फूल खिले होते हैं। हवा में खुशबुएं मचल रही होती हैं। प्रकृति की यह खुशी हमें भी अपने रंग में रंग लेती है। हम नाराज या दुखी रह ही नहीं सकते। एक तरह से होली प्रकृति में होने वाली रंगों की बारिश है और हम इस बारिश में नहाकर खुशियों और उम्मीदों से जगमगा उठते हैं। इसलिए होली हमारी कायाकल्प का पर्व है। आइए, इस पर्व में डूबकर हम खुद को ही नहीं अपनों-परायों सबको खुशियों और उम्मीदों के रंग से रंग दें। *

### बहुत कुछ कहता है हर रंग

**रंगों का** बहुत सकारात्मक मनोविज्ञान होता है। रंग हमारी भावनाओं को बहुत गहरे तक छूते हैं। रंगों के अपने अर्थ, अपने प्रतीक, अपने अहसास होते हैं। गुलाबी रंग प्रेम का अहसास दिलाता है। हरा रंग हमें तन और मन से ऊर्जावान करता है। पीला रंग हमें खुशियों से सराबोर कर देता है। नीला रंग हमें असीम शांति देता है। होली के मौके पर जब हम इन रंगों में सराबोर होते हैं, तो हमारा तन और मन खुशियों से छलकने लगता है। हम परिपूर्णता के अहसास से भर जाते हैं। हमारे पोर-पोर से जीवन की संतुष्टि झरने लगती है। हम ज्यादा सकारात्मक हो जाते हैं।

होली पर रंगों से खेलना, एक-दूसरे को रंग लगाने के निहितार्थ बहुत गहन हैं। इसे समझ लें तो हमारा जीवन केवल मस्ती के रंग से ही नहीं प्रेम, ईमान, अध्यात्म और समावेशिता के रंगों से रंग जाएगा। जीवन को एक नई रंगीनियत मिलेगी, एक नई दृष्टि विकसित होगी।



# हर रंग से सजा रहे जीवन

आत्मप्रेरणा

कुमार राधारमण

यह दुनिया रंग-बिरंगी है। कितने ही रंग हमारे चारों ओर बिखरे पड़े हैं। तमाम तरह के रंग हैं, तभी दुनिया रहने लायक है। इन रंगों में ही जीवन की सुंदरता है। ये रंग सीख भी देते हैं, उम्मीदों का दीया भी बनते हैं। रंग अपनी भावनाओं को, खुशियों को प्रकट करने का माध्यम होते हैं। यह अवसर हमारे पास न होता, तो यह दुनिया बेरंग होती। जीवन के इन विविध रंगों में ही मनुष्य के विकास का इतिहास छिपा है।

**मस्ती का रंग:** प्रख्यात कवि आर.सी. प्रसाद सिंह ने कहा है, 'यह जीवन क्या है, निर्झर है/मस्ती ही इसका पानी है।' सच इसमें धूप-छांव संग-संग हैं, फर्क केवल मात्रा का है। सुख के क्षण में दुख का अनुपात कम होता है और दुख के क्षण में सुख का अनुपात कम। दोनों में से कुछ भी स्थायी नहीं है। इसलिए आप निर्विकार, निष्काम भाव से, सहजता से, मस्ती के साथ कर्म करते रहिए। मस्ती बड़ी-बड़ी परेशानियों का हल है। प्रकृति भी हंसते-मुस्कुराते चेहरे देखना चाहती है। मस्त आदमी जहां रहेगा, वहीं रंग जमा देगा। अभी-अभी संपन्न महाकुंभ में आपने न जाने कितने रंग मस्ती के देखे होंगे। मस्ती एक आध्यात्मिक अवस्था है। मस्ती ही पैमाना है कि आप भीतर से सुखी हैं या नहीं। इसी मस्ती के क्षणिक अनुभव को पर्व के रूप में हम होली में महसूस करते हैं।



**ईमान का रंग:** यह सच है कि आज, हमने धन और पद को ही सफलता मान लिया है। जरूरतें थोड़ी सी हैं, लेकिन हर आदमी अधिक से अधिक धन समेट लेना चाहता है। बहुधा इसके लिए हम छल-कपट, बेईमानी का सहारा भी लेते हैं। ईमानदार होने का मतलब गरीब होना नहीं है। ईमानदारी से भी सुखपूर्वक जीना बिल्कुल संभव है। बशर्ते हम सुख की परिभाषा ठीक से समझ लें। सिद्धांतहीन व्यक्ति गिरगिट की तरह रंग बदलता है। ध्यान रहे, प्रकृति में हमारे कर्म ही नहीं, विचार भी दर्ज होते हैं। इसलिए तमाम धर्मग्रंथ मन, वचन, कर्म तीनों की शुचिता पर बल देते हैं। और, जब आप सफल हों, तब भी रंग न बदलें, सिर पर सफलता का रंग न चढ़ने दें। रंगा सियार होना अच्छी बात नहीं। बन सकें, तो किसी के जीवन का रंग बनें।

**अनुभव का रंग:** हर अनुभव स्वयं हासिल करने के लिए यह जीवन छोटा है। इसलिए, दूसरों के अनुभव से यदि आप सीखने की प्रवृत्ति रखें तो तेजी से आगे बढ़ पाएंगे। आपा-धापी भरी इस जिंदगी में कुछ पल बुजुर्गों के साथ, अपने से अधिक अनुभवी लोगों के साथ बिताना अच्छा है। जरूरी नहीं कि उनके पास हमारे मौजूदा रोजगार के मामले में कोई ढंग का सुझाव हो, लेकिन उनके पास हमारे समग्र जीवन के लिए निश्चय ही बहुत कुछ होता है। हमारी नौकरी भी हमारे जीवन का ही हिस्सा है। बढ़ती उम्र के साथ शारीरिक क्षमता तो घटती है, लेकिन व्यक्ति का अनुभव बढ़ता जाता है। उनके बताए गुर से हमारा समय बचता है, हमारा रंग तेजी से निखरता है और यह हमें अपने समकक्ष से आगे रखने में मददगार बन सकता है।

**समावेशिता का रंग:** यह दुनिया केवल हमारे लिए नहीं है। इसमें सबके लिए जगह है। दुनिया हमसे पहले भी थी, हमारे बाद भी होगी। यहां हम किसी निश्चित भूमिका मात्र के लिए हैं और आज हमारा जो संसार है, एक समय के बाद वह छूट ही जाना है। जो इसे समझ लेता है, उसके रंग में कभी भंग नहीं पड़ता। उसके मन में हर प्राणी के प्रति करुणा का भाव होता है और वह उसे उसकी मौलिकता में ही स्वीकार कर लेता है। दूसरों के प्रति स्वीकार भाव से सामने वाला भी बेहतर बनने का प्रयास करता है। दूसरों पर हावी होने की प्रवृत्ति छोड़ने से अपनी श्रेष्ठता का दंभ भी मिटता जाता है। जिसका दंभ मिट गया हो, वही होली खेल सकता है। होली के गीतों का सामूहिक गान समावेशिता की भावना को ही दर्शाता है।

**प्रेम के रंग:** होली के गीतों में राधा-कृष्ण के प्रेम की चर्चा आम है। रंग ऊर्जा है और प्रेम जीवन का सार है, जीवन का उत्कर्ष है। इसके बगैर हमारी सारी उपलब्धियां बेरंग हैं। प्रेम का रंग ही सबसे महत्वपूर्ण है और सभी धर्मग्रंथों का सार भी। जो सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है, उसी के लिए खुद को तैयार करें। चैतन्य, दयालु, परोपकारी, मैत्रीपूर्ण और जागरूक बनें। व्यर्थ के विवादों से बचें ताकि आपके भीतर उत्सवधर्मिता, गर्मजोशी, उत्साह और रोमांच के लिए स्थान उपलब्ध हो सके। कामुकता, ईर्ष्या और हठ का स्थान शांति, पवित्रता, कोमलता रचनात्मकता, भावुकता, आशावादिता, क्षमाभाव और स्वतंत्रता को लेने दें। प्रेम, विवेक, सद्भाव, सहानुभूति, समभाव, साहस, स्पष्टता और मानसिक शक्ति को विकसित होने दें।

**अध्यात्म के रंग:** रंग स्फूर्ति का प्रतीक है। होली ऊर्जा प्रकटीकरण का पर्व है। इससे अधिक स्फूर्ति किसी अन्य त्योहार में नहीं दिखती। इसलिए, कृष्ण भी होली खेलते हैं। होली में उल्लास है, उत्सवधर्मिता है। होली में प्रेम और विरह के रंग एकसाथ समाहित हैं। होली तो त्योहार ही रंगों का है। यह नएपन का त्योहार है। होली की स्मृति से ही हम उमंग से भर जाते हैं, हमारे चेहरे पर मुस्कान-सी खिल जाती है। हताशा और कुंठा की होलिका जल जाने दें। होली युवा होने का बोध है और इस बात का प्रतीक भी कि जीवन हंसते-खेलते बीतना चाहिए। यह रहस्य बड़े से बड़े रहस्यों से भी बड़ा है। जो इसे जानता है, वास्तविक अर्थों में वही जागरूक है, वही आत्मज्ञानी है। होली में गाया जाने वाला जोगिरा शब्द योगी से बना है। बनारस में इसे कबीरा भी कहते हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर अरुंधति मिश्रा स्पष्ट करती हैं, 'जोगिरा में प्रेमिका ईश्वर है और प्रेमी साधारण मनुष्य। मनुष्य ईश्वर को पाना चाहता है और होली उसका माध्यम है।'

तो होली को केवल बाहरी रंगों से ही नहीं आत्मबोध और आत्मपरिवर्तन के रंगों से भी खेलें, तभी इस पर्व की सार्थकता है। *

गीत

डॉ. ओम निश्चल

## फागुन के रंग सहेज लो!

जीवन में रंग अनेक हैं
जीवन के रंग सहेज लो
आज तुम उदास मत रहो
उत्सव के रंग सहेज लो।
माना यह कठिन वक्त है
जीने की सजा सख्त है
सांसों की डोर है अभी
एक नई भोर है अभी
लो फिर से हाथ बढ़ाओ
अपना सूरज सहेज लो।
आज तुम उदास मत रहो
उत्सव के रंग सहेज लो।
घर-बाहर फाग मचा है
रंगों का रास रचा है
देता मौसम गवाहियां
मन में विश्वास बचा है
सुख के ये पल सहेज लो
खुशियों के रंग सहेज लो,
अनभीगे आज मत रहो
फागुन के रंग सहेज लो।
मंद-मंद हवा बह रही
पर पते की बात कह रही
तुम भी ऐसे बहो सदा
जैसे मैं मस्त बह रही
कुछ भीगे पल सहेज लो,
मौसम का मन सहेज लो
चढ़ने दो फागुनी सुरूर
कुदरत के रंग सहेज लो।

# रंगों की छुअन!



लघुकथा

यशोधरा भटनागर

पलाश अपने पूरे शबाब पर है। रंगों का सुरूर चारों ओर छाया हुआ है। मानो प्रकृति भी रंगोत्सव की मस्ती में डूबी हुई है। पर एक कोना रंगों की रंगीनियत से शायद पूरी तरह अछूता, जहां अंदर-बाहर सिर्फ अंधकार ही अंधकार, रंगों से दूर।

मैंने उद्वेलित हृदय में उमड़ती-घुमड़ती भावनाओं के साथ दृष्टिहीन कन्याओं के छात्रावास में कदम रखा।

आश्चर्य संग एक सुखद अनुभूति! रंगों से सजा खिलखिलाहटों से गुंजित छात्रावास का प्रांगण! एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली के रंग में रंगी छात्राएं!

'मैडम जी, आप रंग से बच न पाओगी।'

शायद वो मेरे आने की आहट पा गई थीं। जैसे ही मैं उनके समीप पहुंची, उन्होंने मुझे घेर लिया।

'होली है ..! होली है ...!'

और नरम-गुलाबी हाथों ने वातावरण को गुलाबी-गुलाबी कर दिया। मैं रंगों से सराबोर थी। पर अंतःसिंधु में ऊंची-ऊंची हिलोरें लेते प्रश्न फिर सिर उठाने लगे, जिनकी पूरी दुनिया ही ब्लैक है वो बच्चियां!

'बेटा! आप लोग तो होली के रंगों में रंग गईं... आपको रंग...'

रुकते-चलते, कुछ गले में फंसते शब्दों में मेरी बात पूरी भी न हो पाई कि चुलबुली-सी दिखने वाली बारह-तेरह बरस की बच्ची का कोयल से मधुर स्वर मेरे हृदय के भीतर प्रविष्ट हो गया, 'मैडम जी हमने रंगों को देखा तो नहीं किंतु रंगों को छुआ है! और रंगों ने हमको!!'

चारों ओर झरती खुशी की फुहारों की रिमझिम में मन भीग गया।

'रंग बरसे भीगे चुनर वाली रंग बरसे...' गीत पर नाचती रंगों से रंगी उन बच्चियों के साथ नाचते-झूमते हुए मैं भी रंगों की उस छुअन को अनुभव कर रही थी। *

रंगीली चुटकी

उमाशंकर दूबे 'मनमौजी'

## काला चोर

नेता वोटर से कहे, मुझको देना वोट।
वोटर गण कहने लगे, नेता तुझमें खोट।।
नेता तुझमें खोट, नहीं हम तुझे चुनेंगे।
वोट भले ही किसी 'काला चोर' को देंगे।।
कह 'मनमौजी' हाथ जोड़ नेता फरमाया।
यही बताने सुनो यहां पर मैं हूं आया।।

मंत्री था तब ऐंठ ली, धन-संपत्ति अपार।
कालाधन स्विस-बैंक में, चोरी से हर बार।।
चोरी से हर बार, रखा मैं उसी छोर हूं।
कालाधन चोरी से रखा 'काला चोर' हूं।।
कह 'मनमौजी' हे वोटरगण यह सुन लेना।
मैं हूं 'काला चोर' वोट मुझको ही देना।।



रंगबाज दोहे

सूर्यकुमार पांडेय

## इंटरनेट पर होली का त्योहार



क्या सावन, क्या चैत अब, फागुन बारह मास।
छोरा-छोरी चैट पर, करें प्रणय-अभ्यास।।
मिलन, गेट पर अब कहां, समय बना दीवार।
इंटरनेट पर मन रहा, होली का त्योहार।।
केलि हेतु अब कल कहां, सकल वर्जना फेल।
मेल और फीमेल पर, भारी है ई-मेल।।
रंग पुते जब गाल पर, दर्पण गया लजाय।
गोरी सेल्फी ले रही, देखे और मुसकाय।।
सखि ब्यूटी पार्लर गई, दौड़ा नया करंट।
जितना तन पर डेंट था, उससे ज्यादा पेंट।।
इत्ता-सा वैक्यूम है, बित्ता भर कंज्यूम।
छः क्यूबिक वॉल्यूम पर, सात किलो परफ्यूम।।
शेयर गिरा सेंसेक्स संग, कीमत गिरे न संग।
और चटख अब हो रहा, महंगाई का रंग।।
कनक छरी-सी कामिनी, वेट गेन से ग्रस्त।
फास्ट फूड खाकर हुई, तन्वंगी कटि ध्वस्त।।
तब के, अब के ब्याह का, ऐसा बदला टेस्ट।
तब के मौलिक पोस्ट थे, अब वाले कट पेस्ट।।
वर की लर्निंग फेलियर, मगर खड़ा मुंह बाय।
घर भर्निंग चहिए बहू, अर्निंग कर लइ आय।।
बस्ती में कश्ती चली, हंसती-फंसती रोड।
मस्ती अब अपलोड है, पस्ती डाउनलोड।।

## खबर संक्षेप

### ज्वेरेव को दूसरे दौर में मिली हार

**इंडियन वेल्स।** नीदरलैंड के टालोन ग्रीकस्पूर ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को बीएनपी परीबस ओपन के दूसरे दौर में 4-6, 7-6 (5), 7-6 (4) से हरा दिया। इससे आठ दिन पहले ज्वेरेव को अमेरिका की लीर्नर टियन ने मैक्सिको में 6-3, 6-4 से मात दी थी। ग्रीकस्पूर का सामना अब जियोवान्नी एमपेशी से होगा।




### भारत प्रबल दावेदार न्यूजीलैंड भी मजबूत

**दुबई।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत को प्रबल दावेदार बताया है लेकिन कहा कि फायदा ज्यादा नहीं होगा क्योंकि न्यूजीलैंड काफी मजबूत टीम है। भारतीय टीम ने अपने सारे मैच दुबई में खेले और सभी जीतकर फाइनल में पहुंची है। सेमीफाइनल में भारत ने आस्ट्रेलिया को हराया था। न्यूजीलैंड टीम ग्रुप ए में भारत के बाद दूसरे स्थान पर रही थी जिसे भारत ने लीग चरण में हराया था। न्यूजीलैंड ने लाहौर में सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को मात दी।



### ग्रुप चरण में मिली हार से बहुत कुछ सीखा

**दुबई।** भारत के हाथों ग्रुप चरण में मिली हार से अविचलित न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज विल यंग को उम्मीद है कि उनकी टीम रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में रोहित शर्मा की टीम की कमजोरियों का फायदा उठा सकेगी। यंग ने डेवोन कॉनवे और रचिन रविंद्र के साथ टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड को अच्छी शुरुआत दी है। उन्होंने कहा, 'हम ग्रुप चरण की हार से काफी कुछ सीखे हैं। खासकर एक बल्लेबाज के तौर पर मैने, लेकिन गेंदबाजों ने भी भारतीय बल्लेबाजों को और उनके खेलने के तरीके को देखा।'



### भारतीय निशानेबाजी लीग 24 नवंबर से

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने बताया कि पहली भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) को खेल की वैश्विक नियामक संस्था से 'विंडो' मिल गई है और यह टूर्नामेंट अब 24 नवंबर से सात दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। एनआरएआई अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने इस फ्रेंचाइजी आधारित लीग का प्रस्ताव रखा था और पूर्व के कार्यक्रम के अनुसार इसका आयोजन मार्च में होना था। एनआरएआई ने राष्ट्रीय महासंघ के शासी निकाय से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद पिछले साल नवंबर में एसएलआई की मेजबानी करने के अपने इरादे की घोषणा की थी।



### शुभमन सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अवार्ड के लिए नामित

**दुबई।** पिछले महीने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल को ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स के साथ फरवरी के आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामित किया गया है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज गिल ने फरवरी में खेले गए पांच वनडे मैच में 101.50 के औसत और 94.19 के स्ट्राइक-रेट से 406 रन बनाए। वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के साथ दुबई में हैं। इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में गिल ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने 87, 60 और 112 रन बनाए।



चार-चार स्पिनर्स की रणनीति के साथ उतरेंगी भारत और न्यूजीलैंड की टीमें

# जिसकी फिरकी में दम, वो बनेगा चैंपियन... भारत के पास 12 साल बाद चैंपियंस खिताब जीतने का मौका

एजेंसी ▸▸ दुबई

अब तक अपने प्रत.द्विंद्वियों और आलोचकों को हाशिए पर रखने में कामयाब रही भारतीय टीम को 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के लिए न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम से तो रविवार को फाइनल में पार पाना ही होगा। साथ ही विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों को लेकर जज्बाती होने से भी बचना होगा। दोनों टीमें चार-चार स्पिनर्स उतारने की रणनीति बना रहे हैं। भारत के लिए न्यूजीलैंड हमेशा कठिन चुनौती साबित हुआ है और आईसीसी टूर्नामेंटों में न्यूजीलैंड का उसके खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 10-6 का है। न्यूजीलैंड ने आईसीसी नॉकआउट चरण में भारत के खिलाफ चार में से तीन मुकाबले जीते हैं।

■ चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले का प्रसारण दोपहर 2.30 बजे

क्रिकेट जगत का एक तबका सारे मैच दुबई में खेलने का अनुचित फायदा उठाने के लिए भारत की लगातार आलोचना कर रहा है। लेकिन अब इस तर्क में दम नहीं लगता क्योंकि न्यूजीलैंड टीम भी यहां खेल चुकी है। भारतीय टीम का आत्मविश्वास इसलिए भी बढ़ा हुआ है क्योंकि उसकी स्पिन चौकड़ी दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सपाट पिच पर काफी कामयाब रही है। ऐसा लगता है कि भारतीय टीम चार स्पिनरों और दो तेज गेंदबाजों का संयोजन लेकर ही उतरेगी।



### रोहित की कप्तानी में लगातार चौथा फाइनल

रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया आईसीसी टूर्नामेंट में लगातार चौथा फाइनल खेलेगी। रोहित टी-20 वर्ल्ड कप के रूप में एक ही खिताब जिता सके, उन्हें वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में हार मिली। टीम इंडिया लगातार तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची है। टीम ने 2013 में खिताब जीता, लेकिन 2017 में पाकिस्तान के खिलाफ हार मिली। अब रोहित की कप्तानी में टीम के पास 12 साल बाद इस आईसीसी खिताब को जीतने का मौका है।

### जियो हॉटस्टार पर देखें मैच

भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे शुरू होगा। टॉस 2 बजे होगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल स्पोर्ट्स 18 नेटवर्क, स्टार स्पोर्ट्स हिन्दी पर प्रसारण होगा। फैंस डीडी स्पोर्ट्स पर फ्री में मैच का लुत्फ उठा सकते हैं। मोबाइल पर जियो हॉटस्टार एप पर देख सकते हैं।

### वरुण देव का चलेगा चक्र

दाहिने हाथ के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने विरोधी बल्लेबाजों को पूरे टूर्नामेंट में परेशान रखा है। रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल ने भारतीय गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती दी है। उनकी सटीकता ने बल्लेबाजों को गैर जिम्मेदाराना शॉट्स खेलने के लिए मजबूर किया। अगर फाइनल उसी पिच पर खेला जाता है जहां भारत और पाकिस्तान का मैच हुआ था तो ये चारों गेंदबाज फिरकी के जाल में कीवी टीम को बुरी तरह फांस सकते हैं।

### फिरकी चौकड़ी पर कीवियों को भरोसा

न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी उम्मीद केन विलियमसन और रचिन रविंद्र होंगे जो स्पिन को खेलने में महारत रखते हैं। न्यूजीलैंड के पास भी कप्तान मिचेल सेंटनर, माइकल ब्रेसवेल, रविंद्र और ग्लेन फिलिप्स के रूप में धुरंधर स्पिनरों की चौकड़ी है जो उनके लिए यही काम कर सकती है। पिछले साल टेस्ट श्रृंखला में न्यूजीलैंड के स्पिनरों ने भारत को काफी परेशान किया था और एक बार फिर वे 2000 के बाद पहली बार आईसीसी वनडे खिताब जीतने की कोशिश में उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। पच्चीस साल पहले नैरोबी में न्यूजीलैंड ने फाइनल में भारत को हराकर नॉकआउट टूर्नामेंट जीता था।

#### टीमें इस प्रकार हैं:

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, ऋषभ पंत, रविंद्र जडेजा, वरुण चक्रवर्ती।

**न्यूजीलैंड :** मिशेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, विल ओरूर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, नाथन स्मिथ, केन विलियमसन, विल यंग, जैकब डफी।

## अरविंद प्राग मास्टर्स में बने चैंपियन दूसरे स्थान पर रहे आर प्रज्ञानानंदा



एजेंसी ▸▸ प्राग

ग्रैंडमास्टर अरविंद चितंबरम ने प्राग मास्टर्स टूर्नामेंट में अपने कॅरियर का पहला बड़ा खिताब जीता जिससे शतरंज में भारत का दबदबा जारी रहा। अरविंद ने हमवतन आर प्रज्ञानानंदा सहित कई दिग्गज खिलाड़ियों को पछाड़कर यह खिताब जीता। 25 वर्षीय अरविंद ने नौवें और अंतिम दौर में तुर्की के गुरेल एडिज के साथ ड्रा खेलकर छह अंक हासिल किए। विश्व के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रज्ञानानंदा नीदरलैंड के अनीश गिरी से हारकर पांच अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे। तमिलनाडु के अरविंद ने टूर्नामेंट में तीन जीत और छह ड्रा के बाद संभावित नौ में से छह अंक हासिल किए। प्रज्ञानानंदा ने गिरी और चीन के शीर्ष वरीय वेई यी के साथ पांच अंक हासिल कर अपने अभियान का समापन किया। रविंद ने कहा, 'मैं पिछले दो दिन ठीक से सो नहीं पाया हूं। सातवें राउंड तक पूरी तरह से ठीक था और फिर मुझे यह बढ़त मिल गई जिससे दबाव था।' उन्होंने ने अपने गुरु और कोच ग्रैंडमास्टर आर बी रमेश की भी प्रशंसा की और अनीश गिरी के खिलाफ अपने मैच को टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास बताया। भारत की दिव्या देशमुख ने चैलेंजर्स वर्ग में यूनान की स्टैमटिस कौरकुलस-अर्डिटिस के खिलाफ अपनी अंतिम दौर की बाजी जीत ली।

■ नौवें और अंतिम दौर में तुर्की के गुरेल एडिज के साथ ड्रा खेलकर छह अंक हासिल किए

### प्रणव ने जीती विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप



**नई दिल्ली।** भारत के प्रणव वेंकटेश ने मोंटेनेग्रो के पेट्रोवाक में 11वें और अंतिम दौर में स्लोवेनिया के मैटिक लेवरेंसिक के खिलाफ ड्रॉ खेलकर विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप (अंडर-20) जीत ली। भारतीय शतरंज के लिए यह एक शानदार दिन रहा क्योंकि अरविंद चितंबरम ने कई दिग्गज खिलाड़ियों को पछाड़कर प्राग मास्टर्स जीत लिया। पिछले साल चेन्नई इंटरनेशनल में चैलेंजर्स वर्ग जीतने वाले वेंकटेश ने दुनिया के जूनियर खिलाड़ियों के बीच अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और पूरे टूर्नामेंट के दौरान अपराजित रहे। भारतीय खिलाड़ी ने कुल सात जीत और चार ड्रॉ के साथ संभावित 11 में से नौ अंक हासिल किए। जब अंतिम दौर की जोड़ियों की घोषणा की गई तो यह स्पष्ट था कि वेंकटेश के लिए ड्रॉ ही काफी होगा।



## भारत ने जीती बधिर टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने शनिवार को यहां करनैल सिंह स्टेडियम में खेले गए फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को सात विकेट से हराकर बधिर टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला जीत ली। इस टूर्नामेंट का आयोजन भारतीय बधिर क्रिकेट संघ ने किया था जिसमें दक्षिण अफ्रीका भाग लेने वाली तीसरी टीम थी। भारत के कुलदीप सिंह ने फाइनल में पांच विकेट लिए जिसके लिए उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इसके अलावा उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया। भारत के ही अभिषेक सिंह को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज चुना गया। टूर्नामेंट के लिए, भारतीय बधिर क्रिकेट टीम का नेतृत्व वीरेंद्र सिंह ने किया। आईडीसीए के अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा, 'इस चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की ऊर्जा से पता चलता है कि विश्व में बधिर खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट को बढ़ावा देना कितना जरूरी है। इस त्रिकोणीय श्रृंखला के प्रति दिलचस्पी से बधिर क्रिकेट का भविष्य उज्जवल नजर आता है।

## चर्चिल ब्रदर्स ने शिलांग लाजोंग को हराया

एजेंसी ▸▸ गोवा



कोलंबिया के सेबेस्टियन गुटिरेज की हैट्रिक से चर्चिल ब्रदर्स ने शुक्रवार को यहां आई लीग मैच में आठ खिलाड़ियों की शिलांग लाजोंग एफसी पर 6-1 से जीत दर्ज की।

यह मैच नाटकीयता भरा रहा जिसमें दो सनसनीखेज गोल, तीन पेनल्टी, एक आत्मघाती गोल और तीन लाल कार्ड शामिल थे। और यह सब दूसरे हाफ में हुआ। चर्चिल ब्रदर्स के लिए गुटिरेज के तीन गोल के अलावा पापे गसामा (50वें मिनट) और वेडे लेके (90+3वें मिनट) ने भी पेनल्टी को गोल में बदला।

### हैट्रिक लगा दी

इस जीत से चर्चिल ब्रदर्स की टीम हंटर काशी को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गई। दोनों टीम के 18 मैच में 34 अंक हैं लेकिन बेहतर रिकॉर्ड के कारण चर्चिल ब्रदर्स शीर्ष पर है। मार्कोस रूदवेरे जेनार सिल्वा ने 27वें मिनट में गोल कर शिलांग लाजोंग ने बढ़त दिला थी। चर्चिल ब्रदर्स के लिए गुटिरेज के 52वें, 66वें और 78वें मिनट में हैट्रिक लगा दी। रानित सरकार ने 73वें मिनट में आत्मघाती गोल दागा।



## बंगाल ने उत्तर प्रदेश को बराबरी पर रोका

**पंचकुला।** बंगाल ने आखिरी क्वार्टर की शुरुआत तक दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए शुक्रवार को यहां सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश को 3-3 से बराबरी पर रोक दिया।

डिवीजन ए के इस मैच में उत्तर प्रदेश की तरफ से साक्षी शुक्ला (24वें मिनट), हिना बानो (32वें) और अंजलि महतो (51वें) ने गोल किए। बंगाल की तरफ से रोहिता मिंज (48वें) ने चौथे क्वार्टर की शुरुआत में पहला गोल किया। इसके बाद सेलेस्टिना होरो (52वें) और अनीशा डुंगडुंग (56वें) ने अंतिम क्षणों में दो गोल करके रोमांचक ड्रॉ सुनिश्चित किया।

## इशप्रीत ने स्नूकर क्लासिक के क्वार्टर में रचा इतिहास



**मुंबई।** मुंबई के इशप्रीत सिंह चड्ढा ने शुक्रवार को यहां सीसीआई स्नूकर क्लासिक 2025 के 'बेस्ट-ऑफ-नाइन' क्वार्टर फाइनल मैच में रेलवे के दिलीप कुमार पर 5-0 की जीत के दौरान अधिकतम 147-ब्रेक बनाकर एक तरह का इतिहास रच दिया। इशप्रीत दिग्गज खिलाड़ी गीत सेठी (गुजरात) और आदित्य मेहता (मुंबई) के बाद 147 का ब्रेक बनाने वाले तीसरे भारतीय हैं। कई राष्ट्रीय खिताबों के विजेता सेठी ने 1988 के गुंटूर नेशनल्स के दौरान यह मुकाम हासिल किया था।

पीएसपीबी का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन मेहता ने 2013 में बेंगलुरु में एशियाई खेलों के चयन टूर्नामेंट और प्रो सर्किट पर जर्मनी में एक टूर्नामेंट के दौरान 147 का स्कोर बनाया था। मौजूदा एशियाई और स्नूकर में राष्ट्रीय चैंपियन पंकज आडवाणी ने भी रेलवे के मलकीत सिंह को 5-1 से हराया। रेलवे के क्वालीफायर फैजल खान ने अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए भारत के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ब्रिजेश दमानी को एकतरफा क्वार्टर फाइनल मैच में 5-0 से करारी शिकस्त दी। पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन कमल चावला ने सीसीआई सदस्य हसन बादामी को सीधे फ्रेम में 5-1 से हराया। ... बादामी की चुनौती को तोड़ते हुए 5-1 से जीत हासिल की।

### महिला दिवस पर राजस्थान ने लांच की 'पिंक प्रोमिस' जर्सी

**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आगामी इंडियन प्रीमियर लीग में एक मई को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए 'पिंक प्रोमिस' जर्सी लांच की। राजस्थान रॉयल्स फाउंडेशन ने महिलाओं के नेतृत्व वाली पहल को बढ़ावा देने के लिए 'औरत है तो भारत है' नामक अभियान फिल्म लॉन्च की। राजस्थान रॉयल्स की टीम राजस्थान में महिलाओं के नेतृत्व वाले ग्रामीण परिवर्तन के लिए मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के लिए खरीदे गए प्रत्येक टिकट के लिए 100 रुपए का योगदान भी करेंगे।

प्राग मास्टर्स में खिताब जीतकर रचा इतिहास

# चिंदबरम को मिल रहा त्याग और मेहनत का फल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्राग मास्टर्स में खिताब जीतने वाले अरविंद चिंदबरम वैश्विक शतरंज में डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंद की तुलना में देर से उभरे हैं और 25 साल की उम्र में उन्होंने जिस तरह से जीवन की बाधाओं को पार किया है, उसे देखते हुए लगता है कि वह प्रगति करते रहेंगे। मदुरै में जन्मे अरविंद जब तीन वर्ष के थे, उन्होंने अपने पिता को खो दिया था और उनकी मां एलआईसी एजेंट के रूप में काम करती थीं। उन्होंने मदुरै छोड़कर चेन्नई में बसने का फैसला किया जो भारत की अनौपचारिक शतरंज की राजधानी है।

अब वर्षों के त्याग और कड़ी मेहनत का फल आखिरकार मिल रहा है। विश्व चैंपियन गुकेश वेल्लामल स्कूल में पढ़ते थे और अब वहीं से एक और प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मिल गया है। अरविंद आखिरकार गुकेश के सीनियर हैं।



अरविंद को प्राग में जीत से पोलैंड में प्रतिष्ठित ग्रैंड शतरंज टूर के लिए वाइल्ड कार्ड मिल गया है। उन्होंने कहा, 'टूर्नामेंट के दौरान मुझे निमंत्रण मिल रहे हैं और ग्रैंड शतरंज टूर रैपिड और ब्लिट्ज उनमें से एक है।' आम तौर पर विश्व रैंकिंग में शीर्ष-20 में जगह बनाने पर शीर्ष टूर्नामेंट में कम से कम कुछ निमंत्रण की गारंटी होती है लेकिन प्राग से पहले ही अरविंद ने शारजाह मास्टर्स और बील इंटरनेशनल में अपनी भागीदारी की पुष्टि की थी जो क्रमशः मई और जुलाई में होने वाले इवेंट हैं। अरविंद को अब चोलामंडलम समूह का समर्थन प्राप्त है।

### ओपन स्पर्धा 2023 के बाद बदली किस्मत

बहुत कम लोगों को याद है कि जब 2013 में विश्वनाथन आनंद ने चेन्नई में मैग्नस कार्लसन को अपना विश्व खिताब गंवा दिया था, उसी समय स्कूली छात्र अरविंद शहर के दूसरी ओर एक अंतरराष्ट्रीय ओपन प्रतियोगिता में ध्यान आकर्षित कर रहे थे। यह वही टूर्नामेंट था जहां अरविंद ने ओपन स्पर्धा जीतकर अपना पहला ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया था और तब से पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह 2015 में ग्रैंडमास्टर बन गए और लगातार सुधार कर रहे हैं। 2019 में अरविंद ने क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में इंडियन ओपन जीता और यह दुर्लभ उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय बने। पिछले नवंबर में उन्होंने आखिरकार चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट जीता और 2700 ईएलओ रेटिंग को पार किया।


**पश्चिम मध्य रेल**

**शुद्धि सूचना क्र.-1, दिनांक: 04.02.2025**
**संख्या: जेबीपी/एलसी/टी/2025/01**

(1) **मद:** निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय, **IREPS की वेबसाइट पर NIT:** JBP/LC/T/2025/01, दिनांक: **13.02.2025:** 07.03.2025 upto 15:00 hrs. **IREPS पर संशोधित दिनांक:** 17.03.2025 upto 15:00 Hrs. शेष वस्तुएँ यथावत एवं अपरिवर्तित रहेंगी।

(हस्ता.)
EEE (C), प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **(1) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-39-2025, दिनांक: 04/03/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (पश्चिम) अनुभाग के अधीन बीना-कटनी सेक्शन में टीबीआर 46.40 किमी का कार्य. **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹3,43,71,360/- **बयाना राशि:** ₹ 3,21,900/- **समापन अवधि:** 12 माह **(2) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-40-2025, दिनांक: 04/03/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सहायक मंडल इंजीनियर दमोह सेक्शन के अंतर्गत तीसरी लाइन के किमी (1114.34 से 1127.074) के मध्य कुल 12.734 किमी पर विविध पी. वे रखरखाव कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹64,31,345/- **बयाना राशि:** ₹ 1,28,600/- **समापन अवधि:** 24 माह **(3) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-41-2025, दिनांक: 06/03/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सहायक मंडल अभियंता, कटनी अनुभाग के अंतर्गत तीसरी लाइन न्यू मझगवां फाटक – सलैया में बचे हुए कार्यों का विविध पी. वे रखरखाव कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹1,06,45,832/- **बयाना राशि:** ₹ 2,03,200/- **समापन अवधि:** 12 माह **(4) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-42-2025, दिनांक: 06/03/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** मंडल अभियंता (पूर्व) के अधिकार क्षेत्र में कटनी-सिंगरौली सेक्शन पर विभिन्न ट्रैक नवीनीकरण कार्यों से सम्बंधित में विभिन्न स्थानों पर सेस का चौड़ीकरण/मरम्मत कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹3,28,74,316/- **बयाना राशि:** ₹ 3,14,400/- **समापन अवधि:** 15 माह **(5) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-43-2025, दिनांक: 06/03/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** मंडल अभियंता (पूर्व) के अधिकार क्षेत्र में कटनी-सिंगरौली सेक्शन पर विभिन्न ट्रैक नवीनीकरण कार्यों के संबंध में नाली निर्माण/ नाली सुधार का प्रावधान। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹65,45,110/- **बयाना राशि:** ₹ 1,30,900/- **समापन अवधि:** 12 माह **(6) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-44-2025, दिनांक: 06/03/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** मंडल अभियंता (पूर्व) के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न ट्रैक नवीनीकरण कार्यों से सम्बंधित में सिंगल शॉट क्रूसिबल के साथ 52Kg/60Kg/90 UTS रेल इन -सीटू की वेल्डिंग। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹1,09,62,786/- **बयाना राशि:** ₹ 2,04,800/- **समापन अवधि:** 18 माह. **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि का समय 15.00 बजे तक:** टेंडर नं. 1, 2, 3, 4, 5 व 6 के लिए तिथि- 01.04.2025 **निविदा खुलने की अंतिम तिथि का समय 15:15 बजे:** टेंडर नं. 1, 2, 3, 4, 5 व 6 के लिए तिथि- 01.04.2025. उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

(हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

### एक लाख 41 हजार से अधिक मामले समझाइश से हुए निराकृत

# नेशनल लोक अदालत में सहज, सुलभ व त्वरित न्यायदान का रचा प्रतिमान

▶ छह अरब 17 करोड़ से अधिक का मुआवजा वितरित

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की मुख्यपीठ जबलपुर, इंदौर व ग्वालियर खंडपीठों सहित राज्य की सभी अधीनस्थ अदालतों में शनिवार को एक साथ नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में सुबह से शाम तक समझाइश व समझौते के जरिए एक लाख 41 हजार से अधिक मामलों का निराकरण किया गया। इस दौरान छह अरब 17 करोड़ रु से अधिक का मुआवजा वितरित किया गया। इस तरह एक बार फिर नेशनल लोक अदालत ने सहज, सुलभ व त्वरित न्यायदान का प्रतिमान रचा।



**हरिभूमि जबलपुर।**

वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन के तीन लाख 48 हजार 533 मामले रखे गए थे। जिनमें से एक लाख छह हजार 86 मामले निराकृत हुए। इस प्रक्रिया में 13 अरब से अधिक मुआवजा वितरित हुआ। इसी तरह अदालतों में लंबित 70 हजार 29 मामले रखे गए थे, जिनमें से 35 हजार 103 मामले सुलहपूर्वक निपट गए। चार अरब से अधिक का मुआवजा वितरित हुआ। इस तरह कुल चार लाख 18 हजार 562 मामलों में से एक लाख 41 हजार 189 मामले निराकृत करके छह अरब से अधिक का मुआवजा वितरित करने का रिकार्ड बना लिया गया।

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव प्रदीप मित्तल ने बताया कि हाई कोर्ट की तीनों बेंच में आठ खंडपीठ और राज्य की अधीनस्थ अदालतों में 1430 खंडपीठ सुनवाई के लिए गठित की गई थीं। इस तरह कुल 1438 खंडपीठों ने सुनवाई कर सुलह योग्य प्रकरणों को निराकृत कर दिया।

### मोटर दुर्घटना प्रकरण का 48 और 36 लाख में हुआ समझौता

मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित सुनीता वर्मा विरुद्ध रामबाबू राजपूत व अन्य के मामले का पक्षकारों के मध्य समझौते के जरिए निराकरण हुआ। बीमा कंपनी आइसीआइसीआइ लोंबार्ड जनरल कंपनी राशि देने तैयार हो गई। आवेदक की ओर से अधिवक्ता नितिन कुमार गुप्ता ने पक्ष रखा। बीमा कंपनी की ओर से अधिवक्ता आदित्य नारायण शर्मा खड़े हुए। इसी तरह मोटर दुर्घटना के अन्य प्रकरण मिथलेश तिवारी विरुद्ध फिरोज खान व अन्य में 36 लाख की राशि पर समझौता हो गया। बीमा कंपनी नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड मुआवजा देने तैयार हो गई। आवेदक का पक्ष अधिवक्ता नितिन कुमार गुप्ता व बीमा कंपनी का पक्ष अधिवक्ता विनोद कुमार त्रिपाठी ने रखा।

## ट्रक की टक्कर से रोड पार कर रहे वृद्ध की मौत

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत जिलेटिन फैक्ट्री के सामने नेशनल हाईवे रोड पार कर रहे एक वृद्ध को एक ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कूड़न भेड़ाघाट निवासी 64 वर्षीय द्वारका प्रसाद साहू गत शाम लगभग 5.30 बजे पैदल आमाहिनौता तरफ से घर आने के लिए जिलेटिन फैक्ट्री के सामने नेशनल हाईवे रोड पार हो रहे थे तभी शहपुरा तरफ से आ रहा आईसर ट्रक क्रमांक एमपी 09 डीएफ 3859 के चालक ने द्वारका प्रसाद को टक्कर मार दी, जिससे द्वारका के सिर पर गंभीर चोटें आ गई। वहीं ट्रक चालक मौके से ट्रक छोड़कर भाग गया। घायल द्वारका प्रसाद को उपचार के बेटे मनोज साहू द्वारा मेडिकल कालेज लेकर गये जहां डाक्टर ने चैक कर द्वारका प्रसाद साहू को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 106(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



### कोर्ट द्वारा नियुक्त कमिश्नर मौके पर पहुंचे

# सेना की आपत्ति के बाद अब बाउंड्री वॉल निर्माण की जांच

**जबलपुर।** कैंटोनमेंट क्षेत्र के यादगार चौक के पास स्थित मल्होत्रा कंपाउंड में बाउंड्री वॉल निर्माण को लेकर सेना की आपत्ति के बाद शनिवार को एमपी हाईकोर्ट के आदेश पर नियुक्त कमिश्नर ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान कैंट बोर्ड, डीईओ और सैन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

सूत्रों के अनुसार, बंगला नंबर दो मल्होत्रा कंपाउंड में चल रहे चारदीवारी निर्माण को लेकर सेना को आपत्ति थी, जिसके बाद मामला एमपी हाईकोर्ट में पहुंचा। कोर्ट ने सुनवाई के बाद 5 मार्च को अधिवक्ता सौरभ सोनी को कमिश्नर नियुक्त किया था और उन्हें मौके पर जाकर स्थिति का अवलोकन करने तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था।

शनिवार सुबह कोर्ट द्वारा नियुक्त कमिश्नर सौरभ सोनी मल्होत्रा कंपाउंड पहुंचे। इस दौरान कैंट बोर्ड के इंजीनियर अनुराग आचार्य, डीईओ रवि कुमार और सैन्य अधिकारी भी मौजूद थे। मल्होत्रा कंपाउंड के लीज होल्डर डॉ. राहुल मल्होत्रा ने बताया कि बाउंड्री वॉल का निर्माण पूर्व में निर्धारित स्थान पर ही किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत नक्शे में बाउंड्री वॉल पहले से शामिल है, और जहां दीवार टूटी है, केवल उसी स्थान की मरम्मत की जा रही है।

## जुआ के फड़ पर छापा, 7 जुआड़ी से 42 हजार जब्त

जबलपुर। बरेला पुलिस ने गत रात मुखबिर की सूचना पर वार्ड नंबर 6 बरेला में एक जुए के फड़ पर छापा मारकर 7 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 42 हजार 20 रुपए जब्त किए है। बरेला थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि गत रात वार्ड नंबर 6 बरेला निवासी राहुल बर्मन अपने घर के सामने योगी जाट, आकाश बर्मन, राहुल बर्मन, दीपक चक्रवर्ती, पवन चक्रवर्ती, गौरव दुबे, और सलीम खान को जुआ मन्ना खेलते हुए गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ताश के 52 पत्ते तथा 42 हजार 20 रूपये जप्त की है। पुलिस ने सभी जुआड़ियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।



### राजस्व अधिकारियों की बैठक संपन्न

# फर्जी जाति प्रमाण पत्र के संबंध में जांच रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करें: कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में शनिवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इसमें उन्होंने राजस्व वसूली, नक्शा बटांकन, आधार से आरओआर लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री, बंटवारा, नामांतरण, सीमांकन, धारणाधिकार तथा आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देशति किया कि राजस्व के कार्यों में प्रगति लायें, इसमें लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इसके साथ ही कहा कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को गंभीरता से लें और उनका निराकरण करें। प्रकरणों के निराकरण से जिले की रैंकिंग में सुधार होगी। इस दौरान कलेक्टर श्री सक्सेना ने एक-एक प्रकरणों की समीक्षा कर उनके निराकरण के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम और तहसीलदार फील्ड विजिट करें और अपने-अपने कार्य को देखें। पेंडिंग प्रकरण न बढ़े इसके लिए लगातार उनके निराकरण करते रहें।

कलेक्टर श्री सक्सेना ने विशेष रूप से कहा कि जिले में फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाने वाले रैकेट पर तगड़ी कार्यवाही करे। फर्जी हस्ताक्षर व फर्जी आदेश पर तत्काल एफआईआर दर्ज करायें। शासकीय प्रक्रिया में जहां कहीं भी फर्जी कागजात मिले तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों की जांच करें, यदि फर्जी है तो इसमें संलिप्त व्यक्तियों पर प्रभावी कार्यवाही करें। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि विशेष रूप से जाति प्रमाण पत्र के संबंध में शीघ्रता से जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके साथ ही फार्मर रजिस्ट्री, बंटवारा, नामांतरण, सीमांकन, आरओआर लिंकिंग में कम प्रगति लाने वाले तहसीलदारों को नोटिस जारी करें। रांझी में फर्जी जाति प्रमाण पत्र के मामले में आवश्यक कार्यवाही करें।

बैठक में राजस्व प्रकरणों के साथ अन्य विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह, नाथूराम गौड़ सहित सभी राजस्व अधिकारी मौजूद थे।

## चना, मसूर एवं सरसों की फसल का पंजीयन 10 मार्च तक

**जबलपुर।** राज्य सरकार द्वारा जारी उपार्जन नीति के अनुसार रबी वर्ष 2024-25 में चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन के लिए किसान 10 मार्च तक अपना पंजीयन करा सकेंगे। चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन के लिए जिले में किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया 20 फरवरी से प्रारंभ की गयी थी। इन फसलों के उपार्जन की अवधि 25 मार्च से 31 मई तक निर्धारित की गई है। उप संचालक कृषि डॉ.एस के निगम ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा रबी वर्ष 2024-25 (विपणन वर्ष 2025-26) के लिये औसत अच्छी गुणवत्ता के चना, मसूर एवं सरसों का समर्थन मूल्य क्रमशः 5 हजार 650 रुपए प्रति क्विंटल, 6 हजार 700 रुपए प्रति क्विंटल एवं 5 हजार 950 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। डॉ.निगम के मुताबिक किसान गेहूं पंजीयन केन्द्रों के साथ-साथ एम पी किसान एप, एम पी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र, साइबर कैफे एवं स्वयं के मोबाइल के माध्यम से भी चना, मसूर एवं सरसों के लिये पंजीयन करा सकते हैं। सिकमी एवं बटाईदार श्रेणी के किसानों का पंजीयन सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केंद्रों पर किया जाएगा। उप संचालक कृषि ने बताया कि पंजीयन के समय किसानों को बैंक खाता नम्बर एवं आईएफएससी कोड तथा भूमि के अभिलेख खसरा बी-1 एवं सिकमीनामा की जानकारी अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानी होगी। उपसंचालक कृषि ने पंजीयन हेतु किसानों से आधार नंबर से बैंक खाता एवं मोबाइल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखने की अपील की है। उन्होंने बताया कि गेहूँ उपार्जन की भांति चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन के लिये भी स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था रहेगी।

# उमरिया-डुंगरिया औद्योगिक क्षेत्र की बदलेगी तस्वीर

बुनियादी सुविधाओं के लिए 15 करोड़ के होगे विकास कार्य

**जबलपुर।** जिले के उमरिया-डुंगरिया औद्योगिक क्षेत्र को नया रूप मिलेगा। डेढ़ दशक पहले स्थापित इस औद्योगिक क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की कमी को दूर करने के लिए विकास कार्य किए जाएंगे। पिछले कुछ वर्षों से यहां की सड़कों और ड्रेनेज सिस्टम की हालत खराब हो गई है, जिससे उद्योगपतियों को निवेश करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। यही कारण है कि कई निवेशक यहां आने से हिचकिचा रहे थे। अब, मध्यप्रदेश इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट कारपोरेशन (एमपीआइडीसी) ने इस क्षेत्र के उन्नयन के लिए 15 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है।

गौरतलब है कि इस औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना 2008 में की गई थी और 2010 में यह पूरी तरह से तैयार हो गया था। इसके बाद से यहां छोटे-बड़े उद्योगों की स्थापना का सिलसिला शुरू हुआ। वर्तमान में इस क्षेत्र के फेज 1 और 2 में 80 से अधिक उद्योग काम कर रहे हैं, जिनमें हाल ही में एक शीतल पेय बनाने वाली कंपनी ने अपना प्लांट भी शुरू किया है। अब, फेज 2 का विस्तार भी किया जा रहा है, जिससे नए उद्योगपतियों के लिए अधिक भूखंड उपलब्ध हो सकेंगे।

### बुनियादी सुविधाएं होंगी विकसित

इस औद्योगिक क्षेत्र में वर्तमान में भूखंडों की कोई उपलब्धता नहीं है, क्योंकि सभी भूखंड नए उद्योगपतियों द्वारा बुक कर लिए गए हैं। हालांकि, यहां की सड़कें और मुख्य मार्ग जर्जर हो चुके हैं, क्योंकि भारी वाहनों का आना-जाना होता है और कई जगहों पर सड़कों की उम्र पूरी हो गई है। इसके साथ ही, स्ट्रीट लाइट भी खराब हो गई हैं, जिससे क्षेत्र में अंधेरा छाया रहता है। अब इन सभी बुनियादी समस्याओं को हल करने के लिए 15 करोड़ 2 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है, और जल्द ही विकास कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### बेहतर औद्योगिक माहौल देने का प्रयास

एमपीआइडीसी के कार्यकारी संचालक सृष्टि प्रजापति ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य औद्योगिक क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं में सुधार करना है, ताकि निवेशकों को बेहतर परिवहन और आधारभूत संरचना मिले। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भी इस बात पर जोर दिया गया था कि औद्योगिक क्षेत्रों के माहौल को सुधारा जाए, जिससे व्यापारियों और उद्यमियों को बेहतर कार्य वातावरण मिल सके।

# मुंबई फ्लाइट बंद करने में प्रावधानों की अनदेखी

**जबलपुर।** इंडिगो ने जबलपुर से मुंबई के लिए फ्लाइट 30 मार्च से बंद करने के निर्णय के पीछे पर्याप्त कारण नहीं बताये है, यह रेग्युलेटरी प्रावधानों की अनदेखी है, अतः डायरेक्टर जनरल सिविल एविएशन (नई दिल्ली) तत्काल कार्रवाई कर इस निर्णय को स्थगित करने हेतु इंडिगो को निर्देश जारी करे, जैसा कि भोपाल में डीजसीए ने वर्ष 2024 में किया है। यह ईमेल नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने आज डीजीसीए को भेजा है।

भोपाल की तर्ज पर इंडिगो के निर्णय पर कार्रवाई की मांग



डॉ पीजी नाजपांडे ने बताया कि एयर क्राफ्ट नियम 1937 के तहत बनाए गए रेग्युलेटरी प्रावधानों में उड़ाने बंद करने पर पर्याप्त कारण बताना चाहिए, ऐसे निर्देश है। इसलिए भोपाल में वर्ष 2024 में फ्लाइट्स के बाबद डीजीसीए ने हस्तक्षेप किया था। नतीजन भोपाल में फ्लाइट्स बरकरार रखी गई। रजत भार्गव, टीके रायघटक, सुभाष चंद्रा, संतोष श्रीवास्तव, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, एड.जीएस सोनकर, हरजीवन विश्वकर्मा, दिलीप कुंडे, लखन लाल प्रजापति आदियों ने डीजीसीए पर आरोप लगाया कि जबलपुर के फ्लाइटस के बाबद यह डीजीसीए संगठन हमेशा चुप्पी साधता है। लेकिन भोपाल, इंदौर, आदियों के बाबद तत्काल कार्रवाई करता है। यह दोहरा मापदंड है।

### दिन में गर्मी, रात में ठंड का जलवा बरकरार

# पारे में धीरे-धीरे आ रहा उछाल

**जबलपुर।** एक बार फिर पश्चिमी विक्षोप सक्रिय हो जाने से दिन के तापमान में धीरे धीरे उछाल आने लगी है जबकि रात के पारे में गिरावट है। जिससे दिन में गर्मी का रूतवा भारी दिखाई दे रहा है। वही रात में शीतल हवाएं गुलाबी ठंडक दे रही है। आद्रता में हो रही वृद्धि आसमान पर बादलों के लिए अनूरूप स्थितियां पैदा कर रही है। पिछले कई दिनों से आसमान साफ रहने के कारण मौसम का मिजाज शुष्क बना हुआ है। आसमान की रंगत साफ रहने से धूप को फलने-फूलने का पूरा मौसम मिल रहा है। जिससे सूर्योदय के बाद कुछ मिनिटों में ही सूरज की तेज तपिस वातावरण में गर्मी पैदा करने के साथ जीवन को झुलसाने लगती है। दोपहर बाद एक बारगी तो यह एहसास होता है कि ठंड की बिदाई के साथ गर्मी ने दस्तक दे दी है। इस तरह पल-पल बदल रहा मौसम का मिजाज ठंड को स्मृति से ओझल कर देता है। आमतौर पर हर वर्ष होली के आसपास मौसम का मिजाज बदली और बारिश वाला हो जाता है। यदि बर्फबारी लगातार जारी रही तो उत्तर ले जाने वाली शीतल बयार फिर मौसम का मिजाज ठंडा करने लगेगी। संभाग में फिलहाल उत्तरी पश्चिमी हवाएं 5 से 6 किलोमीटर घंटे की रफ्तार से चल रही है। अधिकतम तापमान 33.02 डिग्री दर्ज किया गया। जो सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा रहा। इसी तरह न्यूनतम तापमान भी 3 डिग्री की गिरावट के साथ 13.6 डिग्री रिकार्ड दर्ज किया गया। प्रातः आद्रता 45 प्रतिशत व शाम को 28 फीसदी रही। सूर्योदय प्रातः 6.24 बजे व सूर्यास्त शाम 6.17 बजे होने का अनुमान है, अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने के आसार है। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 31.1 और न्यूनतम तापमान 13.4 रहा। प्रदेश में सबसे सर्वाधिक डिग्री तापमान 36.5 रतलाम जिले मे और सबसे कम न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री तापमान शहडोल में दर्ज किया गया।



### ओपीडी में मरीजों की संख्या में इज़ाफा

# मौसम में बदलाव से बढ़ रही स्वास्थ्य समस्याएं

**जबलपुर।** मौसम में हो रहे बदलाव का असर शहरवासियों की सेहत पर स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। इन दिनों जबलपुर शहर में हर घर में कोई न कोई बीमार है। सरकारी अस्पतालों से लेकर निजी डॉक्टरों के क्लीनिकों तक मरीजों की संख्या में अचानक बढ़ोतरी देखी जा रही है। खासकर वायरल बुखार, टायफाइड, यूरिन संक्रमण और डेंगू जैसे लक्षणों वाले मरीजों की संख्या में इज़ाफा हुआ है। हालांकि, डेंगू के लक्षण दिखने वाले मरीजों की ब्लड जांच में डेंगू की पुष्टि नहीं हो पा रही है, फिर भी स्वास्थ्य विभाग इन मामलों पर कड़ी नजर बनाए हुए है।




स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय कई मरीजों में चक्कर आने और गिरने की समस्या भी सामने आ रही है, खासकर स्कूली बच्चों में वायरल बुखार और टायफाइड की शिकायत अधिक बढ़ गई है। बच्चों में कमजोरी और बुखार के लक्षण तेजी से फैल रहे हैं। इसके अलावा, कुछ मरीजों में तेज बुखार, पेट में दर्द और शरीर में कमजोरी जैसे लक्षण भी दिखाई दे रहे हैं, जो उन्हें अस्पतालों में भर्ती होने के लिए मजबूर कर रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मौसम में बदलाव के कारण बढ़ रहे संक्रमणों से बचाव के लिए कुछ जरूरी सलाहें दी हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस मौसम में बचाव के लिए मास्क का उपयोग किया जाना चाहिए और शारीरिक दूरी बनाए रखना बेहद जरूरी है। इसके अलावा, शरीर में पानी की कमी न हो, इसके लिए खूब पानी पाना चाहिए, ताकि शरीर हाइड्रेटेड रहे। अगर किसी को तेज बुखार, पेट में दर्द या कमजोरी महसूस हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

गर्मी से बचने के लिए विशेषज्ञ नारियल पानी और गन्ने का रस जैसे प्राकृतिक पेय पदार्थों का सेवन करने की सलाह दे रहे हैं। साथ ही, बुखार आने पर सूरज की सीधी धूप से बचने और शारीरिक आराम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि इस समय शारीरिक आराम और पौष्टिक आहार भी स्वस्थ रहने के लिए बेहद जरूरी है, ताकि शरीर जल्दी से ठीक हो सके और संक्रमण से बचाव हो सके।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240